YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-95 | शुक्रवार, 03 मई 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

400 पार में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है। इसमें एक सीट मीरजापुर की भी है। अपना दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वोट प्रतिशत बढ़ाएं। आप सभी कार्यकर्ताओं के पास विकास के नाम पर बताने के लिए बहुत सी सामग्री है।



अनुप्रिया पटेल

राजनीतिक दल सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं का पंजीकरण बंद करें: चुनाव आयोग 11

भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर साधा 12

दादी के नारे को तोता की तरह रट रहा पोता

# इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार में मुखिया योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद में कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा है। सपा, बसपा व कांग्रेस देश के लिए बोझ है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र की सिरसागंज विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जय श्री राम के उदघोष, सिरसागंज वाले बाबा कालेश्वर व बाबा नीम करौली की पावन जनस्थली को नमन करते हुए हुए कहा कि दो चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण में आपको मतदान करना है। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर



### योगी का खड़गे पर पलटवार, कहा- सनातन का अपमान कर रही कांग्रेस का जनता करेगी विसर्जन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के भगवान राम पर दिए गए बयान पर गुरुवार को पलटवार किया। उन्होंने इसे सनातन परंपरा पर ठेस और अपमानित करने वाला बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम और शिव को एक-दूसरे का विरोधी बताने वाली कांग्रेस हमेशा बांटो और राज करो की नीयत से काम करती आई है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने शिव की आराधना की। भगवान शिव ने भी राम की उपासना की। ● शेष पेज 11 पर

## मैनपुरी में सीएम योगी ने किया भव्य रोड शो

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख मैनपुरी के मतदाताओं के मनोभाव जुबां पर आ गए। योगी सरकार के पर्यटन मंत्री व मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में जब योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया तो मतदाताओं ने 'बुलडोजर बाबा' को विश्वास दिलाया कि मैनपुरी अब आपके पास। सात मई-मैनपुरी से सपा गई। चिलचिलाती धूप में भी सड़कों पर योगी के स्वागत में मैनपुरी का आम जनमानस उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व 'कमल के फूल' का कटआउट लेकर रोड शो के पूरे रास्ते आमजन चलते रहे। सपा के गढ़ में घर-घर की छतों से एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा हुई तो वहीं दूसरी तरफ भारत माता की जयकार गूंज रही थी। लगभग एक घंटे के रोड शो में हर तरफ 'योगी-योगी' ही होता रहा। आर्य समाज परिसर से भावंत चौराहे तक निकले रोड शो में सड़कों पर कई बुलडोजर खड़े रहे।



- मतदाताओं ने योगी को दिलाया विश्वास-मैनपुरी अब 'आपके पास'
- मुख्यमंत्री योगी ने यूपी के पर्यटन मंत्री व मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए किया रोड शो
- नन्हें-मुन्नों में भी दिखी सीएम योगी के प्रति दीवानगी
- सपा को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए योगी

कानून व्यवस्था के पर्याय बुलडोजर पर खड़े ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री का रोड शो कानपुर में रचेगा इतिहास

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

कानपुर। चार मई को सायं पांच बजे कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम रोड शो के दौरान शहर की जनता पीएम मोदी का ऐतिहासिक स्वागत करेगी। गुरुद्वारे में माथा टेक कर पीएम मोदी रोड शो की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी कानपुर में गुरुद्वारे में माथा टेकने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे। रोड शो के दौरान सड़कों पर जन सैलाब दिखाई देगा जो एतिहासिक होगा। यह बातें गुरुवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा दक्षिण के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि जनता मोदी की एक झलक पाने के लिए बहुत उत्सुक है। पार्षद ,नेता और पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को पीले चावल देकर पीएम मोदी के रोड शो में आने का निमंत्रण देंगे। लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नजदीक से देखने, मिलने के लिए सड़क किनारे 40 ब्लॉक बनाए जायेंगे। प्रत्येक ब्लॉक में एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। सभी ब्लॉकों में पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। किसी की अचानक तबियत बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा देने के लिए चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। वहीं तीन तलाक से निर्णय से प्रसन्न मुस्लिम ● शेष पेज 11 पर

**रोड शो**

- रोड शो में दो लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद
- मठ मंदिरों के धर्माचार्य,धर्म प्रमुख सहित मुस्लिम महिलाएं भी करेंगी स्वागत

## प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ

पटना/सारण। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं। राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कंाग्रेस की सरकारों को आपने देखा है। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए। उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है। ये हमारी ताकत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है। रूड़ी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं। रूड़ी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए। रूड़ी ● शेष पेज 11 पर



## चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण 18 लाख पार, मई तक फुल

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। गुरुवार को पंजीकरण का आंकड़ा 18 लाख के पार पहुंच गया है। इनमें यमुनोत्री के लिए 299369, गंगोत्री के लिए 338202, श्री केदारनाथ के लिए 651193, श्री बद्रीनाथ के लिए 550710 तथा हेमकुंड साहिब के लिए 33768 पंजीकरण हुए हैं। कुल 1873242 श्रद्धालु अब तक पंजीकरण करा चुके हैं। चारधाम यात्रा के दौरान लोगों को दिक्कत न हो और श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। इसके लिए उत्तराखंड टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से रोजाना रजिस्ट्रेशन की संख्या तय कर दी गई है। इसके तहत केदारनाथ यात्रा के लिए 18 हजार, बद्रीनाथ के लिए 20 हजार, गंगोत्री के लिए 11 हजार, जबकि यमुनोत्री के लिए नौ हजार अधिकतम श्रद्धालु प्रतिदिन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

## संक्षेप

### अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की ओर से जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप है जो कभी सफल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आयोग पक्षपातीसंगठन है जिसका अपना राजनीतिक एजेंडा है। यह वार्षिक रिपोर्ट के बहाने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करता रहा है। हमें इस इस आयोग से यह उम्मीद नहीं है कि वह भारत के विविधतापूर्ण बहुलतावादी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कभी समझने का प्रयास भी करेगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े चुनावी आयोजन में हस्तक्षेप की कोशिश है जो कभी सफल नहीं होगी। प्रवक्ता से जब यह पूछा गया कि क्या वह अमेरिका पर चुनाव में हस्ताक्षर करने का आरोप लगा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के हर पेज पर नजर डालने से स्थिति स्वयं स्पष्ट हो जाती है।

### भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की गोलीबारी में एक घुसपैठिया मारा गया

जम्मू। जम्मू संभाग के सांबा जिले की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया है। बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के आईजी डीके बूरा ने कहा कि बीएसएफ की 125वीं वाहिनी के जवानों ने बुधवार रात सांबा में रीगल पोस्ट की जीरो लाइन के पास सीमा पर कुछ हलचल देखी और उस पर नजर रखी। इस दौरान जवानों ने एक घुसपैठिए को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा और ललकारा। ऐसा करने पर भी जब घुसपैठिया नहीं रूका तो जवानों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस कार्रवाई में घुसपैठिया मौके पर ढेर हो गया।घुसपैठिये से कोई बड़ी बरामदगी नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि उसे सिर्फ रेकी के लिए भेजा गया था।

## महाराष्ट्र में पांच चरण में मतदान कराने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद: शरद पवार

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कंाग्रेस पार्टी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि देश में सात चरणों और महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव करवाने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद है। इसके साथ ही चुनाव में मतदान का प्रतिशत घटना और भी चिंताजनक है।

एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार से नाराज है, इसी वजह से उनकी भीड़ हमारी सभाओं में दिखती है। मोदी को महाराष्ट्र में पिछले साल की तुलना में कम सीटें मिलेंगी। गर्म मौसम का असर मतदान पर पड़ रहा है। चुनाव आयोग को इस दिशा में उपाय योजना करने की जरुरत है। शरद पवार ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव क्यों कराये? इसका समाधानकारक उत्तर चुनाव आयोग नहीं दे सका है। महाराष्ट्र में भी इससे पहले कभी पांच चरण का मतदान नहीं हुआ था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अलग-अलग चरणों में चुनाव क्यों? एक चरण में भी चुनाव कराए जा सकते थे। मोदी बार-बार महाराष्ट्र आ रहे हैं ताकि उन्हें ज्यादा जगहों पर जाने का मौका मिल सके, जानबूझ कर पांच चरणों में चुनाव कराए गए।

शरद पवार ने दावा किया कि मतदान प्रतिशत कम होना भी चिंताजनक है। गर्म मौसम का असर है। शहरी मतदान में महाराष्ट्र के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। लोग मोदी सरकार से नाराज हैं। लोग हमारे दौरे में हिस्सा ले रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल शरद पवार, उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हैं। मोदी के पास लोगों ● शेष पेज 11 पर



- देश की जनता मोदी सरकार से नाराज है, इसी वजह से उनकी भीड़ हमारी सभाओं में दिखती है।

## भ्रष्टाचारियों का कुनबा बना इंडी गठबंधन, आधे बेल पर व आधे जेल में : जेपी नड्डा


पटना/अररिया । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में कंाग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने राजद का मतलब रिश्वतखोर, जंगलराज व दलदल बताया। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं। ये लोग हर तरह का हथकंडा अपनाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा यहां एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन को राम विरोधी और देश विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इन लोगों को राम मंदिर के परेशानी थी। मोदी के प्रयास से राम मंदिर बनवाया गया। नरेन्द्र मोदी देश की सेवा दस साल से कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है तो दूसरी आरे राजद और कंाग्रेस है, यह परिवार कुशासन की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के वक्त अमेरिका भी समझ नहीं पाया कि लॉकडाउन लगाए या हटाएं, लेकिन मोदी ने कड़ाई से लॉकडाउन का पालन कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# सनातन का अपमान सपा व इंडी गठबंधन की पहचान : अमित शाह

एजेंसी

बरेली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन का अपमान एवं अपराधियों का सम्मान ही सपा और इंडी गठबंधन की पहचान बन गई है। इसीलिए इन्हें नकार कर पूरा उत्तर प्रदेश मोदी के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकार कर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। केन्द्रीय गृहमंत्री बरेली के श्री रामलीला मैदान निकट हार्टमैंन कॉलेज में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि दो चरण के चुनाव के बाद, कंाग्रेस पार्टी दूरबीन लेकर देखने पर भी नज़र नहीं आ रही है। मोदी जी सेंचुरी मारकर 400 के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। 10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी, जिन्होंने 10 साल में यूपी को मात्र 4 लाख करोड़ रुपये दिये थे। मोदी जी ने 10 साल में यूपी को 18 लाख करोड़ रुपये दिये हैं।

सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश बाबू ने एक ही परिवार में पांच-पांच ● शेष पेज 11 पर



- अखिलेश बाबू ने एक ही परिवार में पांच-पांच टिकट दे दिए। सपा के शासन में पूरे उत्तर प्रदेश में कट्टे बनाने के कारखाने थे।

### कांग्रेस सपा राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखना चाहती थी: शाह

बदायूं। गृहमंत्री अमित शाह बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने गुरुवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज पहुंचे। अमित शाह ने कहा कि 70 साल से सपा, बसपा, कांग्रेस राममंदिर को लटकाकररखे हुए थी। आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो पांच साल में ही केस जीता और 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव, डिंपल यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को भी निमंत्रण दिया था,लेकिन वह वोट बैंक के डर से नहीं गए। वह नहीं गए। सपा कांग्रेस अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनको डरना है तो डरें । उनका डर उनको मुबारक। हम भाजपा वाले उस वोटबैंक से नहीं डरते हैं। हमने रामलला को ● शेष पेज 11 पर

# हिंदुओं की आस्था में भेद करने का कांग्रेस ने किया दुस्साहस : मोदी

एजेंसी

**सुरेन्द्रनगर, जूनागढ़ और जामनगर में कांग्रेस पर प्रधानमंत्री ने किया हमला**

सुरेन्द्रनगर/जूनागढ़/जामनगर, । गुजरात में तूफानी चुनाव प्रचार करने निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे दिन आणंद, सुरेन्द्रनगर, जूनागढ़ और जामनगर में चुनावी सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर जमकर निशाना साधते हुए हिंदुओं के देवी-देवताओं में भेद करने पर आलोचना की। कंाग्रेस पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। साथ ही मोदी ने कहा कि कंाग्रेस जब तक देश की सत्ता संभाल रही थी, देश की सुरक्षा व्यवस्था भी दांव पर थी। उन्होंने जामनगर में वहां के पूर्व महाराजा जामसाहब से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुरेन्द्र नगर की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों जिन्होंने उन्हें जन्म दिया, जीवन दिया उनके समक्ष अपने 10 साल के काम का रिपोर्ट कार्ड लेकर आशीर्वाद लेने आया हूं। देश पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले से शर्मसार था। कंाग्रेस ने जल, थल, नभ में हजारों लाखों करोड़ रुपये के घोटाले किए थे। राम मंदिर के लोगों ने कंाग्रेस के घर जाकर निमंत्रण दिया लेकिन उन्होंने निमंत्रण को ठुकरा दिया। कंाग्रेस ने हिंदुओं की आस्था में भी भेद करने का दुस्साहस किया है। कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंभीर विषय को छेड़ा है। उन्होंने भगवान राम और भगवान शिव के संबंध में खतरनाक बयान दिया है। यह खराब इरादे से दिया गया बयान है, हिंदू समाज को बांटने के लिए खेल खेला गया है। उन्हें राम भक्तों और शिव भक्तों में भेद दिखाई देता है, वे लड़ाना चाहते हैं। हजारों हजार साल से चलती आ रही हमारी महान परंपरा में राम, कृष्ण, शिव हैं, इसे कोई तोड़ नहीं सका है। इस परंपरा को मुगल भी नहीं तोड़ पाए, उसे कंाग्रेस तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस तुष्टिकरण के लिए कितना नीचे जाएगी। जो राम को खत्म करने को निकला था, उसका क्या हश्र हुआ था। कंाग्रेस के शहजादे ने भी शक्ति के विनाश करने को बात कही थी। यह शक्ति स्वरूपा माता-बहनें बैठी हैं, हम शक्ति के उपासक हैं। हम अंबा, चामुण्डा, चोटिला के लोग उपासक हैं। कोई दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती की उपासना करते हैं। शक्ति की उपासना करने वाले हम लोग हैं, क्या हम शक्ति का विनास करने वालों, राम और शिव के बीच भेद करने वाले लोग को स्वीकार करेंगे। कंाग्रेस हमेशा से रांग डिलिवरी वाली पार्टी है। देश को आजादी दिलानी ● शेष पेज 11 पर



- इंडी गठबंधन ने लोगों को वोट जेहाद के लिए उकसाया है। इंडी गठबंधन ने मुसलमानों को एकजुट होकर वोट देने को कहा है।
- पीएम ने जाम नगर के पूर्व महाराजा से की मुलाकात

# बृजभूषण की शरण में भाजपा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह की शरण लेनी ही पड़ी। भाजपा को कैसरगंज से बृजभूषण सिंह के विकल्प के तौर पर कोई प्रत्याशी नहीं मिला। आखिरकार भारतीय जनता पार्टी को बृजभूषण सिंह के बेटे करनभूषण सिंह को लोकसभा का टिकट देना पड़ा। गुरूवार को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय से जारी सूची में करनभूषण सिंह को कैसरगंज से लोकसभा उम्मीदवार बनाये जाने की आधिकारिक घोषणा की गयी। करण भूषण सिंह 03 मई को कैसरगंज से नामांकन दाखिल करेंगे। उनके समर्थकों ने उनके नाम से चार सेट में पर्चा खरीद लिया है। पांचवे चरण के चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 03 मई है। इसलिए वह कल नामांकन करेंगे।

कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। इसके बाद भाजपा की देशभर में फजीहत भी हुई। इसके बाद से यह आशंका जताई जा रही थी कि बृजभूषण सिंह को भाजपा लोकसभा का टिकट नहीं देगी। बृजभूषण सिंह का कैसरगंज लोकसभा के साथ-साथ आसपास के जनपदों में भी प्रभाव है। वह गोण्डा से भी सांसद रह चुके हैं। उनके बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह गोण्डा सदर विधानसभा से भाजपा के विधायक हैं। अब उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से उम्मीदवार बनाया गया है। करण भूषण सिंह ने विदेश से पढ़ाई की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। वह डबल ट्रैप शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं।

बृजभूषण ● शेष पेज 11 पर



- करण भूषण सिंह कैसरगंज से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

# उप सेना प्रमुख ने आईआईटी कानपुर की रक्षा तकनीकों की ली जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। रक्षा तकनीकों की जानकारी के लिए उप सेना प्रमुख की अगुवाई में सैन्य अधिकारियों ने कानपुर आईआईटी का दौरा किया। इस यात्रा ने सेना के अधिकारियों और आईआईटी कानपुर के रक्षा-संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले फैकल्टी सदस्यों के बीच गहन चर्चा की सुविधा प्रदान की। इसके साथ ही भारतीय सेना के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने के लिए संभावित सहयोग की खोज पर ध्यान केंद्रित किया गया। संस्थान के प्रोफ़ेसरों ने संस्थान में चल रही रक्षा परियोजनाओं का अवलोकन प्रदान करके आईआईटी कानपुर की अनुसंधान क्षमताओं का प्रदर्शन किया। महत्वपूर्ण विकास के लिए रणनीतिक साझेदारी बनाने के उद्देश्य से लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम, उप सेना प्रमुख (वीसीओएएस), एडीजी मेजर जनरल



सी.एस. मान और अन्य उच्च पदस्थ सेना अधिकारियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर का दौरा किया। अतिथियों का स्वागत आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफ़ेसर मनिन्द्र अग्रवाल और प्रोफ़ेसर कंतेश बलानी, फैकल्टी-इंचार्ज आर्मी सेल आईआईटी कानपुर ने किया। फैकल्टी सदस्यों ने सेना के अधिकारियों को विभिन्न नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिसमें एक सबस्टेशन निरीक्षण रोबोट, सटीक मार्गदर्शन किट के लिए एक जनरेटर, उच्च ऊंचाई वाले लॉजिस्टिक्स और ईवीटीओएल समाधान, क्वाड्रूपेड और रोटरी रोबोट और कामिकेज़ ड्रोन शामिल हैं। आईआईटी कानपुर में स्थापित तीन स्टार्टअप ने भी उत्कृष्ट नवाचार प्रस्तुत किए, जिसमें उद्यमिता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के केंद्र के रूप में संस्थान की भूमिका पर जोर दिया गया।

भारतीय सेना की टीम ने आईआईटी कानपुर में सी3आई हब और फ्लेक्सई सेंटर का भी दौरा किया। इस यात्रा ने उन्नत अनुसंधान और विकास के माध्यम से देश की रक्षा और सुरक्षा प्रयासों में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले एक प्रमुख संस्थान के रूप में आईआईटी कानपुर की स्थिति को मजबूत से प्रदर्शित किया।

वहीं आईआईटी कानपुर में डीआरडीओ इंडस्ट्री एकेडेमिया सीओई के निदेशक संजय टंडन ने रक्षा और सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में केंद्रित अनुसंधान और सहयोग के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए सीओई के जनादेश के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्योग-अकादमिक साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

# नरेन्द्र मोदी के 400 पार के आह्वान को सफल बनाएं : अनुप्रिया पटेल

एजेंसी

मीरजापुर,। कछवा क्षेत्र के बाड़ापुर, चिड़िया, नारायनपुर तथा सबेसर गांव में भाजपा और अपना दल कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का आह्वान आप कार्यकर्ताओं के बल पर ही किया है। लक्ष्य जरूर बड़ा है परंतु इस लक्ष्य पर काम आप कार्यकर्ताओं को करना है। समन्वय बैठक में उन्होंने कहा कि 400 पार में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है। इसमें एक सीट मीरजापुर की भी है। अपना

**एनडीए के अगले कार्यकाल में दुनिया की सबसे बड़ी एकोनामी वाला देश बनने जा रहा भारत**



दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वोट प्रतिशत बढ़ाएं। आप सभी कार्यकर्ताओं के पास विकास के नाम पर बताने के लिए बहुत सी सामग्री है जैसे मीरजापुर में छह लेन के पुल का शिलान्यास, बरैनी-भटौली तथा चुनार गंगा पुल, मीरजापुर में कई पांटून पुल, मेडिकल कॉलेज, उज्वला योजना आदि। एनडीए के अगले कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि लोगों के बीच में जाएं और सभी लोगों को बूथ तक पहुंचाकर अधिक से अधिक मतदान कराएं।

## हिस्ट्रीशीटर जयप्रकाश उर्फ टाइगर सैनी तमंचे के साथ गिरफ्तार

मुरादाबाद। जिले के थाना ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस ने पीलकपुर गुमानी गांव निवासी जयप्रकाश उर्फ टाइगर सैनी को गुरुवार को फरीद नगर रोड पर पशुपति कॉलोनी के पास से संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपित के पास से तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित टाइगर के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित टाइगर सैनी के खिलाफ गैंगस्टर, धोखाधड़ी सहित कई मुकदमे दर्ज हैं।

# सातों, गांव में बिजली विभाग को बड़े हादसे का इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। रिहाईशी एरिया में एक सप्ताह पहले से विद्युत केबल जमीन पर पड़ी है जिसमें विद्युत आपूर्ति अनवरत जारी है तमाम शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा केबल को दुरुस्त नहीं किया गया है जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष है। विद्युत उपकेंद्र असोथर के नरैनी फीडर से सातों को जाने वाली विद्युत लाइन के माध्यम से सातों के कई गांवों में आपूर्ति की जाती है सातोधरमपुर के लिए खींची गई विद्युत केबल ब्राह्मण टोला में करीब 10 दिन पहले से बिजली के पोल से नीचे जमीन में गिर गयी थी जो जमीन पर रास्ते में पडी हैआम रास्ता होने की वजह से हादसे का खतरा बना है नागरिक और मावेशी यहीं से निकलते हैं स्कूली बच्चे भी गुजरते हैं फिरभी केबल नहीं बांधी गयी नागरिकों ने केवल बांधने के लिए कई दिन पहले शिकायत किये थे दो दिन बाद लाइनमैन रात 9 बजे केवल बांधने के लिए आये



और पप्पू सिंह की दीवाल में कील गाड कर केबल बांधने लगे तो गृहस्वामी के द्वारा मना किया गया इसी वजह से लाइनमैन नाराज होकर चला गया दुबारा नहीं आया और इतनी बात को तोड़-मरोड़ कर अधिकारियों को बताया इस मामले में अवरअभियंता कमल कुमार ने शीघ्र केबल बंधवाने का आश्वासन भले ही दिया है लेकिन मामला तूल पकड़ रहा है उपभोक्ता राम कुमार राकेश सहित कई लोगों का कहना है कि केबल जमीन में पड़ी है बच्चे और मवेशी उसे टच करते हैं

टैक्टर निकालने के लिए केवल हांथ से पकड़ कर उठाना पड़ता है नागरिक परेशान हैं केबल नहीं बांधी गयी तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है चुनाव का समय चल रहा है केबल जमीन पर पड़ी होने की शिकायत भाजपा प्रत्यासी निरंजन ज्योति से की गयी है खबर लिखे जाने तक केबल दुरुस्त नहीं हुई ।

# लोस चुनाव : छोटी काशी से किसे मिलेगा जीत का आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखीमपुर खीरी क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। लखीमपुर को पूर्व में लक्ष्मीपुर के नाम से जाना जाता था। प्रदेश का एकमात्र नेशनल पार्क दुधवा नेशनल पार्क इसी जिले में है। जिले की गोला तहसील में छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध भगवान शिव की नगरी गोला गोकर्णनाथ है। जिसकी देशभर में बड़ी मान्यता है। उप्र की संसदीय सीट संख्या 28 खीरी में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा।

खीरी लोकसभा सीट का इतिहास

पहली बार 1957 में इस सीट से दो सांसद चुने जाते थे। इस चुनाव में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी (पीएसपी) के खुशवंत राय और कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद जीतकर संसद पहुंचे। 1962 में खीरी को एक ही लोकसभा सीट बनाया गया, तब से 1971 तक कांग्रेस नेता बालगोविंद वर्मा को इस सीट से जीते। 1977 में जनता पार्टी के



सूरत बहादुर शाह यहां के सांसद बने। 1980, 84 और 89 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने यहां जीत दर्ज की। 1991 और 1996 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गेंदन लाल कनौजिया को संसद पहुंचने का अवसर मिला। इसके बाद 1998, 99 और 2004 में समाजवादी पार्टी (सपा) ने यहां जीत का झंडा गाड़ा। 2009 में कांग्रेस नेता जफर अली नकवी को जनता का प्यार मिला, जबकि 2014 और 2019 में मोदी लहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से अजय मिश्र 'टेनी' विजयी रहे। इस सीट पर अब तक हुए 16 चुनाव में कांग्रेस 8 बार, सपा 3 बार और भाजपा 4 बार विजय हासिल कर चुकी है। कांग्रेस की ऊषा वर्मा को इस सीट से पहली महिला सांसद निर्वाचित होने का गौरव प्राप्त है। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने अपनी निकटतम प्रत्याशी सपा की डॉ. पूर्वी वर्मा को 2 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। तब भाजपा को 609,589 (53.62 प्रतिशत) और सपा को 390,782 (34.38 प्रतिशत) मत हासिल हुए थे। वहीं कांग्रेस के जफर अली नकवी को 92,155 (8.11 प्रतिशत) वोट मिले। बता दें, इस चुनाव में सपा-बसपा-रालोद का गठबंधन था। 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने बसपा के अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अरविंद गिरि को एक लाख दस हजार से अधिक वोटों से पराजित किया था। भाजपा को 398,578 (36.98 प्रतिशत) और बसपा को 288,304 (26.75 प्रतिशत) मत प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में कांग्रेस के जफर अली नकवी तीसरे स्थान पर रहे। इस सीट पर जीत की हैट्रिक के लिए भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' को मैदान में उतारा है। गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में सपा के उत्कर्ष वर्मा मैदान में है। वहीं बसपा ने अंशय कालरा को टिकट दिया है। खीरी संसदीय सीट में कुल मतदाताओं की संख्या 18.62 लाख है। जातीय समीकरणों की बात करें, तो इस सीट पर लगभग 27 प्रतिशत अनुसूचित जाति के मतदाता हैं, जबकि दो प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति की आबादी है। यदि ओबीसी मतदाताओं की बात करें, तो यहां लगभग 28 फीसद ओबीसी मतदाता निर्णायक साबित होते हैं। इस सीट पर लगभग 20 फीसद मुस्लिम मतदाता भी हैं, जबकि लगभग 18 प्रतिशत सवर्ण आबादी का अनुमान है। वहीं, लगभग ढाई फीसद सिख आबादी भी है। संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं, जिनमें से सिर्फ श्रीनगर विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। वहीं, पलिया, निंघासन,

## जिला बदर अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हाथ

(कानपुर देहात )कैनविज टाइम्स संवाददाता । अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना डेरापुर पुलिस ने एक नफर जिलाबदर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया मालूम हो कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र कानपुर जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना डेरापुर पुलिस टीम ने न्यायालय अपर जिला अधिकारी न्यायिक कानपुर देहात वाद संख्या 123/2022 सरकार बनाम प्रशान्त कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या क्202203400000123 धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1970 में पारित आदेश दिनांक 26.12.2023 द्वारा प्रशान्त पुत्र गिरजाशंकर निवासी ग्राम खालागाँव, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात को जनपद कानपुर देहात की सीमा से 06 माह की अवधि के लिये बाहर चले जाने के सम्बन्ध में पारित आदेश के उल्लघंन में जिला बदर अपराधी प्रशान्त कटियार पुत्र गिरजाशंकर उपरोक्त को लकी ढाबा के पीछे आशीष पाल निवासी कोरौवा के खेत से गिरफ्तार कर लिया .... पुलिस ने बताया है कि अभियुक्त प्रशान्त कटियार उपरोक्त को पूर्व में दिनांक 20.02.2024 को थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा भी गिरफ्तार किया जा चुका है तथा इस सम्बन्ध में मु0अ0सं0- 0037/2024 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम,1970 पंजीकृत किया गया था....गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है... उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी करने मेंउ0नि0 गजेन्द्र पाल सिंह चौकी प्रभारी रसधान, उ0नि0 केशव देव, का0 680 शैलेश कुमार, का0 196 रवि कुमार, का0 85 रामनरेश, 6. का0 733 नीरज कुमार,हे0का0 172 दिनेश प्रताप सिंह, का0 314 कुन्ज बिहारी, का0 891 राजू का सराहनीय योगदान रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

(कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजनेर थाना क्षेत्र के मंगटा गांव में एक 26 वर्षीय युवक ने अपने ही घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटक करके अपनी जान दे दी.घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों के बीच कोराहम मच गया और देखते ही देखते मृतक के घर के इर्द-गिर्द गांव के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची गजनेर पुलिस ने पूरे मामले की काफी गंभीरता से जांच करने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है... वही खबर लिखे जाने तक गजनेर पुलिस मृतक ने किन परिस्थितियों में फांसी लगा करके अपनी आत्महत्या की है इस बिंदु की जांच करने में जुटी है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर गजनेर थाना क्षेत्र के मंगटा गांव निवासी 26 वर्षीय सौरभ पुत्र सुनील कुमार शंखवार ने बुधवार को अपने ही घर के अंदर छत में लगे हुए कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटक कर अपनी आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों के बीच कोराहम मच गया घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची गजनेर पुलिस ने पूरे मामले की जांच करने के बाद मृतक केशव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

## एक दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया

डेरापुर (कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना अध्यक्ष अनिल कुमार ने कस्बा डेरापुर में अपराध रोकने की दृष्टि से जिला सहकारी बैंक व कस्बा स्थित ज्वैलर्स की एक दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया उन्होंने बैंक में संचालित सीसीटीवी कैमरे को देखा साथ ही बैंक में लगे सायरन को भी चेक किया साथ ही उन्होंने बैंक कर्मचारियों को अपराध रोकने की दृष्टि से किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए बैंक के बाहर अनावश्यक रूप से घूमने वाले व्यक्तियों से भी पूछताछ की थाना अध्यक्ष अनिल कुमार कस्बा इंचार्ज केशव देव व पुलिस टीम मौजूद रही

## घर से परदेश के लिए निकला युवक, प्रेमिका के गांव में फांसी पर लटका मिला

फतेहपुर थरियांव कैनविज टाइम्स संवाददाता । बीते बुधवार की शाम को परदेस जाने के लिए युवक घर से निकला था। लेकिन प्रेमिका के प्यार में पागल प्रेमी युवक पड़ोस के गाँव की प्रेमिका के गाँव जा पहुंचा। रात 8:00 बजे तक प्रेमिका को भाग ले जाने की जिद पर अडा रहा। लेकिन शादीशुदा प्रेमिका प्रेमी युवक के साथ जाने को तैयार नहीं हुई तो प्रेमी युवक ने गांव के ही एक पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में।युवक को आनन फानन फांसी से उतार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर युवक को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के कोडरपुर गांव निवासी रामसरण का सत्रह वर्षीय छोटा पुत्र रवि पासवान बुधवार की शाम 6:00 बजे दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन युवक दिल्ली ना जाकर पड़ोस की गांव की अपनी प्रेमिका के गांव जा पहुंचा।

# सिठमरा में मीना मंच के बच्चे बोले जल है तो कल है, भविष्य के लिए जल बचाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रूरा (कानपुर देहात)। नीले बैलून से बूंद बनाकर पानी पंचायत में उच्च प्राथमिक सिठमरा के बच्चों ने गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने से गंगोत्री हिमनद पच्चीस से तीस मीटर प्रति वर्ष सिकुड़ रहा है ,हिमनद समाप्त होने से नदियों से जल तेजी से समुद्र में पहुंच जाएगा, फिर नदियां सूख जाएंगी जिससे समुद्र तटीय देश डूबेंगे, डूबते हुए देशों के लोग दूसरे देशों में घुसेंगे जिससे युद्ध का खतरा बढ़ेगा आज हम जमीन के तीसरे स्टेटा से जल दोहन कर रहे हैं जो एक हजार साल में रिचार्ज होता है उक्त बातें प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कही इस अवसर पर नेपाल से गांधी पर्यावरण योद्धा सम्मान प्राप्त शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि हर




व्यक्ति अगर बीस लीटर पानी प्रतिदिन प्रयोग करता है तो एक सौ तीस करोड़ की जनसंख्या वाले देश में पानी की सर्व सुलभता के लिए शुद्ध जल बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जल संरक्षण एक्ट 1974 की धारा 41 से जल प्रदूषण फैलाना6 साल जेल और दस हजार रुपए जुर्माना से दण्डनीय अपराध है। पानी बचत की शुरुआत घर से करनी पड़ेगी जैसे शेविंग /ब्रश करते वक्त नल को खुला ना छोड़ें छोड़ें। आ रो प्यूरीफायर से निकलने वाला वेस्ट पानी का संग्रह करें ,उसे बर्तन या कपड़ा धोने में इस्तेमाल करें। अनुदेशक प्रियंका यादव ने कहा कि ए सी से निकलने वाले पानी को स्टोर करें और उसे गार्डनिंग में इस्तेमाल करें। घर की छत में बनी पानी की टंकी को ओवरफ्लोर ना होने दें। इस तरह छोटे-छोटे उपाय अपना कर हम पानी को बचा सकते हैं। बच्चों में खुशहाली,प्रान्शी, शिवानी, वैष्णवी, शिखा, दीक्षा, संध्या, रिचा,आकांक्षा आदि उपस्थित रहे।

# डाक विभाग मतदान के लिए भी करेगा प्रेरित:पोस्टमास्टर जनरल

एजेंसी

वाराणसी। डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया और अब डाकिया देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा। भारतीय चुनाव आयोग के 'स्वीप कार्यक्रम' के अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा अब डाक विभाग ने भी उठाया है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने गुरुवार को कैंट प्रधान डाकघर में इसका शुभारंभ किया। वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन कुल 1729 डाकघरों के माध्यम से यह वृहद् अभियान चलेगा। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल ने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। एक तरफ डाकघरों के माध्यम से बँटने वाली डाक पर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' और वाराणसी लोक सभा निर्वाचन मतदान दिनांक 1 जून, 2024 की मुहर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं डाकिया भी डाक वितरण के दौरान लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील करेंगे। इसके साथ ही डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी और बचत खाता खुलवाने, आधार नामांकन व अपडेशन इत्यादि तमाम कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी डाककर्मी अपना वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि लाखों लोगों के घरों तक पहुंचने वाली चिट्ठियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। खास कर बुजुर्ग, युवा, महिला और फर्स्ट टाइम वोटर्स के साथ-साथ दिव्यांग मतदाताओं तक हर हालत में जागरूकता संदेश पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने मौजूद समस्त डाककर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई। वाराणसी पश्चिम मंडल के अधीक्षक डाकघर विनय कुमार ने कहा कि पोस्ट ऑफिस में दैनिक रूप से बड़ी संख्या में आम जनता अपने कार्यों के लिए पहुंचती है।

# भाजपा के पूर्व सांसद ने मौजूदा सांसद व प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के खिलाफ खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चित्रकट। चित्रकट जनपद में बांदा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह पटेल के खिलाफ एक तरफ जहां सोशल मीडिया में विरोध देखने को मिल रहा है तो वही अब पार्टी के ही पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र ने भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह पटेल और कई भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाकर उनके खिलाफ बगावत कर चुनाव प्रचार करने से मना कर दिया है । आपको बता दे कि भारतीय जनता पार्टी ने बांदा चित्रकूट लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद आर के सिंह पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसके बाद टिकट की मांग कर रहे भाजपा से पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र को टिकट न मिलने से सोशल मीडिया में ब्राम्हण समाज ने नाराजगी दिखाना शुरू कर दिया था और भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा जन प्रतिनिधियों के भीतरघात करने की खबर मिल रही थी जिसपर भाजपा के बूथ सम्मेलन में भाजपा से चित्रकूट जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक




जाटव ने भीतरघात करने वाले नेताओं को चुनौती दी देते हुए कहा था कि जो लोग भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह पटेल का विरोध कर रहे है वह लोग इसी मंच से सांसद और विधायक बने है अगर दम है तो पार्टी से इस्तीफा देकर विरोध करे जिसके बाद सियासी गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है।गौरतलब है कि कल भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मंच से चित्रकूट जिलापंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने बीजेपी सांसद व प्रत्यासी आर के पटेल के चुनाव को लेकर अपनी ही पार्टी के लोगो व पूर्व सांसद और पूर्व विधायक को खुली चुनौती देते हुए कहा



था कि जिस भी मई के लाल में दम हो तो वह भजपा छोड़ के विरोध करके दिखये। जिस पर पलटवार करते हुए आज भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने भाजपा नेता चित्रकूट जिला पंचायत अध्यक्ष की चुनौती का जवाब देते हुए भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव और नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता पर गंभीर आरोप लगा जमकर उनके खिलाफ हमला बोलते हुए कहा है कि बीजेपी में हम लोग भीतर घात नहीं कर रहे है ।भाजपा सांसद व प्रत्याशी के 5 सालो के कार्यकाल से जनता खुश नहीं है । भाजपा प्रत्याशी और जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने अपने चांगु मांगू साथियों के साथ मिलकर गुट बनाकर लूट खसोट किया ,लोगो को अपमानित किया प्रताड़ित किया जिससे जनता में आक्रोश है उस आक्रोश के कारण हम प्रचार नही कर रहे ।इन्होंने गुट बनाकर कार्यक्रताओ को सम्मान नहीं दिया निजी स्वार्थ साधने का काम किया हैं जिससे जनता में आक्रोश है लोग गाली दे रहे है ।इसलिए हम लोग प्रचार नही कर रहे है । अमाजनमानस के विरोध के बाद भी टिकट दिया गया इसको लेकर हम सब लोगो मे पीड़ा है इसको लेकर पार्टी को भी बता दिया कि हम लोग प्रचार नही करेंगे । अशोक जाटव ने नगर पालिका चुनाव में भाजपा के ब्ररह्म प्यासियों का खुलकर विरोध कियाा था।2022 के विधानसभाा चुनाव में भाजपा सांसद आरके पटेल ने भी खुलकर विरोध किया था । बसपा में भी रामसजीवन को हराने का काम किया था इसको लेकर लोगो में पीड़ा है और हर वर्ग में नाराजगी है ।

## सड़क पर खड़ी ट्रक में घुसी बाइक, युवक गंभीर

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के चेतगंज चौकी अंतर्गत चील्ह-गोपीगंज मार्ग पर मझगवां स्थित आरा मशीन के सामने सड़क पर खड़ी हाईवा (ट्रक) में पीछे से बाईक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है। भदोही जनपद के थाना चौरी डीह कोइरान निवासी रोहित कुमार मौर्य (25) मौर्या बुधवार की देर रात बाइक से रिश्तेदार के घर पुरजागिर जा रहा था। मझगवां गांव के पास आरा मशीन के सामने पहुंचा ही था कि सड़क पर खड़ी हाईवा ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को हिरासत में लेते हुए घायल बाइक सवार को मंडलीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि हाईवा चालक घटना के बाद मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

# भाजपा के दस साल के कार्यकाल में नारियां हुईं प्रताड़ित : कांग्रेस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हमारी सनातन संस्कृति में जहां सम्मान किया जाता है, वहां देवताओं का वास होता है। मगर मोदी सरकार के 10 सालों में नारी पूजी नहीं गई, बल्कि प्रताड़ित की गई। हाथरस, उन्नाव, मणिपुर, देहरादून हो या आज का कर्नाटक, एक बात स्पष्ट है कि सिर्फ चुनाव के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा असल में बलात्कारी बचाओ, बलात्कारी भगाओ की पार्टी बन गई है। ये बातें उप्र कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, डा. सुधा मिश्रा, अनामिका यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता में ये बातें कहीं।



डॉ0 सुधा मिश्रा ने कहा कि उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हुए सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को बचाने का प्रयास जिस तरह भाजपा कर रही है, वह बहुत शर्मनाक है। यह जानते हुए कि रेवन्ना महिलाओं का शोषण कर रहे हैं, भाजपा ने कुछ सीटें जीतने की खातिर ना सिर्फ उनकी पार्टी से एलायंस किया। बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रज्वल रेवन्ना के लिए वोट भी मांगे। दिसंबर 2023 में कर्नाटक भाजपा के एक नेता ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को रेवन्ना के बारे में बताया दिया था फिर भी सब जानते हुए भाजपा इतना घृणित कृत्य करने वाले व्यक्ति के साथ गठबंधन किया। बात खुल जाने पर रेवन्ना को देश से बाहर भगा दिया। इतना ही नहीं जिस ड्राइवर ने वीडियो लीक किये थे वह भी मलेशिया पहुंच गया है।


प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले की एक स्थानीय अदालत ने नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रामदुलार गोंड को 25 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि वह 10 लाख का जुर्माना अदा करें, जो पीड़िता को सौंप दिया जाएगा। दुर्भाग्य यह है कि भाजपा ने यह जानते हुए रामदुलार गोंड बलात्कार के आरोपी हैं उन्हें टिकट दिया।प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी मध्य जोन की सचिव अनामिका यादव ने कहा कि एनसीआरबी की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में उत्तर प्रदेश 65743 मुकदमों से साथ सबसे ऊपर है।

# दर्दनाक हादसा : अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई एक की दर्दनाक मौत,दो की हालत गंभीर

## रफ़्तार के कहर ने ली नवयुवक की जान,परिवार में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। स्कूल की छुट्टी होने के बाद दो दोस्त अपने तीसरे दोस्त संग कार में सवार होकर जा रहे थे कि अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीम के पेड़ से टकरा गयी। जिससे कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि उसके दो अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनीं हुई है। नगर पंचायत मलिहाबाद के मोहल्ला बस्ती धनवंतराय निवासी नवाज़ 17 वर्ष, मिर्ज़ागंज निवासी अरसलान 17 वर्ष मलिहाबाद मोहान रोड पर स्थित सफा पब्लिक स्कूल में कक्षा-10 के छात्र है। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोनों युवक अपने




दोस्त केंवलहार निवासी समद 18 वर्ष पुत्र राजू के साथ मारुति जेन यूपी 32 बीसी 8535 में सवार होकर केंवलहार की ओर जा रहे थे। रास्ते में मलिहाबाद मोहान रोड पर रोजेपीर मजार के निकट अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे नीम के पेड़ से टकरा गयी। पेड़ से कार के टकराने से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें कार चला रहा समद बुरी तरह फंस गया। यह देख आसपास के राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को काफी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला। जब तक पुलिस घायलों को बाहर निकाल पाती तब तक कार चला रहे समद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने गंभीर हालत में अरसलान व नवाज़ को सीएचसी पहुँचाया। जहां डाक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देख ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। मृतक समद के शव का परिवारीजनों ने देर शाम अन्तिम संस्कार कर दिया। वही हादसे में घायल छात्र नवाज़ व अरसलान का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। देर शाम तक दोनों की हालत गंभीर बनीं हुई है।

# अंतरराज्यीय जालसाज के दो अभियुक्तों को दुबग्गा पुलिस ने किया गिरफ्तार

## नकली करेंसी और फर्जी डॉक्यूमेंट बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।थाना दुबग्गा पुलिस ने तमिलनाडु के जालसाज गिरोह को लखनऊ से गिरफ्तार किया है । डीसीपी पश्चिमी डॉ दुर्गेश कुमार ने बताया कि गिरोह में शामिल जालसाज विजय सौरीराजन और एम गनेशन को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह अलग अलग क्षेत्र में दुकान खोलकर इलेक्ट्रानिक सामान सहित अन्य सामान कम दाम पर देने का झांसा दे कर लोगो से ठगी करते थे। एडवांस रकम लेकर ऑर्डर डिलिवरी का झांसा देते थे ,दुकान की आड़ में नकली नोटो की सप्लाई भी कर रहा था। ये गिरोह और बड़ी संख्या में लोगो की रकम ठगी करने का आरोप है। इस गिरोह पर पुलिस ने गिरफ्त मे आए दोनों आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में सामान, नकली करेंसी और अन्य फर्जी डाकुमेंट बरामद किए हैं। वहीं डीसीपी पश्चिमी डॉ दुर्गेश कुमार ने दुबग्गा पुलिस को दस- दस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की है। आपको बता दें कि इन दोनों अभियुक्त की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह , हेड कांस्टेबल रंजीत कुमार , कांस्टेबल बृजेश कुमार और डीसीपी पश्चिम की सर्विलांस टीम के उ0 नि0 आशीष बालियान , उप निरीक्षक अंकित बालियान , हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी और कांस्टेबल वैभव की रही अहम भूमिका।

# तहसील के आर के कार्यालय में महीनो से धारा 98 व 76 की फाइलें फांक रही धूल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज तहसील में तैनात अफसरों की कार्यशैली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते कई महीनो से तहसील के रजिस्ट्रार कार्यालय स्तर पर धारा-98 व धारा-76 की दर्जनों फाइलें धूल फांक रही है वही फरियादी तहसीलदार से लेकर प्रभारी रजिस्ट्रार कानूनगो की परिक्रमा लगा रहे है फिर भी अधिकारी फाइलो को दबाए बैठे है।पीड़ित अधिवक्ता दुर्गेश ने बताया कि बीते कई महीनो से ग्राम अहमदपुर खालसा की धारा-76 की फाइल जो श्रेणी -2 से श्रेणी-1 में परिवर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था जिसमे क्षेत्रीय लेखपाल सहित पट्टे की रिपोर्ट भी संलग्न हो गई है परन्तु रजिस्ट्रार कार्यालय में तैनात प्रभारी नायब तहसीलदार निर्मल चन्द्र भारती व कानूनगो ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा फाइल को लंबित किया जा रहा है पीड़ित ने देरी का कारण पूछा तो जिम्मेदारों ने बताया बताया कि तहसीलदार एसएन उपाध्याय द्वारा फाइलों को रोका गया है। किसान राजकुमार,मैकू व सुनीता की भी फाइलें है जिनमे रजिस्ट्रार कार्यालय की रिपोर्ट तो लग गई है परन्तु तहसीलदार स्तर पर लंबित है।जिसके चलते बीते कई महीनो से पीड़ित किसान तहसील के चक्कर काट रहा है परन्तु अभी तक न्याय नही मिल सका है.तहसील के जिम्मेदार एक दूसरे पर टाल मटोल कर मामले को दबाने में जुटे हुए है।

एसडीएम ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया रजिस्ट्रार कार्यालय में लंबित पड़ी फाइलों का मामला संज्ञान में आया बहुत जल्द समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

# निगोहां के एक मनबढ दबंग को तीन माह के लिये जिलाबदर

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।आगामी लोकसभा चुनाव में लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अकुंश लगाये जाने के लिये बुद्धवार को जेसीपी कानून एवं व्यवस्था के न्यायालय से निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले मनबढ दबंग को 3(1) यूपी गुण्डा एक्ट के तहत गुण्डा घोषित करते हुये ती?न माह के लिये जिला बदर किया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया जेसीपी कानून एवं व्यवस्था न्यायालय से थाना क्षेत्र के निगोहां गांव निवासी पकंज द्विवेदी को यूपी गुण्डा एक्ट के तहत गुण्डा घोषित करते हुये तीन माह के लिये जिलाबदर किया गया।पुलिस टीम? ने गुरूवार को जिलाबदर किये गये मनबढ दबंग पकंज द्विवेदी के घर पहुंचकर नोटिस चस्पा की।

# निगोहां पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।निगोहां पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे एक वांरटी को गिरफ्तार कर न्यायालय ?में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2012 में घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त अरविंद निवासी गुरूबक्शखेड़ा मजरा बरवलिया थाना निगोहा को उपनिरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित ने पुलिस टीम के साथ गुरूवार की सुबह उसके घर पर दाबिश देकर गिरफ्तार किया।अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दारुलशफा में सरकारी आवास में लगी आग, आधे घंटे में ही आग पर काबू पा लिया

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में दारुलशफा सी ब्लॉक के एक सरकारी आवास में बृहस्पतिवार को आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आधे घंटे में ही आग पर काबू पा लिया। शहर की दारुलशफा सी ब्लॉक की पहली मंजिल पर बने पत्रकार अजीज सिद्दीकी के सरकारी आवास में बृहस्पतिवार सुबह आग लग गई। आग आवास के आगे के कमरे में लगे एसी में हुए शॉर्ट सर्किट से लगी। समय रहते अजीज व अन्य परिजन आवास के बाहर भाग गए।सूचना पर दमकलकर्मी भी पहुंच गए। दमकलकर्मियों ने एक गाड़ी से आधे घंटे में आग बुझा ली। एफएसओ रामकुमार रावत के मुताबिक आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

# भाजपा सरकार में ही है जनता का हित : के के रघुवंशी

## वृहद स्तर पर जनसंपर्क कर कार्यकर्ताओं ने कौशल किशोर के लिए मांगा समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजिनी नगर लखनऊ। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे बीत रहा है मौसम के साथ-साथ चुनाव भी गर्म हो रहा है। राजधानी की दूसरी लोकसभा सीट मोहनलालगंज में एक ओर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के चेहरे पर जीत के प्रति आश्वस्तता एवं निश्चिंत्यता स्पष्ट देखी जा सकती है बावजूद वह किसी भी प्रकार की कोई भी कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। इसी के मद्येनजर लोकसभा क्षेत्र के सरोजिनी नगर विधानसभा अंतर्गत बुधवार व गुरुवार को कार्यकर्ताओं द्वारा बंथरा क्षेत्र के नारायणपुर, सादुल्ला नगर, दराब नगर बरकोता, पुरही, लटौवा,नेवाजी खेड़ा, चक, अमांवा, सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर



भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के लिए समर्थन की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान में प्रधान मीडिया प्रभारी के के रघुवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र रावत, सुबोध कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रज्जन लाल रावत, राजेश रावत, पंकज, रमेश रावत, आशीष रावत, संदीप रावत सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधान मीडिया प्रभारी के के रघुवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। जनहित में सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनता विपक्ष के बहकावे व झूठे प्रलोभनों में नहीं आने वाली है। जनता का हित भाजपा सरकार में ही है। देश में एक बार फिर भाजपा सरकार बनेगी, साथ ही क्षेत्र की जनता कौशल किशोर को भी लगातार तीसरी बार भारी बहुमत से जिताएगी। जनसंपर्क अभियान में भाजपा प्रत्याशी के लिए जनता का भारी समर्थन देखने को मिला।

# सीवर सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत के बाद, दो इंजीनियर निलंबित

लखनऊ। सीवर की सफाई के दौरान गड्ढे में गिरे दोनों मजदूरों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया है। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मजदूर दिवस पर मंगलवार को रेजीडेंसी के सामने नई सीवर लाइन में सफाई के दौरान जहरीली गैस के चलते दो मजदूरों की मौत हो गई। मरने वाले पिता-पुत्र सीतापुर के रहने वाले हैं। सीवर लाइन बिछाने वाले ठेकेदार ने बिना सुरक्षा उपकरणों के ही मजदूरों को सफाई के लिए उतार दिया था। जल निगम प्रशासन ने ठेकेदार के खिलाफ वजीरगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।मामले में दो इंजीनियर निलंबित कर दिए गए हैं। जल निगम शहरी के प्रबंधक निदेशक राकेश मिश्रा ने सहायक अभियंता मुनिस अली और अवर अभियंता गुडलक वर्मा को निलंबित कर दिया गया है।जल निगम ने रेजीडेंसी के सामने वाली रोड पर करीब तीन साल पहले सीवर लाइन बिछाई है। यह अभी चालू नहीं हुई है। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे उसमें पड़ी मिट्टी की सफाई का काम ठेकेदार फर्म केके स्पन कंपनी करा रही थी। आसपास के लोगों ने बताया कि सफाई के लिए तीन मजदूर आए थे।दो सीवर लाइन में उतरे और एक ऊपर ही रहा। जो मजदूर नीचे उतरे वह सीवर लाइन की जहरीली गैस से बेहोश होकर गिर गए। यह देख ऊपर वाले मजदूर ने चिल्लाना शुरू किया। जिसके बाद पास से ही कुछ वकील व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस, फायर विभाग, नगर निगम, जलकल विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लखनऊ से एम्बुलेंस रवाना

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। मां शांति सेवा फाउंडेशन एवं साईं दीप फाउंडेशन लखनऊ की ओर से रामनगरी में राम भक्तों की सेवा के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर गुरुवार को रवाना किया।संस्था अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि अयोध्या में आए श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दोनों संस्थाओं ने मिलकर निःशुल्क एम्बुलेंस का शुभारंभ समाज सेविका बिंदिया थापर ने श्री रामजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित के बाद हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेविका बिंदिया थापर ने बताया कि एंबुलेंस लगाने का उद्देश्य है दूरदराज से आए हुए श्रद्धालुओं के अचानक अस्वस्थ होने पर जनपदीय अस्पताल पहुंचाया जा सके। एम्बुलेंस रामपथ, जन्मभूमि पथ, नया घाट सहित विभिन्न भीड़ वाले स्थलों पर रहेगी।थापर ने बताया कि कण कण में प्रभु श्रीराम विराजमान हैं। राम भक्तों की सेवा करके मुझे अपार संतुष्टि मिलती है। राघव के सेवा के लिए मैं हर संभव तत्पर हूं।संरक्षक बसंत राम ने कहा कि प्रभु राम अयोध्या से चलकर लंका तक 14 वर्ष वनवास के दौरान सेवा और मर्यादा का परिचय दिया है। अयोध्या के हर मानव में मर्यादा और सेवा व्याप्त है, मुझे सेवा करने के लिए मेरी मां का आशीर्वाद प्राप्त होता है और बड़ी बहन थापर के साथ राम भक्तों का सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनका आभारी हूं।कार्यक्रम में खुशबू शाही, प्रज्ञा श्रीवास्तव, मनोरमा साहू, अर्चना गोस्वामी, रामशंकर, डॉ पवन कुमार, उमेश कुमार, सूरज चौधरी, अमित कुमार, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## लूट का माल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज पुलिस ने 3 ऐसे शातिर अपराधियों को पकड़ने मे सफलता हासिल की है जो ऑटो ई रिक्शा से यात्रियो को सुनसान रास्ते पर ले जाते थे और मौका देख कर चाकू दिखाकर उनके साथ मारपीट करते और उनको लूट लिया करते थे।

इस संबंध में डीसीपी पश्चिम डा. दुर्गेश कुमार ने अपने कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया की यात्रियो के साथ रात मे हो रही लूटपाट जैसी घटनाओ के रोकथाम के लिए एसीपी चौक राजकुमार सिंह व ठाकुरगंज थाना प्रभारी श्रीकान्त राय द्वारा एक टीम गठित की गयी थी। इस टीम द्वारा बुधवार को पंपिंग स्टेशन बंधा रोड के पास से ऑटो ई-रिक्शा सवारियो को सुनसान रास्ते पर ले जाकर उनके साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले थाना मोहब्बतपुर पाइंसा जिला कौशाम्बी निवासी जितेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ जीतू, थाना वजीरगंज निवासी हर्ष सोनकर और कैसरबाग निवासी प्रिन्स सोनकर को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया ज्यादातर की घटनाओ की तरह इस गैंग का भी सरगना जीतू उर्फ जितेन्द्र ही था।



इन लुटेरों की गिरफ्तारी में थाना ठाकुरगंज में नियुक्त कांस्टेबल शिवम सिंह, दीपनारायण एवं बृजेश कुमार की अहम भूमिका रही है जिस पर पुलिस उपायुक्त द्वारा 10 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया या गया है।

### कैसे देते थे वारदात को अंजाम

डीसीपी ने बताया गिरोह का सरगना जीतू उर्फ जितेंद्र द्वारा लखनऊ के ई-रिक्शा के चालक हर्ष व उसके चचेरे भाई प्रिंस को अपने गिरोह मे शामिल कर रात के समय जनपद के विभिन्न रेलवे स्टेशन व बस स्टैन्ड पर बाहर से आने वाले यात्रियो को योजना बना कर ई-रिक्शा में बैठाता था और इसका एक अन्य साथी पहले से ही सवारी बन बैग लटकाकर उस ई-रिक्शा में बैठा रहता था जिससे की ई-रिक्शा पर बैठने वाले सवारी को शक न हो। थोडी दूर जाने के बाद फोन करने पर और साथी भी आकर उसी ई-रिक्शा में बैठ जाते थे जिसके बाद ई-रिक्शा को गुलाला घाट, कुडिया घाट, मेंहदी घाट जैसी सुनसान जगहों पर ले जाकर सवारी के साथ मारपीट करके लूट लिया करता था। घटना को अंजाम देने के बाद ये लोग जनपद लखनऊ छोडकर भाग जाते थे।

# दहेज के लिए पत्नी से की मारपीट इलाज के दौरान मौत, पति समेत परिजनों पर मुकदमा दर्ज

## पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सैनिक नगर की घटना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज।लखनऊ,पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सैनिक नगर में रहने वाली महिला की,बीती 26 अप्रैल रात को तबियत बिगड़ी तो ससुरालियों ने उसे किसी अस्पताल ले जाने के बजाय,उसके पिता को फोन किया,बेटे संग पहुंचे पिता ने बेटी की गंभीर हालत देखी तो अस्पताल ले चलने को कहा,लेकिन उन्होंने उसे अपने साथ ले जाने के लिए कहा,पीड़ित पिता बेटी को लेकर बाराबंकी स्थित घर पहुंचा और वहां एक अस्पताल में भर्ती कराया,लेकिन 27 मार्च को उसकी मौत हो गई।पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं पीड़ित पिता ने गुरुवार को पीजीआई कोतवाली पहुंचकर, सास ,जेठ जेठानी,ननद और पति पर मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

राजेश कुमार रस्तोगी 570/ मुहल्ला कानून गोयन, थाना कोतवाली नगर बाराबंकी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कल्याणी उर्फ शैली का विवाह 11.12.2019 को जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0

### गुरुवार को मृतका के पिता ने दर्ज कराया मुकदमा



मदनलाल रस्तोगी निवासी सैनिक नगर गाली नं0 10 तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ से की थी। शादी के बाद से ही कल्याणी को कम दहेज के लिये उसके जेठ मनीष, सास लक्ष्मी देवी व जेठानी वन्दना ताना देकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ना देते थे, और कहते थे कि अपने पिता से 10 लाख रुपये और कार लेकर आओ,तभी इस घर में गुजारा होगा। दहेज की मांग में दामाद जितेन्द्र कुमार भी सहयोग करता था। ये सारी बाते कल्याणी जब मायके आती तो अपने मां व पिता से बोलती थी।26 अप्रैल को मारपीट कर गला घोटने का किया प्रयास राजेश कुमार रस्तोगी का कहना था कि 26.04.2024 को रात में करीब 10 बजे सैनिक नगर से फोन आया कि शैली की तबियत खराब है तुरन्त आ जाइये।राजेश कुमार अपने लड़के सुधाशु के साथ करीब 11.30 बजे रात में सैनिक नगर पहुंचा तो देखा कि शैली अपने कमरे मे बेड पर औंधे मुंह पड़ी हुयी थी। सांसे चल रही थी।गले पर निशान था, और उसके शरीर पर भी मारपीट के निशान थे।

राजेश ने ससुराल वालो से अस्पताल ले चलने के लिये कहा, तो उन लोगो ने कहा कि इसे बाराबंकी ले जाओ और वही इलाज करवाओ। मजबूरी में राजेश अपनी लड़की व डेढ़ वर्षीय नातिन वान्या को लेकर, सुमन अस्पताल वड़ेल बाराबंकी में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान 27.04.2024 सुबह करीब 09.00 बजे उसकी मृत्यु हो गयी।अस्पताल की सूचना पर बाराबंकी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश कुमार तिवारी ने बताया कि,बाराबंकी निवासी राजेश कुमार की नामजद तहरीर पर आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भीषण लू के बीच पश्चिमी उप्र में हल्की बारिश की संभावना

लखनऊ। राजस्थान से आ रही गर्म हवाएं उत्तर प्रदेश में सामान्य से अधिक तापमान होने के चलते भीषण लू का रुप ले चुकी हैं। हालांकि कभी कभार आसमान में बादलों के आने से कुछ राहत मिल रही है। मौसम विभाग का कहना है कि पांच मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना है और बाकी उप्र में इसी तरह लू का प्रकोप बना रहेगा।चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ को मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त के रूप में देखा जाता है, जिसकी धुरी समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर है, लगभग 42 डिग्री पूर्व देशांतर के साथ 26 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में है। पूर्वोत्तर असम पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। पूर्वोत्तर बांग्लादेश के निचले स्तर पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। ट्रफ उत्तर बिहार से उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर बांग्लादेश और दक्षिण असम पर चक्रवाती परिसंचरण से गुजरते हुए नागालैंड तक फैला हुआ है। मौसम की इन गतिविधियों से उत्तर प्रदेश के मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान अधिक रहेगा। इसके साथ ही लू का कहर बना रहेगा, वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच मई को हल्की बारिश की संभावना है।

# अत्यधिक गर्मी में पानी और नमक की कमी रक्त संचार में पहुंचती है बाधा : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। भीषण गर्मी का मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां लेकर आता है। गर्मी के बीच यह शरीर की रोग - प्रतिरोधक क्षमता को भी प्राभावित करता है। पाचन और त्वचा संबंधी समस्याओं के साथ ही मौसमी फ्लू और संक्रमण का भी खतरा बना रहता है। ऐसे मौसम में अस्पतालों में कई तरह की बीमारियों से पीड़ित रोगियों की तादाद का क्रम भी बढ़ने लगा है। ऐसे में रोगों पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से गर्मी को लेकर एहतियात बरतने की अपील की है। गुरूवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि तल्ख धूप और गर्मी में पानी और नमक की कमी शरीर में होने की वजह से रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। जिसकी वजह से हीट स्ट्रोक की समस्या होती है। शरीर में तापमान का उतार-चढ़ाव सहन करने की पर्याप्त क्षमता होती है। लेकिन एक सीमा के बाद जब अत्यधिक गर्मी में रहते हैं तो शरीर वातावरण के मुताबिक अपने आपको संतुलित नहीं कर पाता है। और हीट स्ट्रोक की समस्या हो जाती है। इससे दिमाग व किडनी पर असर पड़ सकता है। शरीर में रक्त संचार प्रभावित हो सकता है। आंखों में जलन हो सकती है। हृदय से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। मांसपेशियों में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के इस मौसम में हीट स्ट्रोक, डायरिया, उल्टी, पीलिया, टाइफाइड, वायरल फीवर, आँखों का लाल होना, त्वचा में जलन होना आदि तरह के बीमारियां होती है। इसका प्रतिकूल प्रभाव शरीर पर पड़ता है जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकता है। गर्म हवाओं या लू के प्रभाव के कारण शारीरिक कठिनाईयों से बचने के लिए जनहित में लोगों से अपील की है कि थोड़ी सी सावधानी को अपना कर इससे बचाव किया जा सकता है। सीएमओ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति में घमौरियाँ, मरोड़ व ऐंठन के मुख्य लक्षणों में शरीर में कमजोरी होना, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई का आना, कभी कभी मूर्छा आना प्रमुख लक्षण नजर आए तो शीघ्र ही नजदीक के चिकित्सालय व स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की सलाह लेकर उपचार कराएं।

उन्होंने कहा कि घर से निकलने से पहले पानी पीकर निकलना चाहिए और थोड़े-थोड़े समय पर पानी पीते रहना चाहिए। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती। हल्के ढीले ढाले सूती वस्त्र पहने, ताकि शरीर तक हवा पहुंचे और पसीने को सोखकर शरीर को ठंडा रखे। शुद्ध व ताजा भोजन का प्रयोग करने के अलावा भोजन बनने के तीन घंटे बाद बचे हुये भोजन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बाजार में खुले में रखे हुए खाद्य पदार्थ का सेवन न करें। पूरे शरीर को ढककर ही घर से निकले इसके साथ ही धूप के चश्मे का प्रयोग करें।

# हाईकोर्ट ने सड़कों के चौड़ीकरण में पेड़ों की कटाई पर शासन से फिर मांगी रिपोर्ट

## महाकुम्भ को लेकर वन विभाग की 1 लाख 49 हजार पेड़ लगाने की है योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 को लेकर सड़कों के चौड़ीकरण करने में काटे जा रहे पेड़ों को रोकने को लेकर दखिल जनहित याचिका पर आज प्रदेश सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि जितने भी पेड़ काटे जाएंगे उससे दस गुना पौधरोपण सरकार द्वारा किया जाएगा।सरकार की तरफ से बताया गया कि महाकुम्भ को लेकर प्रयागराज शहर में एक लाख 49 हजार पौधों को लगाने की योजना है। यह काम वन विभाग की तरफ से होना है और इसके लिए कुम्भ के बजट में प्रावधान किया गया है।

इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से इस सम्बंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने जानना चाहा है कि सरकार एवं उसके विभागों की क्या योजना है। क्या पेड़ों को बचाने की कोई योजना है। हाईकोर्ट इस मामले पर पुनः शुक्रवार को सुनवाई करेगी।यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवं जस्टिस विकास बुधवार की खंडपीठ ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव नितिन शर्मा की तरफ से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया। याचिका पर बहस करते हुए कोर्ट को बताया गया कि प्रयागराज में कुम्भ के नाम पर शहर में सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। चौड़ीकरण के नाम पर 50 साल के पुराने घने वृक्षों को काटा जा रहा है। वृक्षों को काटने से गर्मी के मौसम में लोगों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा आक्सीजन की कमी होगी। कहा गया कि विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई गलत है। सरकार को पेड़ों को अगर काटना बहुत जरूरी है तो उसे वहां से हटाकर पास में ही कहीं स्थापित करें। परंतु ऐसा न करना हाईकोर्ट द्वारा पारित पूर्व आदेशों की अवहेलना है।

# प्रीमियर क्रिकेट लीग मैच के फाइनल में पुलिस प्रशासन की शानदार जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोजित प्रीमियर क्रिकेट लीग मैच के फाइनल में पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के बीच 12-12 ओवर का मैच पुलिस लाइन के ग्राउंड पर गुरुवार की शाम आयोजित किया गया।मुख्य विकास अधिकारी आईएएस विशाल कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन एकादश की टीम ने टॉस जीता। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन की टीम ने 12 ओवरों में 112 रन का लक्ष्य जिला प्रशासन को दिया। लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से बैटिंग करने उतरी जिला प्रशासन की टीम 10 ओवर में 69 रन बना कर ऑल आउट हो गई। पुलिस एकादश टीम बेहतरीन बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्र रक्षण का प्रदर्शन करते शानदार जीत दर्ज की। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को आयोजित मतदाता जागरूकता प्रीमियर क्रिकेट लीग में कुल छह टीमों ने भाग लिया।

प्रीमियर लीग 28 अप्रैल से प्रारंभ होकर विभिन्न तिथियों पर जिला प्रशासन एवं प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं पुलिस प्रशासन के बीच मैच खेला गया। गुरुवार को फाइनल मैच खेला गया। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों से अपील किया कि लोकतंत्र का पर्व हम सभी लोगों का महापर्व है। हमारा दायित्व बनता है कि हम स्वयं वोट डालें और दूसरे को भी उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# दो चरणों का चुनाव देख भाजपाई भूल गए चार सौ पार का नारा: आनंद भदौरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जन सरोकारों से दूर हवा-हवाई राजनीति करने वाले भाजपाईयों को पहले हवा का रुख पता नहीं था। पहले और दूसरे चरण में जब उन्होंने जनता की भावना देखी तो उन्हें हकीकत का पता लग गया। चुनाव से पूर्व भाजपा ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया था, लेकिन पहले और दूसरे चरण का चुनाव देखकर भाजपा के लोग इस नारे को भूल गए।

यह बात धौरहरा लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने गुरुवार को धौरहरा संसदीय क्षेत्र की हरगांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबांधित करते हुए कही। सपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा ने किसानों को भरोसा दिलाया था कि उनकी आय दोगुनी होगी। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने उनकी फसल का सही दाम आज तक नहीं दिलवा पाई है। खाद, बीज, बिजली, डीजल, पेट्रोल सभी कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने देश के बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया। लेकिन किसान के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर 450 रुपए किया जाएगा।

# सीनियर अधिवक्ता के भांजे की असामयिक मृत्यु पर शोक सभा आयोजित



बिसवां (सीतापुर )। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सीतापुर के द्वारा बिसवां तहसील के सीनियर अधिवक्ता अभय अवस्थी के भांजे हिमांशु मिश्रा की असामयिक मृत्यु पर अपराह्न 2:00 बजे बिसवां बार एसोसियेशन बिसवां के द्वारा संघ कक्ष में संघ के अध्यक्ष आर एन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में शोक सभा आहूत की गई। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के उपस्थित सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति एवम परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के अध्यक्ष आर एन सिंह,सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव,एल्डर्स कमेटी के चेयरमेन ब्रजेश नारायण गुप्ता,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,अशोक पुष्प,राज किशोर यादव,अशोक वर्मा,पुत्ती लाल वर्मा,सूर्य प्रसाद यादव,कैलाश श्रीवास्तव,संतोष कठेरिया,मनोज गुप्ता,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,राजेश वर्मा, जितेंद्र मिश्रा,प्रमोद यादव,आशीष मिश्रा,इंतखाब आलम सिद्दीकी,अनमोल कनैहया,जितेंद्र भार्गव,प्रदीप विश्वकर्मा,के के वैश्य,अरुण कुमार श्रीवास्तव,अश्वनी श्रीवास्तव,आनंद मिश्र अनुज यादव आदि अधिवक्ताओ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पांचवें दिन भाजपा प्रत्याशी सहित छह नामांकन पत्र दाखिल हुए

हमीरपुर। लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को चार उम्मीदवारों ने छह नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही लोकसभा सीट पर अब तक नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की संख्या 12 हो चुकी है। गुरुवार को तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। अब तक 27 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। इनमें से कितने उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, यह तीन मई को साफ हो जाएगी।गुरुवार को लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण को लेकर नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन नामांकन पत्र खरीदने वालों में दो निर्दलीय व एक दल के प्रत्याशी शामिल रहे।

# उप सेना प्रमुख ने आईआईटी कानपुर की रक्षा तकनीकों की ली जानकारी

कानपुर। रक्षा तकनीकों की जानकारी के लिए उप सेना प्रमुख की अगुवाई में सैन्य अधिकारियों ने कानपुर आईआईटी का दौरा किया। इस यात्रा ने सेना के अधिकारियों और आईआईटी कानपुर के रक्षा-संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले फैकल्टी सदस्यों के बीच गहन चर्चा की सुविधा प्रदान की।इसके साथ ही भारतीय सेना के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकी समाधान विकसित करने के लिए संभावित सहयोग की खोज पर ध्यान केंद्रित किया गया। संस्थान के प्रोफ़ेसरों ने संस्थान में चल रही रक्षा परियोजनाओं का अवलोकन प्रदान करके आईआईटी कानपुर की अनुसंधान क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

महत्वपूर्ण विकास के लिए रणनीतिक साझेदारी बनाने के उद्देश्य से लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम, उप सेना प्रमुख (वीसीओएएस), एडीजी मेजर जनरल सी.एस. मान और अन्य उच्च पदस्थ सेना अधिकारियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर का दौरा किया।

अतिथियों का स्वागत आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफ़ेसर मनिन्द्र अग्रवाल और प्रोफ़ेसर कांतेश बलानी, फैकल्टी-इंचार्ज आर्मी सेल आईआईटी कानपुर ने किया। फैकल्टी सदस्यों ने सेना के अधिकारियों को विभिन्न नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिसमें एक सबस्टेशन निरीक्षण रोबोट, सटीक मार्गदर्शन किट के लिए एक जनरेटर, उच्च ऊंचाई वाले लॉजिस्टिक्स और ईवीटीओएल समाधान, क्वाड्रूपेड और रोटरी रोबोट और कामिकेज़ ड्रोन शामिल हैं। आईआईटी कानपुर में स्थापित तीन स्टार्टअप ने भी उत्कृष्ट नवाचार प्रस्तुत किए, जिसमें उद्यमिता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के केंद्र के रूप में संस्थान की भूमिका पर जोर दिया गया।भारतीय सेना की टीम ने आईआईटी कानपुर में सी3आई हब और फ्लेक्सई सेंटर का भी दौरा किया। इस यात्रा ने उन्नत अनुसंधान और विकास के माध्यम से देश की रक्षा और सुरक्षा प्रयासों में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले एक प्रमुख संस्थान के रूप में आईआईटी कानपुर की स्थिति को मजबूत से प्रदर्शित किया।वहीं आईआईटी कानपुर में डीआरडीओ इंडस्ट्री एकेडेमिया सीओई के निदेशक संजय टंडन ने रक्षा और सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में केंद्रित अनुसंधान और सहयोग के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए सीओई के जनादेश के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्योग-अकादमिक साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

# हैंड पम्प मरम्मत व रिबोर की मजदूरी हड़प गए ग्राम प्रधान

## तय कमीशन के खेल में प्रधान ने मजदूर का हड़पा मेहनताना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन(सीतापुर)। आज जब समूचा विश्व मजदूर दिवस मना रहा है तब एक दबंग ग्राम प्रधान की काली करतूतों से पीड़ित मजदूर अपने मेहनताना को पाने के लिए आफिस आफिस भटक रहा।

प्रकरण ब्लॉक सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी में विवत वित्तीय वर्ष में ग्राम निधि से करवाए गए हैंड पम्प मरम्मत व रिबोर में मजदूर अतहर निवासी सांडा को उसकी मजदूरी किसी अन्य फर्म पर लगाकर निकाल ली गई जब वह मजदूरी मांगने के लिए गया तो उसे 2-2हजार करके 4 बार में 8 हजार रुपए दिए गए और अब उसके बिल को नजरअंदाज कर दूसरी फार्म से निकाली गई रकम को नहीं दे रहे जिसको लेकर पीड़ित ने ब्लाक कार्यालय पर खंड विकास अधिकारी को लिखित में मेहनताना दिलवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जहाँ उसे एक पर्ची पर शिवेंद्र प्रताप पंचायत सचिव से मिलने को कहा गया।पीड़ित ने बताया कि प्रधान जी के द्वारा रिबोर के 29500 रूपए में 15000 रुपए देने व बाकी रकम रख लेने तथा मरम्मत में आधी रकम लेने को कहा गया जिस पर दोनों पक्षों में अनबन हो गई और प्रधान ने बाकी रकम न दे पीड़ित मजदूर को भगा दिया।हारा थका मजदूर अब बदहवास अपनी रकम के लिए आफिस आफिस घूम रहा है मजदूर अतहर ने बताया यदि ग्राम प्रधान भिठमनी ने नहीं दिया पैसा तो वह पूरी रकम वसूलने के लिए बिल व अन्य साक्ष्यों के साथ लेबर कोर्ट जाने को हो जाएगा मजबूर और ग्राम प्रधान के सभी विकास कार्यों की जांच करवाने के लिए बैठेगा कलेक्टरी में धरने पर।

यदि आज के दौर में भी गरीब मजदूरों पर डाला जाता रहेगा डाका तो कानून राज से उठ जाएगा गरीब मजदूर का विश्वास।

# फलों के राजा आम फसल में लगा भुनका व मिज कीट मुश्किल में बागवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिले के बागवान आम की फसल मे लगने वाले भुनका और मिज कीट से बहुत परेशान है इस कीट का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है दवा का छिड़काव भी काम नही कर रहा है ऐसे मे फसल को भारी नुकसान की आशंका बढ गई है।

पेड़ो मे आम आने के बाद कीट व रोगो से बचाव बडी चुनौती है अधिकांश बागों मे भुनका व मिज कीट का असर दिखाई दे रहा है

### भुनका के असर से सूखकर गिर रहा फल

आम के बाग मे भुनका व मिज व कीट कोमल पत्तिया एवं फल के रस को चूसकर हानि पहुंचते है भुनका कीट सफ़ेद रंग का होता है इससे प्रभावित फल सूखकर गिर जाता है यह कीट मधु की तरह पदार्थ विसर्जिकरता है इससे पत्तिया व फल पर काले रंग की फरफूंद जम जाती है वही मिज व कीट आम की मंजरी मे लग जाता है यह मंजरी व बनने वाले फलो को नुकसान पहुंचाता है इससे फल काला पड़कर सूख जाता है

### किया जा रहा दवा का स्पे पर असर नही

कई बागवानों से मिली जानकारी अनुसार वर्तमान मे आम की फसल को मुख्य रुप से भुनका तथा मिज कीट से क्षति पहुंच रही है जब गर्म पडने लगता है उसी समय मौसम के तापमान मे यह रोग प्रभावी होता है अधिकंाश बागों मे भुनका कीट का प्रसार बढ़ रहा है फिलहाल बागवान दवा का छिड़काव करा रहे है उसका अधिक असर नही दिख रहा बागवन कई कई.स्पे कर चुके है।

# चोरों ने घरों की तोड़ी जाली और पुलिस के हाथ अभी तक खाली




**लखनवी रौब और ठाट में रहते हैं इंस्पेक्टर महमूदाबाद**

**सूत्रों के मुताबिक पत्रकारों के प्रति भी कोई खास व्यवहार अच्छा नहीं है**

**पत्रकारों का नाम सुनते ही इंस्पेक्टर साहब के अचानक से गुस्सा आ जाता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद/ सीतापुर ।जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के कोतवाली महमूदाबाद में चोरों का आतंक अब लगभग चरम सीमा पर है। पुलिस ने भी अपने हाथ अब खड़े कर दिए हैं। चोरी हो जाने के समय में पीड़ित ने लिखित में तहरीर कोतवाली महमूदाबाद में दिया था लेकिन कई घंटे तक पुलिस ने इसकी जांच पड़ताल नहीं की।महमूदाबाद के कोतवाल अनिल कुमार सिंह जब जनता के बीच खड़े होते हैं तो उनके रौब और ठाठ में कोई कमी नहीं आती है ऐसा कई जगह पर देखा जा सकता है। घटना कोतवाली क्षेत्र के महमूदाबाद कस्बे की है जहां पर बीबीपुर मोहल्ले के निवासी रज्जू पुत्र सलीम निवासी उम्र कॉलोनी पीड़ित के घर में रात 12:00 बजे ताला तोड़कर कुछ अज्ञात चोर घर का सामान उठाकर रफू चक्कर हो जाते हैं। मोहल्ले वालों ने आरोप लगाया है कि तहरीर देने के बाद भी दूसरे दिन पुलिस अभी तक जांच करने नहीं आई है। इस विषय पर जब कोतवाली प्रभारी महमूदाबाद से बात करने की कोशिश की गई तो रिकॉर्डिंग ऑन होते ही उन्होंने फोन काट दिया। जिससे प्रतीत होता था कि चोरों के आतंक में पुलिस का कुछ जरूर खेला है। जब इस घटना के विषय में मोहल्ले के लोगों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा कई लोगों के घरों में हुआ है। लेकिन महमूदाबाद की पुलिस ने अभी तक कोई ऐसा एक्शन नहीं लिया है कि जिससे चोरों का आतंक कम हो सके। वहीं अगर बात पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा की कि जाए तो जब से उन्होंने सीतापुर की कमान संभाली है तब से चोर और बदमाशों में पुलिस का डर काफी हद तक देखा जा सकता है। और पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा का व्यवहार जनता के प्रति काफी बेहद अच्छा और सुशील है। सूत्रों के मुताबिक अगर बात करें कोतवाली प्रभारी महमूदाबाद की तो उनका व्यवहार ना तो जनता के प्रति ठीक है और ना ही पत्रकारों के प्रति। सूत्रों की माने तो उन्होंने कई जगहों पर पत्रकारों को दलाल भी कहा और थाने में न घुसने की धमकी भी देते रहे हैं। अब देखना यहां है कि ईमानदार और निष्ठावान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा इस पर क्या कार्यवाही करते हैं।

# ट्रैक्टर से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दो की मौत, दो घायल

फतेहपुर। जिले में बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार दोपहर बाद तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ट्रैक्टर से टकरा गये। अस्पताल में चिकित्सक ने दो बाइक सवार मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी भारी पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और कार्रवाई की।बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे के समीप नंदापुर सैमसी मोड़ के निकट ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार जय सिंह (22) पुत्र राकेश निवासी बेरेठर खुर्द तथा अजय सिंह (25) पुत्र कुंदन निवासी नगुवापुर तथा संजय (22) पुत्र राम प्रकाश निवासी करसवा थाना मलवां व रंजीत (35) पुत्र मुन्नीलाल निवासी मोहल्ला हनुमानगढ़ी कस्बा खजुहा घायल हो गए। चारों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर जय सिंह व अजय सिंह को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल संजय व रंजीत को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# लखनऊ के लिए फिल साल्ट तो कोलकाता के लिए मार्कस स्टायनिश सबसे बड़ी चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। फिल साल्ट इस आईपीएल संस्करण में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए तो मार्कस स्टायनिश लखनऊ सुपर जायन्टस के लिए बेहतरीन और मैच जिताऊ उपकरण के रुप में अपने आप को स्थापित करने में सफल हो चुके हैं। साल्ट ने दूसरे ओपनर सुनील नरेन के साथ मिलकर कई मैचों में पावरप्ले का पूरा फायदा उठाते हुए कई मैचों में कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत से नवाजने का काम किया है। ऐसे में आगामी मैच में फिल साल्ट लखनऊ के गेंदबाजों के लिए पूरी तरह से चुनौती पेश करेंगे तो वहीं लखनऊ के बेस्ट ऑलराउन्डर के रूप में मार्कस स्टायनिश कोलकाता के गेदबाजों को चुनौती पेश करेंगे।दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट बेहद आक्रामक अंदाज में नजर आए और 33 गेंदों पर 68 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 5 छक्के जड़े थे। उन्होंने इस आईपीएल के सत्र में अभी तक खेले 9 मैचों में 49 के औसत से 392 रन बनाए हैं। वो इस सीजन में 180 से अधिक के स्ट्राइक रेट से खेल रहे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स में इससे पहले इंग्लैण्ड के ही जेसन राय टीम के सक्रिय सदस्य के रूप में मौजूद रहे थे। उनके बाहर निकलने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के लिए जेसन राय के प्रतिस्थापन के रूप में फिल साल्ट को लाये जिसका उन्हें पूरा फायदा भी मिला।

पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद नवीनतम नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद यह आईपीएल में साल्ट का दूसरा सीजन होगा। उन्हें केकेआर ने उनके आरक्षित नीलामी मूल्य 1.5 करोड़ रुपये पर खरीदा था। वहीं लखनऊ के लिए मार्कस स्टायनिश का बल्ला इस सीजन ज्यादा नहीं चल पाया, वह लगातार संघर्ष कर रहे थे। लेकिन जब उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ ऊपर बल्लेबाजी करने का मौका मिला तो उन्होंने कमाल कर दिया। स्टायनिश ने अपने आईपीएल करियर का पहला शतक 56 गेंद पर ठोक डाला।

# डीईओ ने निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीसीसी, वीवीटी, एफएसटी तथा एमसीएमसी रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही उन्होने प्राप्त एवं निस्तारित शिकायतों के सम्बन्धित में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने शिकायत कंट्रोल रूम में 1950, सी-विजिल एप तथ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होने क्षेत्रों में कार्यरत टीमों के लोकेशन की स्थिति को दिखा। शिकायतों के गुणवत्ता के निस्तारण का रेंडम चेक किया। उन्होने प्राप्त शिकायतों को कैटेगरी वाइज सेट करने के निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम प्रभारी एडीएम जे राशिद अली खान ने जानकारी देते हुये बताया कि टोल फ्री 1950 पर कुल 56 प्राप्त शिकायतों में से 56 का निस्तारण किया जा चुका है। एनजीएसपी पोर्टल पर 200 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 02 का निस्तारण शेष रह गया है। सी विजिल पर 38 शिकायते प्राप्त हुयी है सभी 38 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है तथा विभिन्न टीमों द्वारा विधानसभावार 14.65300 लाख रू0 कि नकदी। 30,927.19 लीटर शराब 80.13651 लाख रू0 कीमत की जब्त की गयी। 45,157 ग्राम मादक पदार्थ जिसकी कीमत रू0 85.96103 लाख का जब्ती की कार्यवाही की गयी। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा निरन्तर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में कहीं पर भी चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए । उन्होंने निर्देश दिये कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ससमय करते हुए शिकायत पंजिका में दर्ज किया जाए।

## लोकतंत्र में भागीदारी सभी की जिम्मेदारी, अवश्य करें मतदान: प्रियंका निरंजन

एजेंसी

**प्राथमिक विद्यालय बामी व पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर वासित अली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम**

मीरजापुर । लालगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बामी व पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुर वासित अली के प्रांगण में गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान करने का अधिकार पांच वर्ष में एक बार ही मिलता है। इसलिए मतदाता मतदान का प्रयोग अवश्य करें। मतदान सभी व्यक्ति का कर्तव्य व फर्ज है। लोकतंत्र में भागीदारी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदाता अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान करें ताकि जनपद प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदान में पहले स्थान पर रहे। मतदाताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि एक जून को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों समेत मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना योगदान दें। खंड विकास अधिकारी ने गीत के माध्यम से कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण तभी संभव है, जब मतदाता अपने मतों का प्रयोग करें। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। यूपीएस के बच्चों ने नाटक के माध्यम से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। संचालन नागेंद्र दुबे व दिनेश चौबे ने किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी गुलाबचंद्र, तहसीलदार आशीष पांडेय, नायब तहसीलदार मधु जैन, पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी, थानाध्यक्ष अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## वीएम की कमीशनिंग कार्य हेतु जीएफ कालेज में तैयारिया पूर्ण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा 136-ददरौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप-निर्वाचन से सम्बन्धित ईवीएम की कमीशनिंग कार्य हेतु जीएफ कालेज में तैयारिया पूर्ण की जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जीएफ कालेज पहुंच कर स्थिति का निरीक्षण किया। शुक्रवार 03 मई को प्रातः 09:00 बजे से कमीशनिंग कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैरिकेडिंग, सीसीटीवी तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानको को चेक किया। उन्होने कमीशिनिंग कार्य हेतु सुनिश्चित सभी कक्षों को में जाकर किये गये प्रबन्धों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी की गयी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होने कमीशनिंग कार्य हेतु अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर जीएफ कालेज में उपस्थिति होकर कार्य प्रारम्भ करें।

## फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने बाले तीन आरोपी मय तमंचा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहाँपुर। रौसर कोठी में दिन दहाड़े फायरिंग करके दहशत फैलाने बाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा/02 कारतूस बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन चन्द्र प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व मे थाना रामचन्द्र मिशन को मिली बडी सफलता हाथ लगी है। 29 अप्रैल को अर्जुन राना पुत्र अहिवरन राना निवासी ग्राम रौसर कोठी ने थाना रामचन्द्र मिशन में निशान्त पुत्र सुरेन्द्र वर्मा, आकाश पुत्र राजेश, निखिल निवासी रौसर कोठी तथा मोहन अवस्थी पुत्र शिवकुमार निवासी ग्वारी व अन्य साथियो के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि इन लोगों ने अहिवरन पर एक राय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 147/148/149/352/504/307 आई.पी.सी. पंजीकृत कराया था। आरोपियों की गिरफ्तारी व नाजायज असलहे की बरामदगी के लिए थाना रामचन्द्र मिशन पर टीम का गठन किया गया। टीम ने 1 मई को हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सन्तोष पुत्र हरिभान नि. रौसर कौठी को एक नाजायज देशी तमंचा 12 बोर व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तथा टीम ने अन्य आरोपी निशान्त वर्मा पुत्र सुरेन्द्र वर्मा, नीलू वर्मा पुत्र सहदेव, आशीष कुशवाहा पुत्र राम सिह, निवासी रौसर कोठी को सीतापुर रोड बाडीगाँव मोड के पास से गिरफ्तार किया तथा निशान्त वर्मा के कब्जे से एक तमंचा व 02 कारतूस बरामद किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम उ.नि. कैलाश चन्द्र एसआई सूरज पाल पंचौरी, का. शुभम झा, प्रिंस जाखड मौजूद रहे।

### सहायक अध्यापिका ने दूसरे विद्यालय के शिक्षकों पर धमकाने का लगाया आरोप

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तिलहर के प्राथमिक विद्यालय रामपुर नवदिया की सहायक अध्यापिका मीनाक्षी ने दूसरे विद्यालय के शिक्षकों पर धमकाने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की तिलहर इकाई के मंत्री पंकज कुमार गौतम को पत्र लिखकर उन्होंने अपनी समस्या बताई। मीनाक्षी ने बताया कि एक मई को खंड शिक्षा अधिकारी तिलहर के साथ दो अन्य विद्यालयों के अध्यापक उनके विद्यालय में आए। ये विद्यालय का निरीक्षण करने लगे और अभिलेख मांगे, जब शिक्षिका ने परिचय मांगा तो वे लोग धमकाने लगे। इसका विरोध करने पर कार्रवाई की धमकी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी तिलहर के साथ गाड़ी में बैठकर चले गए। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार शिक्षक किसी भी स्थिति में शिक्षण कार्य के समय अपना विद्यालय नहीं छोड़ सकते। इसकी शिकायत बीएसए कार्यालय में भी की गई है। बीएसए रणवीर सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों पर विभागीय कार्रवाई होगी।

### देर से याद दिलाए नियम, अब तो खरीद लीं कॉपी और किताबें

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीबीएसई व आईसीएसई से संबद्ध विद्यालय विशेष दुकान से ही कॉपी-किताबें खरीदने पर अभिभावकों को मजबूर करते हैं। इसको लेकर समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बाद डीआईओएस हरिवंश कुमार ने प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर शासन व विभागीय नियम याद दिलाए। हालांकि, पत्र काफी देर से जारी किया गया है, क्योंकि अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों का स्कूलों में प्रवेश कराने के साथ ही कॉपी-किताबें भी खरीद चुके हैं। डीआईओएस की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि विद्यालयों ने अपने स्तर से या फिर किसी विशेष दुकानदार के माध्यम से विशेष प्रकाशन की पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, टाई, बेल्ट, जूते-मोजे आदि ऊंचे दामों पर खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। यह सब खरीदने का स्थल विद्यालय व कोई विशेष दुकान नहीं हो सकती है और विभागीय नियमों के खिलाफ भी है। कहा कि विद्यालयों की स्थापना तथा संचालन का उद्देश्य पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है। छात्र-छात्राओं व अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस तरह का कार्य बिल्कुल भी न किया जाए। विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण के समय यह स्थिति मिलने पर प्रधानाचार्य व प्रबंध तंत्र के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही एनओसी भी रद्द होगी। इसके लिए प्रधानाचार्य व प्रबंध तंत्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

### आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट बनी विजेता

प्रयागराज। आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट प्रयागराज की टीम मध्य कमांड इण्टर क्लस्टर-3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता की विजेता बनी। आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट ने गुरुवार को अपने कोर्ट पर हुए मैच में न्यू कैंट ने एपीएस नेहरू रोड लखनऊ को 32-14 अंक से हराया। विजेता टीम के लिए देवेश, आयुष, तन्मय, प्रियांशु और अर्पित का खेल सराहनीय रहा। विजेता के कोच विपिन खत्री एवं मैनेजर महेंद्र द्विवेदी रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीना शंकर ने दोनों टीम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इसके पूर्व बुधवार शाम एपीएस नेहरू रोड लखनऊ ने एपीएस एसपी मार्ग लखनऊ को 40-32 अंक से हराया। अब पांच मई को क्लस्टर तीन विजेता न्यू कैंट का मुकाबला क्लस्टर चार के विजेता टीम आगरा से होगा। उस मैच की विजेता टीम छह मई से पिथौरागढ़ में होने वाली सेंट्रल कमांड प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### 6 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म, पड़ोसी बना हैवान

वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक की वहशी घिनौनी करतूत से मानवता शर्मसार हो गई। वहशी ने हैंडपम्प पर पानी पी रही पड़ोस की 06 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और मौके से भाग निकला। खून से लथपथ बेहोश मासूम बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत बिगड़ती देख बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भिजवाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस के साथ पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। मासूम बच्ची अपने घर के बरामदे में बड़ी बहन और छोटे भाई के साथ सोई थी। उसके पिता घर के दूसरे कमरे में अन्य परिजनों के साथ सो रहे थे। देर रात मासूम बच्ची प्यास लगने पर घर के पास स्थित हैंडपंप पर पानी पी रही थी। इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक वहां आया और मासूम का मुंह दबा उठाकर गांव के बाहर एक तालाब के पास ले गया। वहां मासूम के साथ दुष्कर्म किया और बेहोशी की हालत में बच्ची को उसके घर के पास छोड़ कर भाग निकला। भोर में मासूम को होश आया तो वह धीरे धीरे चलकर घर आई और अपनी दादी को जगाकर रोने लगी। मासूम के रक्तस्राव को देखकर परिजन बिलख पड़े। बच्ची के पिता ने पुलिस को सूचना दी। क्षेत्रीय थाना प्रभारी ने मासूम को इलाज के लिए कबीरचौरा मंडलीय चिकित्सालय भेजा। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची को बीएचयू रेफर कर दिया गया।

## मिनी सेन्टर में गोष्ठी का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर। फतेहपुर के भिटौरा विकासखंड के सरैला गांव में बडौदा यूं पी बैंक असनी माध्यम से सरैला गांव के मिनी सेन्टर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया वहां पर खाताधारक को बीमा योजना के द्वारा मिली दावा राशि का भुगतान होने पर मृतक के नामिनी को पासबुक वितरण की गई ।जानकारी के अनुसार सरैला गांव में चल रही मिनी बैंक सेंटर के खाताधारक बाबूलाल साहू के पुत्र रवि शंकर का खाता चल रहा था जिसकी मृत्यु पिछले 6 माह पूर्व मार्ग दुर्घटना में हो गई थी जिसका बीमा मिनी बैंक केंद्र के द्वारा पी एम एस एस वी आई व पी एम जे जे बी वाई योजना के तहत कराया गया था जिसका दावा भुगतान आ जाने पर बैंक के शाखा प्रबंधक उमंग तिवारी ने गांव में गोष्ठी कर मिनी केंद्र के खाता धारकों को जागरुक करते हुए कहा कि प्रायः यह देखते हैं कि खाताधारक पहले बीमा करवा लेते हैं दो तीन माह बाद बीमा बन्द करा देते हैं यदि खाताधारक यही करते रहेंगे तो उनको शासन द्वारा चल रही योजना का लाभ कैसे मिल पायेगा देखिये इसी गांव के रविशंकर साहू ने अपना बीमा करा रक्खा था और उसकी मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसका घर में कमाने वाला वही एक घर का मुख्य व्यक्ति था जिसके उपर बहन की शादी का बोझ था लेकिन बीमा कंपनी ने व सरकार की योजना ने रविशंकर की बहन की शादी में दावा भुगतान कर आर्थिक सहायता दी । मृतक के पिता बाबूलाल साहू को बडौदा यूं पी बैंक के एफ एल सी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पास बुक सौंपी । श्रीवास्तव ने कहा कि यदि रविशंकर बीमा न करायें होता तो हम लोग कहां यहां आते सभी लोग खाता चलाने के साथ साथ बीमा अवश्य करायें जिससे शासन द्वारा चलायी जा रही योजना सफल हो सके व लोगों को बीमा का लाभ मिल सके ।

### ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर अधिकारी व कर्मचारी की जवाबदेही : प्रबंध निदेशक

मेरठ। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ (पीवीवीएनएल) की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने गुरुवार को बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए प्रोटेक्शन यूनिट लगाने के निर्देश दिए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी की जवाबदेही सुनिश्चित करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीवीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने गुरुवार को जनपद शामली के ग्राम हिरनवाड़ा और ग्राम गोनवान जलालपुर में बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से सम्बन्धित कार्यों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हाथी करौदा का निरीक्षण किया। हिरनवाड़ा गांव में विकास मैडिकल स्टोर पर स्थित 25 केवीए डबल पोल के ओवरलोड होने के कारण क्षमता वृद्धि करके 63 केवीए किए गए ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करने पर ट्रांसफार्मर में फ्यूज नहीं लगे मिलने पर प्रबन्ध निदेशक ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अवर अभियन्ता पीयूष कुमार से जवाब-तलब किया।

### भाजपा का दो दिवसीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन चार मई से

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी बूथ लेवल पर किए गए करणीय कार्यों द्वारा विशेष फोकस बूथ अध्यक्ष सम्मेलन के माध्यम से करने जा रही है। जिसके अंतर्गत चार मई को फूलपुर के उत्तरी विधानसभा एवं पांच मई को इलाहाबाद दक्षिणी विधानसभा में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन होगा। यह जानकारी जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने देते हुए बताया कि प्रयागराज के दोनों लोकसभा के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा में विधानसभा वार बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से संगठन बूथ अध्यक्षों द्वारा बूथों पर किए गए कार्यों की समीक्षा करेंगे और हर बूथों की ग्रेडिंग पर विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने बताया कि चार मई को शाम 04 बजे फूलपुर संसदीय क्षेत्र के शहर उत्तरी विधानसभा का बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन केंद्रीय कार्यालय जॉर्ज टाउन क्लब में और पांच मई को शाम 4 बजे इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की शहर दक्षिणी विधानसभा में मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन शुभारम्भ किया जाएगा।

## दम्पत्ति को सरेराह पीटने वाले आरोपी उमैद को पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बाइक टकराने से हुए विवाद में दबंगों ने सरेराह महिला व उसके पति को जमकर मारा पीटा एवं दबंग महिला व उसके पति को खींचकर घर में ले जाकर जमकर मारा पीटा। जिससे आक्रोशित होकर लोगों ने थाने में पहुंचकर विरोध किया तो पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए गम्भीर धाराओं के मुकदमा दर्ज करते हुए 24 घण्टे में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में गार्ड के बेटे को सरेराह पीटने बाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अखिलेश पाण्डेय पुत्र रामदेव पाण्डेय निवासी मोहल्ला तहवरगंज थाना रामचन्द्र मिशन में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उमैद पुत्र सुल्तान निवासी मिश्रीपुर व उमैद के कुछ साथियों ने अखिलेश को जमकर बेल्टों से मारा पीटा एवं उनके भाई विमलेश व उनकी पत्नी को सड़क से घसीटकर उमैद अपने घर खींच ले गया। जहां उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अखिलेश पर चाकू से वार कर दिया। एवं विमलेश की सोने की चैन छिनने, तथा विमलेश की पत्नी के साथ गलत नियत से अभ्रद व्यवहार किया तथा विरोध करने पर गाली गलौच करने व चाकू मारकर घायल कर दिया। तथा जान से मारने की धमकी दी। जिसमें पुलिस ने धारा 279/337/392 /307/ 354/323/ 504/ 506 आई.पी.सी. पंजीकृत किया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना रामचन्द्र मिशन पर टीम का गठन किया गया। टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत होने 24 घण्टे के अन्दर मुकदमा मे नामजद अभियुक्त मो. उमैद पुत्र सुल्तान निवासी मिश्रीपुर को खन्नौत नदी के पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व.उ.नि. सुन्दर लाल वर्मा, म.उ.नि. दीपा, का. पंकज कुमार मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव: क्या परिवारवाद की डगर से राजनीति में आए नेताओं को मिलेगा जनता का प्यार ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। भले ही केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार भाजपा परिवारवाद को चुनावी मुद्दा बनाती रही हो लेकिन उत्तर प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र गोंडा और कैसरगंज में परिवारवाद की राजनीति खूब फल-फूल रही है।कई नेताओं और नौकरशाहों की नई पीढ़ियां राजनीति में आ चुकी हैं और जीत की ख्वाहिश से बेकरार हैं।वहीं भाजपा के सांसद भी अपनी पीढ़ियों को राजनीति में मुकाम दिलाने के लिए जी-जान से लगे हुए हैं यह बात

प्रधानमंत्री मोदी अपने चुनाव रैली के दौरान मुख्य विपक्षी दल सपा और कंग्रेस पर परिवारवाद की राजनीति के खूब आरोप लगाते हैं।यदि लोकसभा कैसरगंज भाजपा के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह की बात करें तो उनका बेटा प्रतीक भूषण शरण सिंह सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक है।चर्चा है कि दूसरा छोटा बेटा कर्ण भूषण शरण सिंह कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के

टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री और मुलायम सिंह यादव के घनिष्ठ सहयोगी रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा भी गोंडा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं इनके पिता राकेश वर्मा सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं।श्रेया वर्मा सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

## लोकसभा गोंडा, कैसरगंज परिवारवाद तक ही सीमित

ये चमक ये दमक फुलवन मा महक...सब कुछ सरकार तुम्हई से है...। कुछ सियासतदानों के लिए फुलवन का मतलब थोड़ा संकुचित होकर परिवारवाद तक सीमित नजर आता है। मसीहा हो या फिर माफिया, सबकी चाहत कुनबा ही होता है, जिसके सहारे वे अपनी शक्ति का विस्तार कर सकें। गोंडा और कैसरगंज लोकसभा की सियासत में तमाम ऐसे सियासतदां उभरे,जिन्होंने तमाम आदर्शवादी विचारों के बावजूद अंत में परिवार को ही चुना।नेतागिरी हो या माफियागिरी, जहां जरूरत पड़ी परिवार को ही सुरक्षित करने में लगे रहे।गोंडा और कैसरगंज की सियासत में ऐसे ढेरों किस्से भरे पड़े हैं। सियासतदां कैसे अपने परिवार को आगे बढ़ा रहे हैं, बता रहे हैं।वही सत्ताधारी भाजपा के नेता परिवारवाद पर हमला बोलना शुरू करते हैं,तो विपक्षी नेता उसके ही कई नेताओं के नाम लेकर पलटवार करते हैं।भाजपा की ओर से परिवारवादी पार्टियां कहकर संगठन और सरकार के शीर्ष पद एक ही परिवार को विरासत में मिलने का उदाहरण देकर हमला बोला जाता है।...तो विपक्षी नेता भाजपा के कई नेताओं के परिवार में सांसद, विधायक, प्रमुख या जिला पंचायत अध्यक्ष गिनाकर हमला बोलने लगते हैं।इस चुनाव में भी ऐसे परिवारों की धूम है। एक ही परिवार से एक साथ कई लोगों को टिकट देने से परहेज के बावजूद भाजपा पूरी तरह से परिवारवाद से मुक्त नहीं हो पा रही है।और पूरी तरह परिवारवाद हावी है।इसी तरह मुख्य विपक्षी पार्टियां परिवारवाद की कीमत चुकाती साफ दिख रही हैं।पर, अपने परिवार का मोह छोड़ नहीं पा रही हैं।

## बृजभूषण शरण सिंह का परिवार

बृजभूषण शरण सिंह गोंडा,बलरामपुर (पूर्व संसदीय क्षेत्र) व कैसरगंज मिलाकर छह बार सांसद चुने गए।जेल में थे तो पत्नी केतकी सिंह सांसद बनीं।भाजपा के अलावा वह सपा से भी सांसद रहे हैं।महिला पहलवानों के शोषण से जुड़े आरोपों के बाद पहली बार उन्हें टिकट के लाले पड़े हैं। बेटा प्रतीक भूषण सिंह गोंडा सदर से विधायक हैं।सूत्र बता रहे हैं कि घर के परिवार के ही ब्लॉक प्रमुख भी हैं।वही अब उनके छोटे बेटे करण भूषण शरण सिंह को बीजेपी कैसरगंज लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बना रही है।

## कुंवर आनंद सिंह का परिवार

गोंडा के भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया मनकापुर राजघराने के उत्तराधिकारी हैं।इनके पिता

पिता कुंवर आनंद सिंह कई बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रहे और एक बार सपा के टिकट पर गौरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने और मुलायम सिंह की सरकार में कृषि मंत्री बने रहे।

# जमींनी विवाद में दबंगों ने भट्टा मजदूर के तोड़े पैर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जमीनी रंजिश में दबंगों ने गुरुवार को एक अधेड़ को कुल्हाड़ी, हॉकी और लाठी-डंडे से पीटकर उसका पैर तक तोड़ डाला। गंभीर अवस्था में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के लंगड़ी सरैया इब्राहीमपुर की है।

जानकारी के अनुसार बल्दीराय थानाक्षेत्र के लंगड़ी इब्राहीमपुर निवासी हरिशंकर यादव पुत्र त्रिवेणी प्रसाद भट्टे पर काम करता है। गुरुवार को काम करके भट्टे से लौटते समय थानाक्षेत्र के दुबे की बगिया के पास घात लगाकर बैठे लोगों ने उस पर लाठी-डंडे, हॉकी और कुल्हाड़ी से हमला करके उसका पैर तोड़ डाला। शरीर पर अन्य स्थानों पर भी चोट आई। आरोपी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने परिवार वालों को सूचना दिया। सूचना पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी कुड़वार लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर देख कर डॉक्टर ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया। घायल की पत्नी सुशीला देवी ने बताया कि संपतलाल, विजय बहादुर, कर्मराज, बजरंगी ने घटना को अंजाम दिया है। इस बाबत एसओ आरबी सुमन ने बताया कि सूचना मिली है। लेकिन अभी परिवार से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सौरभ कुमार मिश्रा के ब्राह्मण चेहरा से जिले की राजनीति में बढ़ी सरगर्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। संसदीय चुनाव क्षेत्र में गोंडा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया अपनी जीत के लिए जी तोड़ प्रयास कर रहे हैं।लेकिन इस बार दिल्ली तक पहुंचने की उनकी राह आसान नहीं दिख रही है।इंडिया गठबंधन की सहयोगी समाजवादी पार्टी ने यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है।जबकि बसपा से सौरभ कुमार मिश्रा ने अपना नामांकन किया है।चर्चा है कि कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को सपा की श्रेया वर्मा से कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा।भाजपा जहां कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से जनता को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बात कर वोट मांग रही है वहीं सपा प्रत्याशी घर-घर जाकर संपर्क साध रही हैं।वही ब्राह्मण समाज के कद्दावर एवं सर्वमान्य नेता के रूप में सौरभ कुमार मिश्रा माने जाते हैं।वहीं बसपा ने ब्राह्मण चेहरे पर दाव लगाकर लोकसभा चुनाव को त्रिकोणीय कर दिया है।वही सूत्र बता रहे है कि बसपा प्रत्याशी सौरभ कुमार मिश्रा से सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया का छतीस का आंकड़ा है।ऐसे में माना जाता है कि ब्राह्मण समाज का एक तबका इस भाजपा के खिलाफ जा सकता है।वहीं अब तक जो अनुमान लगाया जा रहा है उसके अनुसार भाजपा और सपा के बीच ही मुख्य मुकाबला हो सकता है।बसपा की जनता में पैठ और चुनावी लड़ाई काफी कमजोर दिख रही है।लोकसभा गोंडा के मतदाता पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं।भाजपा को इस बार भीतर घाट से भी जूझना पड़ रहा है, वही अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी उसे भारी पड़ सकती है।भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता मौन साधे हुए हैं।उनकी नाराजगी पार्टी से है या प्रत्याशी से यह समझ पाना मुश्किल है।इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कुर्मी वोटरों को समेटने में लगी हुई है इसका असर भी दिख रहा है।मुस्लिम और यादव मतदाताओं का रुझान भी सपा की तरफ ही है।इन सबके चलते भाजपा कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया की जीत इस बार कुछ आसान नहीं दिख रही है।लोकसभा गोंडा में चुनाव पांचवें चरण में होना सुनिश्चित है।और बीस मई को यहां प्रत्याशियों के भाग का फैसला करने के लिए मतदान होगा।

# जेल से रिहाई के बाद विजेथुआ धाम पहुंचे पूर्व सांसद धनंजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। पूर्व सांसद धनंजय सिंह गुरुवार को विजेथुआ महावीरन धाम मंदिर पहुंचे। जहां उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया, यहां उन्होंने माथा टेका। उन्होंने कहा कि जौनपुर की जनता के अटूट प्रेम को जेल की सलाखें रोक न सकी

आपको बता दें किअपहरण और जबरन वसूली मामले में जेल में बीते छह मार्च से बंद पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सजा होने बाद जेल भेजा गया था था। शनिवार को ही उन्हें जौनपुर से बरेली की सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जा था। इसी दिन उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। बृहस्पतिवार को बरेली जेल से रिहाई के बाद समर्थकों संग पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने गृह जनपद जौनपुर जाते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते सूरापुर स्थित विजेथुआ धाम पहुंचे। यहां हनुमान जी के चरणों में मत्था टेककर लोकसभा प्रत्याशी/पत्नी श्रीकला के लिए आशीर्वाद मांगा। पूर्व सांसद धनंजय सिंह भारी लाव लश्कर के साथ धाम पहुंचे और मत्था टेका। इस दौरान मीडिया कर्मियों से धनंजय सिंह दूरी बनाते नजर आए। काफिला जौनपुर रवाना से पूर्व धनंजय सिंह ने बस इतना कहा कि जौनपुर की जनता का अटूट प्रेम और विश्वास मुझे आखिरकार खींच लाया। ईश्वर की कृपा सदैव मेरे ऊपर रही। मेरे साथ जनता जनार्दन का हमेशा प्यार, आशीर्वाद रहा। आपको बताते चले कि बसपा से लोकसभा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी के चुनाव प्रचार में व्यापक असर दिखने के संकेत साफ साफ दिखाई दे रहे हैं।

# आजादी के बाद कैसरगंज क्षेत्र की हुई उपेक्षा: अरुणिमा पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। देवीपाटन मंडल मुक्ति मोर्चा के बैनर तले गोण्डा व कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र की निर्दलीय प्रत्याशी अरुणिमा पाण्डेय ने कहा है कि आजादी के बाद पिछले 75 सालों से देवीपाटन मंडल में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र की सर्वाधिक उपेक्षा हुई है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से कई दिग्गज व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने प्रतिनिधित्व किया लेकिन यहां की समस्याओं को हल करने को गंभीरता से प्रयास नही किया।अरुणिमा पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट के नामांकन स्थल पर पहुंचकर कैसरगंज सीट से नामांकन दाखिल किया।

नामांकन के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं, नागरिकों व पत्रकारों से मुखातिब थी।प्रत्याशी श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कैसरगंज, करनैलगंज, कटरा व तरबगंज क्षेत्र घाघरा सरयू और टेंढी नदियों के दो आब में बसा है।यहां के मांझा क्षेत्र में सैकड़ों गांव बरसात के समय बाढ़ में डूब जाते हैं। किसानों की फसल नष्ट हो जाती है।यहां बने बांध सफ़ेद हाथी साबित हो रहे हैं। पूरे क्षेत्र में एक भी विश्वविद्यालय, सरकारी डिग्री कालेज, तकनीकी संस्थान एवं बालिकाओं के लिए उच्च विद्यालय नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में यहां के भारी संख्या में युवा दिल्ली, गुजरात के सूरत, महाराष्ट्र के मुम्बई व पंजाब के जालंधर व लुधियाना में अपने परिवार से दूर बड़ी विकट परिस्थितियों में नौकरी/मजदूरी करते है।और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार परख शिक्षा, रोजगार दिलाना, बालिकाओं को उच्च व तकनीकी शिक्षा में बढ़ावा व महिलाओं के प्रति हो रहे समाजिक उत्पीड़न रोकने का संकल्प लेकर श्रीमती पाण्डेय दोनों संसदीय सीटों कैसरगंज व गोण्डा से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।उन्होंने चुनाव में लोगो से भारी समर्थन व सहयोग की अपील की है। नामांकन के मौके पर प्रत्याशी के प्रतिनिधि राजकुमार पाण्डेय, डॉ. के.के. मिश्र, देवनाथ मिश्र,शैलेन्द्र मिश्र,आदर्श मिश्र,विजय पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बहराइच की मतदाता बनी डीएम मोनिका रानी



बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदान की मुहिम छेड़ने वाली जिलाधिकारी मोनिका रानी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 286-बहराइच अन्तर्गत स्वयं भी मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बूथ लेबिल अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी से अपना मतदाता पर्ची व वोटर गाइड प्राप्त किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा भी मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस पर समारोह पूर्वक आयोजित हुआ मतदाता दीपोत्सव

## 1.22 लाख से अधिक श्रमिकों को दिलायी मतदाता शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं विशेषकर श्रमिक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता कार्यक्रम के तहत अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर 01 मई 2024 को जनपद के 1045 ग्राम पंचायतों में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा व अन्य कार्यदायी संस्थाओं के एक लाख बाईस हज़ार से अधिक श्रमिकों द्वारा मतदाता शपथ ली गई तथा विभिन्न स्थानों पर सात लाख दस हज़ार से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर मतदान का प्रकाश सर्वत्र फैलाने का सन्देश दिया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस विकास खण्ड बलहा की 59 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 7391 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 50400 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम सआदत इण्टर कालेज नानपारा में आयोजित हुआ। ब्लाक चित्तौरा की 90 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 6175 श्रमिकों को शपथ

**1045 ग्राम पंचायतों व नगरीय क्षेत्र में आयोजित हुए कार्यक्रम**

**7.10 लाख से अधिक जलाएं गए दीप**

दिलायी गयी तथा 61600 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम चित्तौरा उद्यान में आयोजित हुआ। हुज़ूरपुर की 78 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 5941 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 54720 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम अमृत सरोवर बड़ागांव में आयोजित हुआ। जरवल की 78 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 4769 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 36000 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम ब्लाक मुख्यालय में आयोजित हुआ।


इसी प्रकार ब्लाक कैसरगंज की 65 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 6156 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 33600 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम अमृत सरोवर परसेण्डी में आयोजित हुआ। महसी की 74 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 16169 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 66400 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम उच्च प्रा.वि. बैकुण्ठा में आयोजित हुआ। मिहींपुरवा की 86 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 16891 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 82417 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पार्क माधवपुर में आयोजित हुआ। नवाबगंज की 70 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 11784 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 22483 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम ब्लाक परिसर के निकट अमृत सरोवर पर आयोजित हुआ। फखरपुर की 86 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 9981 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 51500 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर, करिया बाबा आश्रम बौण्डी व हुलसी माता मन्दिर भिलौराबासू में आयोजित हुआ।

पयागपुर की 69 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 2340 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 33600 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम पंचायत भवन सुमेरपुर में आयोजित हुआ। रिसिया की 74 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 11061 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 56640 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम ब्लाक परिसर में आयोजित हुआ। शिवपुर की 68 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 9215 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 72960 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम प्रा.वि. कोटवा के निकट खेल मैदान में आयोजित हुआ। तेजवापुर की 73 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 6190 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 33600 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम प्रा.वि. बेहटाभया में आयोजित हुआ तथा ब्लाक विशेश्वरगंज की 75 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में 7847 श्रमिकों को शपथ दिलायी गयी तथा 54080 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम बी.आर.सी. भवन विशेश्वरगंज में आयोजित हुआ। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में भी मतदाता दीपोत्सव कार्यक्रम समारोहपूर्वक मनाया गया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रभारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. के साथ के.डी.सी. व चौधरी सियाराम इण्टर कालेज का निरीक्षण कर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलायी। डीएम ने लोगों का आहवान किया कि मतदाता जागरूकता की आज जो ज्योति जलाई गयी है वह बुझने न पाए, आगामी 13 व 20 मई क़ो सभी मतदाता बढ़ चढ़ कर मताधिकार का प्रयोग करें। उल्लेखनीय है कि मतदाता दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

# बढ़ी गर्मी से नहरों से पानी गायब प्यार से व्याकुल हो रहे बेजुबान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जल से ही जीवन है। जल बिन जीवन संभव नहीं है। वहीं गर्मी में पानी के स्रोतों की उपयोगिता और बढ़ जाती है। तपती धूप में समृद्ध ताल-तलैया,नहरें जीवन दायिनी का काम करती हैं।खेती-किसानी,पेड़-पौधे, जीव-जंतु की निर्भरता इसी पर होती है।वहीं मई माह के भीषण गर्मी में क्षेत्र की सूखी सरयू नहर विभागीय लापरवाही को खुली किताब की तरह उजागर कर रही है। सर्वाधिक प्रभाव पानी के तलाश में इधर-उधर भटक रहे पशु पक्षी और फसलों पर दिखाई पड़ रहा है।

## सरयू नहर खंड-दो और खंड-चार में पानी नहीं

इटियाथोक विकासखंड से होकर गुजरने वाली सरयू नहर खंड-दो और खंड-चार में पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों के गन्ने की खेती प्रभावित हो रही है। वहीं बेसहारा पशुओं को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। दोनों नहरों से क्षेत्र में कई माइनर निकली हैं। इन माइनरों पर सैकड़ों गांवों के किसान आधारित हैं। सामान्य व गरीब किसान महंगे दामों में डीजल खरीद कर पंपिंग सेट से खेतों की सिंचाई करने के हालत में नहीं है। किसान ओम प्रकाश कहते हैं कि नहर में पानी नहीं है, पानी छोड़े जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।किसान शालिक राम पाण्डेय कहते हैं कि पानी के अभाव में इन दिनों पशुओं के लिए हरे चारे बोने की परेशानी बढ़ गई है।बेसहारा पशु पानी की तलाश में गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।इस संबंध में विभाग के अवर अभियंता धीरज कुमार का कहना है कि कई जगहों पर पुल निर्माण का काम चल रहा है,इसलिए नहर में पानी छोड़े जाने में विलंब हुआ। एक सप्ताह के भीतर पानी छोड़ दिया जाएगा।

# कांग्रेस अमेठी में प्रत्याशी घोषित करने से घबरा रही : स्मृति ईरानी

## भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने तिलोई विधानसभा क्षेत्र में तीन जनसभाओं को किया सम्बोधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। लोकसभा चुनाव में लिये नामांकन के लिये कल आखिरी दिन है लेकिन कंग्रेस पार्टी प्रत्याशी नही घोषित कर पा रही है क्योंकि यहां अमेठी से सांसद रह चुके राहुल गांधी पन्द्रह साल तक लापता रहे और यहां की जनता से कोई वास्ता ही नही रखा बल्कि यहां के किसानों की जमीनें हड़पने का काम किया है। यह बात केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने हनुमानगढ़ी तिलोई के प्रांगण में आयोजित जन सम्मेलन में कही।भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा कि आज तिलोई रियासत के युवराज से कंग्रेस के युवराज को सीखने की जरूरत है वह यहां से सांसद रह चुके हैं लेकिन इन्हौना, पन्हौना और महोना के बारे में जानकारी नही है।

कंग्रेस के राहुल गांधी ने जिस आतंकवादी संगठन का समर्थन लिया है वह एक एक हिंदूवादी नेता को मारने की सूची बना रही है और कंग्रेस सत्ता के लिये पाकिस्तान के मंत्री का समर्थन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पांच साल में चार लाख गरीब परिवारों का शौचालय बनवाया और लाखो लोगो को घर उपलब्ध कराया। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि का प्रसाद घर घर तक पहुंचाया गया लेकिन जो आज चुनाव लडने आ रहे हैं उनको दर्शन करने की भी फुरसत नही मिली। भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा कि आगामी बीस मई को लोकतंत्र का हनुमान बनकर कमल का बटन दबाकर कंग्रेस की लंका में आग लगा कर मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कंग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र पर करारा प्रहार किया और आर्थिक सर्वेक्षण के साथ ही वरासत टैक्स के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आप सबको आगामी बीस मई को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर कमल के फूल वाला बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की है। राज्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से जय श्री राम का नारा लगवाया। शिवरतनगंज की जनसभा में जेहटा उसरहा के प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्रा ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी व राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह को पुष्पगुच्छ और श्रीराम जन्मभूमि की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी ने केसरिया सलीमपुर और शिवरतनगंज में जनसभा को सम्बोधित किया।कार्यक्रम को कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, भवानी दत्त दीक्षित, अवधेश मिश्रा ने सम्बोधित किया। इस मौके पर सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, श्रीकृष्ण मिश्रा, धर्मेश मिश्रा,राम कृष्ण भारती, भाष्कर सिंह, राजेश पाण्डेय, अमिता गौतम, अनीता साहू सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विशेष मजिस्ट्रेट की तैनाती न होने के कारण कोर्ट में पेश नही हुए राहुल गांधी

सुलतानपुर। कांग्रेस नेता व वायनाड से सांसद राहुल गांधी की एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट के न्यायालय में गुरुवार को मुकदमे में सुनवाई नहीं हुई। यहां विशेष मजिस्ट्रेट की तैनाती नहीं हो सकी है। अब इसकी सुनवाई 14 मई को होगी। राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि बयान अभियुक्त के लिए मुकदमा विचाराधीन है। वर्तमान समय में एमपी/एमएलए कोर्ट का प्रभार किसी भी न्यायालय को दिया नहीं गया है। तो न्यायालय होते हुए भी न्यायालय निष्प्रभावी है। आज के दिन राहुल गांधी कर्नाटक चुनाव में मीटिंग में व्यस्त हैं इस कारण आ नहीं सके। हमने हाज़री माफी दी है।

आपको बता दें कि अगस्त 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध जिले के भाजपा नेता कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी विजय मिश्रा ने एक परिवाद कोर्ट में 4 अगस्त 2018 को दायर किया था। राहुल पर कर्नाटक की एक चुनावी जनसभा में अमित शाह को लेकर हत्यारा शब्द का प्रयोग किया गया था। जिससे आहत होकर विजय मिश्रा कोर्ट की शरण में पहुंचे थे। कोर्ट में तारीख पर तारीख पड़ती रही लेकिन राहुल हाजिर नहीं हुए। अंत में बीते वर्ष दिसंबर माह में कोर्ट ने राहुल गांधी के विरुद्ध एनबीडब्लू की कार्रवाई कर दी थी।

## आधा दर्जन प्रत्याशियों ने नौ सेट में किया नामांकन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।गुरुवार को कलेक्ट्रट गौरीगंज में लोकसभा क्षेत्र अमेठी से चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे आधा दर्जन प्रत्याशियों द्वारा नौ सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया वहीं बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह ने गुरुवार को एक बार फिर से दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र अमेठी से गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी जयसिंह ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने दो सेट में गुरुवार को एक बार फिर से नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी तनवीर अहमद, राजेश बहादुर सिंह ने एक एक सेट में नामांकन किया। राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी के प्रत्याशी सुरेश कुमार मौर्य ने एक सेट और राष्ट्रीय नारायण वादी विकास पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद हसन लहरी ने तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। गुरुवार तक कुल डेढ़ दर्जन प्रत्याशियों द्वारा तेइस सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में खुशीराम ने दो सेट, मोहम्मद इसरार ने एक सेट और राम लखन ने एक सेट में पर्चा खरीदा। उन्होंने बताया कि अब तक कुल चालीस लोगों द्वारा पचहत्तर सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। शुक्रवार को नामांकन की अंतिम तिथि है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव बलभद्रगंज मोड़ के पास एक अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायलावस्था में पुत्र को चिकित्सको ने घायल को जिलाचिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कमई के पूर्व प्रधान सुरेंद्र पुरी के पुत्र जगदम्बा गुरुवार को अपनी बाइक से किसी काम से अपने सुपुत्र उमा शंकर के साथ कस्बा तिलोई जा रहे थे वह बलभद्रगंज मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई ले गये जहां पर चिकित्सकों ने जगदम्बा उम्र पैंतालिस वर्ष की मौत हो चुकी थी और गम्भीर रूप से घायल उमा शंकर को चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि अज्ञात पिकअप की टक्कर से दुघर्टना हुई है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

## पुलिस ने युवक को तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस ने कादू नाला पुल के पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक संजीव कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद समीम पुत्र मोहम्मद कलीम निवासी रोड नम्बर तीन कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब छब्बीस वर्ष को कादूनाला पुल सम्भई से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ आरम्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## शादी कराने के नाम पर ठगी, पुलिस को दी तहरीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।शादी कराने के नाम पर हजारों की ठगी कर ली गई। मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी युवती ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया है कि उसकी शादी शेरपुर के निवासी एक युवक के साथ तय हुई थी।वह उसको घुमाने बाहर ले जाता था। शादी नजदीक आने पर शादी के लिए टाल मटोल करने लगा। युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर उसने अपने पिता के साथ तहसील में नगर से सटे नारायणपुर निकट गन्ना कृषक महाविद्यालय निवासी एक युवक से प्रार्थना पत्र लिखवाया। कोतवाली में दिया। जिस पर पुलिस युवक को थाने ले आई। कुछ देर बाद छोड़ दिया। इसके चार दिन बाद एक मुंशी ने शादी करवाने के नाम पर 25 हजार रुपये ले गया। इसके बाद वह चला गया। जब उसने तहरीर लिखने वाले युवक से रुपए मांगने शुरू किया तो वह टालमटोल करने लगा। 26 अप्रैल को फर्जी शपथ पत्र बनवाकर उसके पिता पर रुपये लिखकर एक प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया। प्रार्थना पत्र पर अंगूठे लगे थे। जबकि उसके पिता साइन करते हैं। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## किशोरी पर किया जानलेवा हमला पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घास ला रही किशोरी को गिरा दिया। इसके बाद उस पर साईकिल चढाने का प्रयास किया। विरोध पर मारा पीटा। मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस जांच कर रही है।माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव राजपुर ता. महाराजपुर निवासी पप्पू ने सीओ को दिए शिकायत पत्र में बताया है कि उसकी पुत्री घास लेकर आ रही थी। रास्ते में गांव के एक ग्रामीण के लड़के ने उसकी घास गिरा कर साइकिल चढ़ा दी। विरोध करने पर उसने मारा पीटा। घर पहुंची किशोरी ने सूचना परिवार को बताई। इस पर उसकी मां शिकायत करने गई तो उसके साथ गाली गलौज कर मारा पीटा। जिससे बह घायल हो गई। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर शांति भंग किया आशंका में चालान कर दिया। दोनों पक्षों ने अपनी जमानत करा ली। इसके बाद ग्रामीण ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर षड्यंत्र के तहत पीड़ित की पत्नी को झूठा फंसाने के लिए स्वयं चोटें मारकर धमकी दी। जबकि उसने कोई मारपीट नहीं की। मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## गुरु पर्व के अवसर पर संस्था ने गरीब बच्चों को वितरण की खाद्य सामग्री



पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हंगरी एनिमल्स फीडिंग की टीम ने मिलकर गुरुपर्व अर्जन देव के अवसर पर गरीब बच्चो को बाटा खाना संस्था की टीम ने बहुत काम किया है।संस्था के संस्थापक आशुतोष राणा,अभिनव भदौरिया ने मिलकर साथ ही उनके दोस्त अरहम ख़ान,रोहित गोस्वामी,डॉ धीरज होमोपैथिक पूरनपुर,गोपी कश्यप ने बहुत मेहनत करके संस्था को आगे बढ़ाने का कार्य लगातार कर रहे हैं।

# उप गन्ना आयुक्त ने लिया गन्ना सर्वे का जायजा पूरी पारदर्शिता से हो रहा गन्ना सर्वे कार्य

**सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी पेड़ी की फसल पर विशेष ध्यान दें गन्ना किसान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।पूरे जनपद में गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिलों की 140 संयुक्त टीमें गठित की गयी हैं।जो लगातार गाँवों में जाकर जीपीएस मशीनों से गन्ना सर्वे का कार्य कर रही हैं। अब तक 120 गांवों के 14520 किसानों का 6886 हेक्टेयर गन्ना सर्वे किया जा चुका है। दिनाँक 02 मई को बरेली मण्डल के उप गन्ना आयुक्त राजीव राय द्वारा गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के गाँव कुकरीखेड़ा में गन्ना सर्वे का औचक निरीक्षण किया गया। राजकीय गन्ना पर्वेक्षक राम बिलास एवं चीनी मिल के गन्ना पर्वेक्षक अरविन्द कुमार गाँव मे सर्वे करते हुये उपस्थित पाये गये। कृषकों ने बताया कि उन्हें सर्वे स्लिप मौके पर दी जा रही है।उप गन्ना आयुक्त ने निर्देश दिये कि सर्वे नीति का शत-प्रतिशत पालन करते हुये पूर्ण पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय 15 जून से पहले सर्वे कार्य को पूरा किया जाये। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपने कार्य-क्षेत्र में नियमित रूप से सर्वे कार्य का निरीक्षण करते रहें।इसके पश्चात गाँव मे ही आयोजित कृषक गोष्ठी में ख़ुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने कृषकों को चौनी धान से पर्यावरण को होने वाले नुकसान बताते हुये किसानों से अपील की की वे किसी भी स्थिति में सरकार द्वारा प्रतिबन्धित चौनी धान की फसल न लगायें। उप-गन्ना आयुक्त ने कृषकों को गन्ना फसल में सम-सामयिक कीट व रोग प्रबन्धन,सिंचाई एवं खर पतवार नियन्त्रण की जानकारी देते हुये कृषकों से अनुरोध किया है।कि वे बेहतर उपज प्राप्त करने हेतु पेड़ी-प्रबन्धन पर विशेष ध्यान दें।कार्यक्रम में किसान मुनीश चन्द्र, महेंद्र पाल,हर प्रसाद,भागवत सरन आदि कृषकों ने प्रतिभाग किया है।साथ ही राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत,प्रदीप अग्निहोत्री सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव एवं एलएच फैक्टरी के जीएम केबी शर्मा के अलावा अन्य फील्ड कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान, दी रेलवे के नियम और कानून की जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**यात्री सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन पर चलाया गया जागरूकता अभियान**

पीलीभीत।पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने यात्रियों के बीच यात्री सुरक्षा लेकर चलाया जागरूकता अभियान। आरपीएफ इंस्पेक्टर शहनबाज हुसैन के नेतृत्व में स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर यात्रियों को जागरूक किया गया। विशेष रूप से यात्रियों से अपील की गई कि अपने बच्चों का साथ स्टेशन में न छोड़े।अनजान व्यक्ति से संपर्क न रखें। कभी कभी कुछ गिरोह स्टेशन में बच्चा चुराने की फिराक में रहते हैं। ऐसे लोग बेवजह यात्रियों से संपर्क बढ़ाएंगे और फिर लोगों को रिझा कर खाने पीने की वस्तु देंगे। इसके बाद बच्चे को गायब करने की फिराक में रहेंगे। यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान लगभग दो सप्ताह तक चलाया जाएगा जिसमें रेलवे परिसर में अवैध रूप से प्रवेश न करें। रेलवे लाइन के इस पार से उस पार जाने के लिए ओवरब्रिज का प्रयोग करें।

# गजब ! एमडीएम के खाते से निकल गया पच्चीस हजार रुपया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सरकारी धन की हेराफ़ेरी और वित्तीय अनियमितता पर कागजी घोड़ा दौड़ा रहे अफसर**

अमेठी।विकास खण्ड सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय करनगांव के एमडीएम योजना के खाते से पच्चीस हजार रुपया तीन किश्तों में निकल जाने का मामला सामने आया है।बेसिक शिक्षा विभाग के आला अधिकारी वित्तीय अनियमितता के इस मामले पर मौनधारण कर कागजी घोड़ा दौड़ा रहे हैं। बताते चलें कि एमडीएम योजना के खाते का संचालन ग्राम प्रधान और विद्यालय के प्रधानाध्यापक के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाता है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत करनगांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय का एमडीएम खाता संख्या 19290100010327 बैंक आफ बड़ौदा शाखा रस्तामऊ में संचालित है। बताया जाता है कि एमडीएम के खाते से बीती पच्चीस दिसम्बर को पांच हजार रुपया व सत्ताइस दिसम्बर को दस हजार रुपया और पन्द्रह मार्च को एक बार फिर से दस हजार रुपया निकल गया है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि तीन चार माह से एमडीएम के खाते से पैसा बराबर निकलता रहा और बेसिक शिक्षा विभाग के खेवनहारों को इसकी भनक तक नही लगी। बताया जाता है कि बैंक कर्मियों द्वारा एमडीएम खाता में ग्राम प्रधान और विद्यालय के प्रधानाध्यापक के आधार कार्ड से केवाईसी होनी थी परन्तु बैंक कर्मियों द्वारा दूसरे का आधार लिंक कर केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई।बैंक आफ बडौदा रस्तामऊ के एक बी सी पर अपनी आई डी द्वारा एम डी एम खाता में आधार कार्ड द्वारा पहले पांच हजार रुपया फिर दो दिन बाद दस हजार रुपया और पन्द्रह मार्च को एक अज्ञात बी सी द्वारा दस हजार रुपया एम डी एम खाते से निकालने का आरोप लगाया गया है और उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक से लिखित शिकायत भी किये जाने की बात उभर कर सामने आई है।

# कौन है सोनिया गांधी का वो करीबी, जो राहुल गांधी की जगह अमेठी से स्मृति को कर सकता है चैलेंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। सूत्रों से खबर है कंग्रेस रायबरेली से राहुल गांधी को और अमेठी से केएल शर्मा को उम्मीदवार बना सकती है. हालांकि रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम की भी चर्चा है.रायबरेली और अमेठी सीट पर कंग्रेस किसे टिकट देगी, इस पर सस्?पेंस बरकरार है. इन दोनों ही लोकसभा सीटों पर पांचवें चरण में चुनाव होना है और नामांकन में बस एक ही दिन बचा है. लंबे समय से ये दोनों ही लोकसभा क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ माने जाने वाली उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीटों पर कंग्रेस किसे उम्मीदवार बनाएगी, इसका आधिकारिक ऐलान तो नहीं हुआ है, हालांकि चर्चा है कि इन दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम करीब-करीब फाइनल कर लिए गए हैं.सूत्रों के हवाले से ऐसी खबरें हैं कि कंग्रेस रायबरेली से राहुल गांधी को और अमेठी से केएल शर्मा को उम्मीदवार बना सकती है. हालांकि रायबरेली से प्रियंका गांधी के नाम पर भी चर्चाएं हैं. जानिए कौन हैं केएल शर्मा जो अमेठी में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सांसद स्मृति ईरानी को टक्कर दे सकते हैं. केएल शर्मा का पूरा नाम किशोरी लाल शर्मा है और वह गांधी परिवार के बेहद खास हैं. साल 2022 में उन्होंने यूपी में विधानसभा चुनावों के समय बयान दिया था कि आज जो नेता कंग्रेस पार्टी छोड़कर जा रहे हैं, उन्हें कंग्रेस ने ही तैयार किया है.।

जब सोनिया गांधी ने चिट्ठी लिखकर रायबरेली से चुनाव न लड़ने का अपना फैसला जनता को बताया था तो उस समय केएल शर्मा ही उनका रुख स्पष्ट करने के लिए मीडिया से बात कर रहे थे. कंग्रेस के विधायक केएल शर्मा ने बुधवार (1 मई 2024) को कहा, 'हमारी अमेठी और रायबरेली में मीटिंग हुई, क्योंकि इन दोनों सीटों से उम्मीदवारी के संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है. लोग गांधी परिवार से किसी के चुनाव लड़ने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे भी ऐसा ही लगता है. चूंकि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 3 मई है, हमें तैयारी करनी है।

' अगर पार्टी केएल शर्मा को टि?कट देती है तो फिर कंग्रेस दशकों बाद अपने एक पुराने ख्याल को आगे बढ़ाती हुई नजर आएगी. सन् 1991 में जब तत?कालीन पीएम राजीव गांधी का निधन हुआ तो उस समय अमेठी से गांधी परिवार के बाहर के सदस्य सतीश शर्मा ने चुनाव लड़ा था. उन्?हें यहां से जीत भी हासिल हुई थी. साल 1998 में सोनिया गांधी ने यहां से चुनाव लड़ा और साल 2004 में राहुल गांधी ने यहीं से अपनी राजनीतिक पारी का आगाज किया. राहुल को पहले ही चुनाव में जीत हासिल हुई थी।

# बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ और भाग्य विधाता : शंकर गिरि

## हर बूथ पर 425 वोट और 65 प्रतिशत वोटिंग हो : सांसद मेनका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर।भाजपा ने गुरुवार को नागेश्वर मैरिज लान,दियरा रोड लंभुआ में विधानसभा का बूथ सम्मेलन आयोजित किया। बूथ सम्मेलन को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को टिप्स देते हुए बूथ जीतों चुनाव जीतों का मंत्र दिया।उन्होंने कहा बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ और भाग्य विधाता हैं।वह बूथ पर पार्टी का परचम फहराता है।उन्होंने कहा साढ़े तीन लाख वोट तो भाजपा परिवार के हैं।अगर साढ़े तीन लाख लोग एक- दो वोट जोड़ें तो सात से आठ लाख वोट हो जाएंगे।उन्होंने कहा विपक्ष की जमानत जब्त करानें के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दें।हम भारत को विकसित व विश्वगुरु बनाने के लिए काम कर रहे हैं।सांसद मेनका संजय गांधी ने बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा 1991 बूथ हैं।हर बूथ पर कम से कम 425 वोट और 65 प्रतिशत वोटिंग के लिए काम करना है।20 दिन चुनाव में बचें हैं। प्रधान बीडीसी पूर्व बीडीसी व पूर्व प्रधान से लगातार संपर्क में रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा हमारा लक्ष्य पार्टी प्रत्याशी व सांसद मेनका संजय गांधी को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने का है।हमको बूथ समिति के साथ टिफिन बैठक, ड्राइंग रूम चौपाल,पन्ना प्रमुख सम्मेलन करना है।पन्ना प्रमुख को निरंतर वोटर से संपर्क करना है।तीन बार घर-घर संपर्क, लाभार्थी संपर्क, अनुसूचित जाति संपर्क, युवा मोर्चा द्वारा बूथ पर बाइक रैली निकालना, घरों पर झंडा लगाना, प्रत्येक बूथ पर दो व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सक्रिय करना है। लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा की।सम्मेलन को विधानसभा प्रभारी केके जायसवाल, संयोजक अयोध्या प्रसाद वर्मा आदि ने संबोधित किया।

# चुनाव में वाहन उपलब्ध न कराने की स्थिति में तत्काल दर्ज करायें एफआईआर : एआरटीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। प्रभारी अधिकारी वाहन व्यवस्था व अपर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु वाहन व्यवस्था से सम्बन्धित महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन गुरुवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों एवं अन्य के द्वारा हल्के व भारी वाहन व्यवस्थाओं से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभाग करते हुए विस्तृत चर्चा की गयी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि निर्वाचन में लगभग चार सौ सत्रह बसों की आवश्यकता का आगणन किया गया एवं लगभग छह सौ पचास हल्के वाहन यथा-बोलेरो, टाटा सूमो आदि की आवश्यकता है, इस हेतु जनपद के वाहन स्वामियों को वाहन के अधिग्रहण आदेश पुलिस व प्रवर्तन स्टाफ द्वारा तामील करा दिया गया हैं व सम्बन्धित वाहन बोलेरो,सूमो, स्कार्पियो आदि को सायं सोलह मई तथा बस,डीसीएम, ट्रक, मैजिक को पूर्वान्ह सत्रह मई को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज भेजना होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त तामीला की वर्गवार सूची तैयार करा ली जाय जिससे वाहन उपलब्ध न कराने की स्थिति में निर्वाचन की गम्भीरता के दृष्टिगत तत्काल विधिक कार्यवाही के तहत वाहन स्वामी व चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में अधिकांश उपलब्ध बसें स्कूलों से सम्बन्धित हैं ।

# पूरे बदायूं में एक ही शोर कमल खिलेगा चारों ओर : ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत में प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो गया है। जनपद से कई भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि 7 मई को होने वाले बदायू लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में लग गए हैं। भाजपा जिसको लेकर तैयारी में जुटी हुई हैं। बदायूं से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव लड़ाने जनपद के मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा लगातार चुनाव जनसंपर्क में लगी हुई है।और वहां चुनाव प्रचार कर रही हैं।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा अपनी आवंटित विधानसभा क्षेत्र में चुनाव चिन्ह कमल के फूल के लिए वोट मांग रही हैं।इस बार एक फिर बदायूं की जनता भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से चुनाव जीतने का काम करेगी। और तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे।

# वैक्सीन के खेल का खुलासा

कोरोना काल में हुई असंख्य मौतों के बाद भी अकाल मृत्यु का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लगभग रोजाना ऐसी खबरों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिनमें कहीं कसरत करते हुए, कहीं नाचते हुए, कहीं कुर्सी पर बैठे-बैठे ही अच्छे-भले लगने वालों की मौत हो गई। ऊपरी तौर पर शरीर भले ही स्वस्थ दिखाई दे रहा हो, लेकिन भीतर न जाने एकदम से क्या होता है कि सीधे जान ही चली जाती है। डॉक्टर भी इन अकाल मौतों के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। लेकिन एक सामान्य धारणा बन रही है कि कोरोना से बचने के लिए जो वैक्सीन लगाई गई हैं, ये उसका साइड इफ़ेक्ट यानी दुष्प्रभाव हो सकता है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि अब तक नहीं हुई है। लेकिन इस बीच कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी बनाई वैक्सीन के खतरनाक साइड इफ़ेक्ट्स हो सकते हैं। सोमवार 29 अप्रैल को ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेज में कंपनी ने माना है कि उनकी कोरोना वैक्सीन से थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है, जो मस्तिष्क आघात या दिल के दौरे का कारण बन सकती है। हालांकि कंपनी का कहना है कि कम मामलों में ही ऐसे दुष्प्रभाव देखे गए हैं। इस भयावह खबर का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। जिसे भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल किया गया है। कम से कम 175 करोड़ लोगों ने इस वैक्सीन को लगवाया है। भारत सरकार ने कोरोना वैक्सीन लगवाने की जबरदस्ती नागरिकों पर थोपी थी, क्योंकि वैक्सीन लगवाने का प्रमाणपत्र दिखाए बिना न सफर करने दिया जा रहा था, न शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों में जाने दिया जा रहा था। प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाला प्रमाणपत्र लेकर लोगों को घूमना पड़ रहा था। उनके लिए शायद यह भी प्रचार करवाने का एक अवसर था। हालांकि अब कहा जा सकता है कि इसमें करोड़ों नागरिकों को गिनीपिग की तरह दवा कंपनियों के सामने पेश कर दिया गया। जिन पर कंपनियों ने अपनी वैक्सीन का परीक्षण किया। इसके बाद लोगों की जान अचानक चली जाए, तो भी इसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। क्योंकि सरकार को तो वैक्सीन बनवाने की वाहवाही लूटनी थी। भारत में इस समय जो अकाल मौतें हो रही हैं, उसके पीछे क्या वैक्सीन जिम्मेदार है, और ऐसे कितने लोग हैं, जिनकी मौत का कारण कोविड वैक्सीन है, इसके कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन की वजह से हुई मौतों या गंभीर बीमारियों के खिलाफ लोग अदालत गए और अब कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। इन पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्ज़ाना मांगा है। सबसे पहले पिछले साल जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से टीटीएस नहीं हो सकता है। लेकिन इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेज में कंपनी इस दावे से पलट गई। और अब पता चल रहा है कि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से टीटीएस हो रहा है। हालांकि कंपनी ने उस बात को नकार दिया है कि इस वैक्सीन से कोई घातक बीमारी हो सकती है। एस्ट्रजेनेका का कहना है कि उन लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं, जिन्होंने अपनों को खोया है या जिन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। मरीजों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। लेकिन इस प्राथमिकता या संवेदनशीलता के प्रदर्शन का अब क्या अर्थ जब लाखों-करोड़ों लोगों की जान पर बन आई है। अगर मरीजों का ख्याल वाकई कंपनी को होता तो पीड़ितों को हाईकोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाना पड़ता। पीड़ितों को न्याय की उम्मीद अब अदालत से ही है। अगर ब्रिटिश कोर्ट कंपनी के खिलाफ फैसला देता है तो एस्ट्राजेनेका पर 255 मिलियन पाउंड यानी करीब 2671 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है।

# पाकिस्तान क्यों चाहता भारत से कारोबारी संबंधों की बहाली?

**भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द ही सुधार की संभावना भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। पाकिस्तान के लिए कठमुल्लों पर लगाम लगाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। आने वाले समय में दोनों देशों के नेताओं के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस कदम ही इस गतिरोध को तोड़ सकते हैं। भारत की चिंता बहुत वाजिब है। भारत सरहद के उस पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है। इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाकिस्तान लाख चाहे पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाकिस्तान ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू- कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था। तब से पाकिस्तान के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेगा। हालांकि अब जम्मू-कश्मीर में 370 की बहाली होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस बारे में सारा देश एक तरह से सोचता है। और, पकिस्तान हो या कोई अन्य विदेशी मुल्क, वहां की सरकार या अवाम को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल को मोदी जी तो हरगिज बर्दास्त नहीं करेंगे। पहले की सरकारों की कमजोरी से ही अबतक ऐसा होता रहा है। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल होगी। खराब आर्थिक नीतियों और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार-तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में हर वक्त कटोरा लेकर खड़ा रहता है।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश की रसातल में जा रही अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए 26 अप्रैल को अपने मुल्क के उद्योगपतियों से कराची में मुलाकात की। वहां सवाल-जवाब का लम्बा दौर भी चला। इस दौरान पाकिस्तान के चोटी के उद्योगपति और आरिफ हबीब ग्रुप के चेयरमेन आरिफ हबीब ने शाहबाज शरीफ से पुरजोर गुजारिश की कि पाकिस्तान को भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध तुरंत बहाल करने चाहिए। पाकिस्तान के अंग्रेजी के मशहूर अखबार द डॉन ने इस खबर को प्रमुखता के साथ छापा भी है। उस वक्त वहां पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के समधी इशाक डार भी मौजूद थे। डार के बेटे की शादी नवाज शरीफ की बेटी से हुई है। डार ने पिछले महीने ही कहा था कि उनका मुल्क भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहता है। उधर, भारत का मानना है कि व्यापार को द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के एक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए, पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगाना होगा। वहां चल रही आतंकवाद के कारखानों को तुरंत बंद करना होगा। भारत का यह भी मानना है कि आतंकवाद के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए बिना व्यापार शुरू करना संभव नहीं है। दरअसल पाकिस्तान के नेताओं की भारत के साथ व्यापार शुरू करने की इच्छा कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। यह सब जानते हैं। भारत के साथ व्यापार, विशेष रूप से चीनी और कपास जैसे उत्पादों का आयात बंद होना, पाकिस्तान के लिए महंगा पड़ रहा है। क्योंकि, उसे ये उत्पाद दुबई जैसे देशों से मंगवाने पड़ते हैं। पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय का मानना है कि भारत के साथ सीधा व्यापार आर्थिक विकास को गति दे सकता है। अफगानिस्तान और ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने भी पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा दिया है। यह भी देखना होगा कि ईरान के नेता की हालिया इस्लामाबाद यात्रा से दोनों देश कितने करीब आते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द ही सुधार की संभावना भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। पाकिस्तान के लिए कठमुल्लों पर लगाम लगाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। आने वाले समय में दोनों देशों के नेताओं के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस कदम ही इस गतिरोध को तोड़ सकते हैं। भारत की चिंता बहुत वाजिब है। भारत सरहद के उस पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है। इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाकिस्तान लाख चाहे पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाकिस्तान ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू- कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया था। तब से पाकिस्तान के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेगा। हालांकि अब जम्मू-कश्मीर में 370 की बहाली होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस बारे में सारा देश एक तरह से सोचता है। और, पकिस्तान हो या कोई अन्य विदेशी मुल्क, वहां की सरकार या अवाम को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल को मोदी जी तो हरगिज बर्दास्त नहीं करेंगे। पहले की सरकारों की कमजोरी से ही अबतक ऐसा होता रहा है। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल होगी। खराब आर्थिक नीतियों और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार-तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में हर वक्त कटोरा लेकर खड़ा रहता है। पाकिस्तान अपने निर्यात को भी बढ़ाना चाहता है। लेकिन आतंकवादी मुल्क से आयात करेगा कौन? विश्व बैंक ने 2018 में अनुमान लगाया था कि अगर पाकिस्तान का भारत के साथ व्यापार अपनी क्षमता तक पहुंच जाता है तो उसका निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक ल्लएंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तानङ्क के लेखक अजय बिसारिया कहते हैं, ''अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा।'' एक बात शीशे की तरह से साफ है कि सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तान का अवाम पड़ोसी भारत की जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। पाकिस्तान तो बिजली और आटे की किल्लत, बेरोजगारी और महंगाई की मार से त्राहि-त्राहि कर रहा है। इस पृष्ठभूमि में पाकिस्तान का नेतृत्व भारत के साथ कारोबारी संबंध स्थापित करने का ख्वाब देख रहा है। हां, यह तो मानना होगा कि चाहे नवाज शरीफ हों या फिर उनके अनुज और देश के मौजूदा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ कारोबार के महत्व को तो अच्छी तरह समझते हैं। ये खुद भी कारोबारी हैं। शरीफ परिवार का स्टील का बिजनेस है। इनकी कंपनी के भारत के प्रख्यात स्टील कारोबारी सज्जन जिंदल की कंपनी जिंदल साउथ-वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) से कारोबारी संबंध रहे हैं। शरीफ जानते हैं कि अब दुनिया युद्ध के रास्ते पर नहीं चल सकती है, क्योंकि; युद्ध विनाश का पर्यायवाची है। उनके सामने भारत-चीन का शानदार उदाहरण है। ये दोनों दिग्गज एशियाई मुल्क अपने जटिल सीमा विवाद को सुलझाने की चेष्टा करते हुए भी आपसी व्यापार को आगे लेकर जा रहे हैं। वर्तमान में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब रुपये के आसपास पहुंच रहा है। पाकिस्तान की भारत के साथ तिजारत की चाहत पूरी हो सकती है, अगर वह आतंकियों की गोद से मुक्त होकर भारत की चिंताओं का समाधान करे। **-आर.के. सिन्हा**

# कोविशील्ड पर फैला 'भ्रम या हकीकत'?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

कोविशील्ड वैक्सीन टीका लगवाने वाले लोग दहशत में हैं। क्या इसकी वजह कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफैक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेना है? बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चा हो रही है। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी समारोह... लोगों का नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाने की अनगिनत कहानियां हैं। करीब दो-तीन साल में हुई ऐसी मौतें पहेली बनी हुई हैं। अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफैक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो भगवान ही जाने पर कोविशील्ड कंपनी का खुलासा यह दर्शाता है कि भविष्य में भी टीकाधारकों को साइड इफैक्ट हो सकता है। इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़ा देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है, जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाव को ध्यान में रखकर लगवाए थे। पूरे संसार की बात करें, तो ये आंकड़ा ढाई से तीन अरब तक पहुंचता है। गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष स्वीकारा है कि उनके टीके के इस्तेमाल से 'ब्लड क्लॉटिंग' यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं, तब से चारों तरफ हंगामा कटा हुआ है। कंपनी की इस स्वीकारता से संसार भर में कोविशील्ड का टीका लगवाने वालों में दहशत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए, भरोसा दिया है कि अगर साइड इफैक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है। पर, लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा। एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैसे? ये जानना भी जरूरी है। दरअसल, ब्रिटिश नागरिक जैमी स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के कोर्ट में खदेड़कर मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे, जिसके बाद वह स्थाई तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। उसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हर्ज़ाना देने का आदेश भी दिया है। इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ऐ कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थी। इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर गरमा चुका है। मालूम हो, जब कोरोना कहर बरपा रहा था। पूरी दुनिया इसके चपेट में थी। तब, कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया। वैसे कम ही लोग जानते होंगे कि काविशील्ड नाम भारत ने ही दिया था। एस्ट्राजेनेका वैक्स जोब्रिया टीके का निर्माण भारतीय फार्मा कंपनी 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' यानी एसआईआई ने भी अपने स्तर से किया था। टीका बनने के बाद बाकायदा उसका ट्रायल हुआ। सबसे पहले चूहों पर प्रयोग किया गया। उसके बाद एकाध गंभीर मरीजों को टीका लगाया गया, जिसका रिजल्ट बेहतरीन पाया गया। फिर, डब्ल्यूएचओ की स्वीकति मिली, उसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के संयुक्त पैनल की देखरेख में मुकम्मल पड़ताल हुई, तब कहीं जाकर टीकों को मरीजों में लगवाना आरंभ हुआ। हां, इतना जरूर है कोविशील्ड को ब्रिटेन में आनन-फानन में नियमों के विरुद्ध जल्दबाजी में बिना ट्रायल के लोगों को टीका देना शुरू कर दिया गया था। यह बात भी वहां की हुकूमत ने कोर्ट में स्वीकारी है। इसलिए एस्ट्राजेनेका का ये कहना सच साबित होता है कि वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। चिकित्सकों के मुताबिक इसे लंबे ट्रायल की आवश्यकता थी। जो उस वक्त नहीं किया गया। इसकी जवाबदेही फार्मा कंपनी की ही बनती है। जब उन्हें ये पता था कि इसके दुष्परिणाम भविष्य में अच्छे नहीं होंगे? तो क्यों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत उन्होंने दी। कई ऐसे सवाल हैं जिन्हें बिंदूवार तरीके से अब एस्ट्राजेनेका कंपनी को ही देने होंगे।

## सेहत मंत्र

# कसरत के तुरंत बाद अगर पीते हैं पेय पदार्थ तो हो जाएं सावधान

आज के समय में लोग अपनी सेहत को लेकर बेहद सजग होते जा रहे हैं और शायद यही कारण है कि हर उम्र के लोग आपको जिम में कसरत करते हुए दिख जाएंगे। यह सच है कि अपने शरीर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए आपको कुछ देर व्यायाम अवश्य करना चाहिए। लेकिन व्यायाम करने के साथ-साथ आपका खान-पान भी आपके शरीर पर व्यापक प्रभाव डालता है। खासतौर से, जिम में एक्सरसाइज के बाद आपके शरीर के पानी का स्तर काफी कम हो जाता है और लोग अपनी प्यास को बुझाने के लिए कुछ ऐसे पेय पदार्थों को पी लेते हैं, जिससे उनकी सारी मेहनत बेकार हो जाती है। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ पेय पदार्थों के बारे में, जिन्हें आपको वर्कआउट के बाद पीने से परहेज करना चाहिए- स्पोर्ट्स ड्रिंक-आजकल वर्कआउट के बाद स्पोर्ट्स ड्रिंक पीने का चलन काफी बढ़ गया है। ऐसा माना जाता है कि यह आपके शरीर को दोबारा रिचार्ज करने का काम करते हैं, जबकि वास्तव में यह गलत है। स्पोर्ट्स ड्रिंक में काफी मात्रा में केवल चीनी और कैलोरी पाई जाती है, जबकि इसमें पोषण न के बराबर होता है। इसलिए इन्हें काफी अनहेल्दी माना जाता है। हो सकता है कि आपको कुछ ब्रांड्स के स्पोर्ट्स ड्रिंक में कुछ विटामिन और इलेक्ट्रोलाइट प्राप्त हो लेकिन शुगर की उच्च मात्रा और आर्टिफिशियल फ्लेवर का इस्तेमाल किए जाने के कारण इन्हें वर्कआउट के बाद पीने से परहेज करना चाहिए। पैकेज फ्रूट जूस- आमतौर पर माना जाता है कि फलों का रस सेहत के लिए लाभकारी होता है और इसलिए अधिकतर लोग व्यायाम के बाद पैकेज फ्रूट जूस को पीना पसंद करते हैं। लेकिन शायद आपको जानकर हैरानी हो कि अधिकतर पैकेज फ्रूट जूस में हाई-फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप मिलाया जाता है, जो आपके लिए मोटापे व मेटाबॉलिक सिंड्रोम डिसीज का कारण बनता है। इसके अतिरिक्त इन जूसेस से आपको विटामिन और पौष्टिक फाइबर भी प्राप्त नहीं होते। इसलिए बेहतर होगा कि आप पोषक तत्वों की प्राप्ति के लिए पैकेज फ्रूट जूस के स्थान पर ताजा फलों के रस को महत्ता दें।

## धर्म मंत्र

# संन्यास से मिलता है सौंदर्य

संन्यासी अपूर्व सुंदर हो जाता है। संन्यास जैसा सौंदर्य देता है, मनुष्य को और कोई चीज नहीं देती। संन्यस्त होकर तुम सुंदर न हो जाओ तो समझना कि कोई भूल-चूक हो रही है। संन्यासी का कोई श्रृंगार नहीं है। संन्यास इतना बड़ा श्रृंगार है कि फिर किसी और श्रृंगार की कोई जरूरत नहीं है।तुमने देखा कि सांसारिक व्यक्ति भोगी है। जवानी में शायद सुंदर होता हो, लेकिन जैसे-जैसे बुढ़ापा आने लगता है, असुंदर होने लगता है। लेकिन उससे उलट घटना घटती है संन्यासी के जीवन में; जैसे-जैसे संन्यासी वृद्ध होने लगता है, वैसे-वैसे और सुंदर होने लगता है। क्योंकि संन्यास की कोई वृद्धावस्था होती ही नहीं, संन्यास कभी बूढ़ा होता नहीं। संन्यास तो चिर-युवा है। इसलिए तो हमने बुद्ध और महावीर की जो मूर्तियां बनाई हैं, वह उनकी युवावस्था की बनाई हैं। इस बात की खबर देने के लिए कि संन्यासी चिर-युवा है। हमने अपूर्व सौंदर्य से भरी मूर्तियां बनाई हैं महावीर और बुद्ध की। उनके पास कुछ भी नहीं है, न कोई साज है, न श्रृंगार है। कृष्ण को तो सुविधा है, कृष्ण की मूर्ति को तो हम सजा लेते हैं, मोरमुकुट बांध देते हैं, रेशम के वस्त्र पहना देते हैं, घुंघरू पहना देते हैं, हाथ में कंगन डालकर मोतियों का हार लटका देते हैं, पर बुद्ध और महावीर के पास तो कुछ भी नहीं है। बुद्ध के पास तो एक चीवर है, जिसको ओढ़ा हुआ है, महावीर के पास तो वह भी नहीं, लेकिन फिर भी अपूर्व सौंदर्य है। ऐसा सौंदर्य, जिसको किसी सजावट की कोई जरूरत नहीं। संसार तो छोड़ना है, संसार की माया-ममता भी छोड़नी है। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि संन्यास कठोर बना दे तुम्हें, कृपण बना दे तुम्हें, कि तुम्हारे हृदय को पत्थर बना दे, तब तो तुम चूक गए।

## पर्यटन



# भोपाल में घूमने के लिए हैं बहुत जगहें

मध्य प्रदेश की राजधानी होने के साथ-साथ भोपाल शहर प्राकृतिक सुन्दरता और सांस्कृतिक विरासत के सभी आधुनिक आयाम स्थापित करता है। बताया जाता है कि इसे 11वीं शताब्दी में राजाभोज द्वारा बसाया गया था, तब इसे भोजपाल कहा जाता था जो अपभ्रंश होकर भोपाल हो गया है। भोपाल शहर में स्थित पुराने बाजार, मस्जिदें और महल बने हुए हैं। सुन्दर पार्क और गार्डन, लम्बी चौड़ी सड़कें, आधुनिक इमारतों से भोपाल एक सुन्दर शहर बन गया है। यहां पर्यटकों को मुग्ध करने वाली सौगात है ''शान-ए-भोपाल''। करीब 13 किलोमीटर की झील के किनारे सुन्दर ''मेरिन ड्राईव'' पर घूमने का आनन्द ही कुछ ओर है। मध्य में ''राजा भोज'' की विशाल मूर्ति स्थापित की गई है। रात में रोशनी में झिलमिलाता झील का दृश्य नयाभिराम होता है। आने वालों को एक शाम यहां जरूर बितानी चाहिए। भोपाल की ताज?उल?मस्जिद एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद मानी जाती है। स्वर्ण शिखर से मण्डित भोपाल चौक स्थित जामा मस्जिद भी आकर्षण का केन्द्र है। दिल्ली की जामा मस्जिद की तर्ज पर बनी मोती मस्जिद मुगल कला का सुन्दर नमूना है। अफगान शासक दोस्त मुहम्मद खान के बनाए गये महल एवं सुन्दर बगीचे दर्शनीय हैं, जहाँ कई फिल्मों की शूटिंग होती रहती है। भोपाल में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, श्यामला पहाड़ी के शिखरों पर करीब 200 एकड़ में स्थापित है। इस संग्रहालय में 32 पारम्परिक एवं प्रागेतिहासिक शैल चित्र पाये जाते हैं। संग्रहालय परिसर में वन प्रान्तों, पर्वतीय, समुद्रतटीय तथा अन्य क्षेत्रों के मूल निवासियों तथा देश की विविध मौलिक समाजों की जीवन पद्धतियों को प्रदर्शित करने वाली सामग्री प्रदर्शित की गई है। भोपाल का यह संग्रहालय सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र है। इसके अतिरिक्त शौकत महल, सदर मंजिल, गौहर महल, भारत भवन, स्टेट म्यूजियम, गांधी भवन, वन विहार और लक्ष्मी नारायण मंदिर, छोटी और बड़ी झील तथा मछलीघर दर्शनीय स्थल हैं। भोपाल से 210 किलोमीटर दूरी पर मध्य प्रदेश का एक मात्र पर्वतीय स्थल पंचमढ़ी होशंगाबाद जिले में समुद्रतल से 1067 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

# रेंजर के बयान से ठेकेदारों में खुशी नगर पंचायत क्षेत्र में कटान तेज

## सिद्धौर में 11 प्रतिबंधित सूखे आम पेड़ कटान में रेंजर ने नहीं की कार्रवाई, दिया जिओ का हवाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के लंबौवा वार्ड में रेंजर हरख व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से 11 प्रतिबंधित सूखा आम पेड़ बगैर परमिट के ठेकेदार काटकर गिरा दिया। पिकअप से लकड़ी ढुलाई पर पर्यावरण प्रेमी व समाजसेवियों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की। लेकिन गुरुवार देर शाम तक विभागीय अधिकारी कटान मामले जांच तो की। लेकिन कार्रवाई नहीं की। उल्टे रेंजर हरख ने नगर पंचायत सीमा क्षेत्र के जिओ का हवाला देते हुए प्रतिबंधित पेड़ों कटान को छूट श्रेणी में बताकर कार्रवाई से इंनकार किया है।

हरख रेंज के असंद्रा थाने से संबंद्ध चौकी क्षेत्र के नगर पंचायत सिद्धौर के लंबौवा वार्ड में स्थानीय निवासी राकेश नाग आम बाग में गुरुवार को 11 प्रतिबंधित सूखे आम पेड़ कटाकर गिरा दिया। इसकी लकड़ी पिकअप से लदाकर स्थानीय अड्डी पर बिक्री कर दिया गया। इसकी शिकायत पर रेंजर हरख प्रदीप सिंह ने वन दरोगा सचिन पटेल, वन रक्षक जगदंबिका उर्फ पप्पू व साहबदीन को कटान स्थल पर भेजा। यहां 11 पेड़ों ठूंठ माप हुई। बगैर परमिट व टीपी लदी पिकअप विभाग के अधिकारी करीब चार घंटें रोके रहे। लेकिन रेंजर हरख प्रदीप सिंह से कटान कर्ता से फोन पर हुई वार्ता बाद पिकअप रवाना हो गई। देर शाम तक वह कटान में कार्रवाई नहीं की। उल्टे हरख रेंजर प्रदीप सिंह का कहना है कि शासनादेश के मुताबिक नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिबंधित कलमी आम के पेड़ पर कार्रवाई नहीं हो सकती है। क्योंकि सीमा क्षेत्र बाहर लकड़ी जाने पर विभाग कार्रवाई करेगा। उन्होंने ऐसा जिओ होने का हवाला दिया। उक्त बयान से क्षेत्रीय ठेकेदारों में खुशी की लहर है। क्योंकि नगर पंचायत सीमा क्षेत्र के अंदर ही आधा दर्जन अड्डी है। स्थानीय ठेकेदार प्रतिबंधित हरे आम, महुआ व नीम के बयाना किसानों देना शुरू कर दिया है। इसी जिओ आड़ में चैयरमैन प्रतिनिधि सिद्धौर लल्लू रावत ने बगैर परमिट के प्रतिबंधित हरा गूलर का पेड़ काटकर गिरा दिया।

# वन विभाग के ज़िम्मेदारों की मिलीभगत से चल रहा हरियाली पर आरा, कार्रवाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर जहाँ एक तरफ वन विभाग लाखो का बजट खर्च कर पौधरोपण कराता है वही दूसरी तरफ वन माफियाओं के द्वारा हरे पेड़ों को काटकर नष्ट किया जा रहा है। शिकायतो के बाद भी जिस तरह वन महकमे के जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने रहते हैं उससे अवैध लकड़ी कटान में उनकी संलिप्तता से इनकार नही किया जा सकता है।हम बात कर रहे वन क्षेत्र बाराबंकी के भनौली गांव में जहां लकड़ी माफिया सिराज के द्वारा हरे भरे प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों को काटकर पर्यावरण को नष्ट किया जा रहा है। जिसमेंआठ हरे नीम के पेड़ व एक आम का वृक्ष शामिल हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि वन माफिया बेखौफ हो कर हरियाली पर आरा और कुल्हाड़ा चला रहे हैं और वन विभाग के जिम्मेदार शिकायत पर भी इनके खिलाफ कार्रवाई नही करते हैं। इसी रफ्तार से कटान होती रही तो आने वाली पीढ़िया स्वच्छ हवा में सांस लेने को तरस जाएगी।संक्षेप में बात कहे तो संचार क्रांति के इस दौर में प्रतिबंधित पेड़ो का अवैध कटान बिना महकमें के जिम्मेदारो की मिलीभगत के संभव ही नही है। सूचना मिलने के बाद भी जिम्मेदारो का वन माफिया द्वारा काटे गए पेड़ की लकड़ी उठा ले जाने के बाद ही मौक़ेपर पहुंचना उनकी भूमिका को कटघरे में खड़ा करता हैं। क्षेत्र में हुई ताबड़तोड़ अवैध कटान के संबंध में जब क्षेत्रीय वन दरोगा से मोबाइल पर बात की गई तो वो मामले की लीपापोती करने लगे। कार्रवाई के बाबत पूछने पर बोले कि ज्यादा जानकारी चाहिए तो बाराबंकी कार्यालय आ जाइए पूरी डिटेल हम वही पर बताते हैं।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता जानने बड़ागांव पहुंची सरकार की टीम,ग्रामीण महिलाओ से किया संवाद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता चेक करने आयी भारत सरकार की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के वार्डो , ओपीडी , लेबर रूम सहित अभिलेखो की जांच पड़ताल की। अस्पताल के रखरखाव एव साफ सफाई से टीम सन्तुष्ट दिखी।

गुरुवार को सीएचसी बड़ागांव केंद्रीय टीम में शामिल एच आर की हेड भावना सिंह, सहायक कनिका, स्टेट से आये डॉ अर्पित पटनायक, डा शिवम शिंदे, मैनेजर बुंदेल सिंह ने इमरजेंसी, ओपीडी, वार्ड,दवा वितरण कक्ष, पैथालॉजी, आपरेशन कक्ष, एवं विभाग से जुड़े अभिलेखों की जांच की। क्षय रोग नियंत्रण कक्ष पहुँची केंद्रीय टीम ने क्षय रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या एवं उनको भेजी धनराशि आदि का भी जायजा लिया।

टीम के सदस्यों ने आयुष की डाक्टर प्रीति वर्मा से गर्भवती महिलाओं के सम्बन्ध में जानकारी हासिल की तथा इमरजेंसी में तैनात डाक्टर वी के मौर्य से आपातकालीन सेवाओ की जानकारी ली टीम सदस्यों ने टीकाकरण कक्ष में टीम में पहुंचकर अभिलेख एवं वैक्सीन को देखा। प्रसव एवं मरीज भर्ती वार्ड का भी निरीक्षण किया और मौके पर मिली महिला मरीजों से सीधा संवाद किया।

इसके पश्चात टीम के सदस्यों ने ज्योरी गांव मे पहुंच कर ग्रामीण महिलाओ से संवाद कर तीन फाइलेरिया केस को बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी दी।

इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार, डा. वीके मौर्य, डॉ. प्रीति वर्मा, ऋषि वर्मा, रोहित रॉय अखिलेश पटेल, चांदनी वर्मा सहित स्टाफ के लोग मौजूद थे।

# परामर्श के बाद भूले मतभेद एक साथ रहने को तैयार हुए 3 दम्पति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। महिला थाना, परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से पारिवारिक, वैचारिक मतभेद भुलाकर 3 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए।

महिला थाना, महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक/वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप बुधवार को 3 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है, जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल,जिला अस्पताल रेफर

**पिकप चालक मौके से गाड़ी छोड़कर फरार, घटना में दोनों वाहन हुए क्षतिग्रस्त**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैदपुर कोठी मार्ग पर पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया गया जहां हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों में जिला अस्पताल रेफर कर दिया कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैदपुर कोठी मार्ग पर उस्मानपुर (जहानाबाद) गांव के पास (छोटा हाथी पिकअप) ने अजौवा निवासी अभय वर्मा पुत्र मायाराम 18 वर्ष अपनी बाइक से उस्मानपुर से घर जा रहा था तभी जैदपुर की ओर से आ रही पिकअप डाला नंबर यूपी 41 बी टी 2730 ने जोरदार टक्कर मार दी घटना के बाद पिकअप डाला सड़क के नीचे गड्ढे में जाकर पलट गया और चालक पिकअप डाला छोड़कर मौके से फरार हो गया घटना में पल्सर बाइक और छोटा हाथी पिकअप क्षतिग्रस्त हो गया जिससे अभय गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया जहां हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह ने पिकअप डाला को कब्जे में लेकर कार्यवाही की है

# एसएसटी टीम ने लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत चलाया चेकिंग अभियान

बाराबंकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराए जाने हेतु/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अजय कुमार त्रिपाठी व एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत व क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक पाठक द्वारा प्रभारी निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह व एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) के साथ थाना मसौली क्षेत्रांतर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग कर काली फिल्म उतारने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।साथ ही जनपद के समस्त थानों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) के साथ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की गई एवं आचार संहिता/सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मारपीट के तीन दोषियों को पांच-पांच वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने गुरुवार को मारपीट के तीन आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना रामगढ़ के क्षेत्र विजयनगर निवासी सुरेश पत्र सोनपाल मोहल्ले के ही अजय के घर के सामने खड़े होकर लघु शंका कर रहा था। अजय के मना करने पर वह गाली गलौज करता हुआ यह कहकर चला गया तुझे देख लूंगा। कुछ देर बाद वह अपने साथ तीन अन्य लोगों को लेकर आ गया। सभी लोग लाठी डंडा फरसा से लैस थे। उन लोगों ने गाली देना शुरू कर दिया। अजय तथा उसके भाई लायक सिंह ने विरोध किया तो उन लोगों ने लायक सिंह के सिर में फरसा मार दिया। इसके बाद लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।अजय ने थाने में सुरेश पत्र सोनपाल उसके भाई राजेंद्र व भल्लू तथा बबलू पुत्र महाशंकर निवासी विजयनगर थाना रामगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने चारों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा पर अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला।अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे एडीजीसी अरवेश शुक्ला ने बताया मुकदमे के दौरान एक आरोपी बबलू की 24 जनवरी 2018 को मौत हो गई।मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने राजेंद्र सुरेश व भल्लु को दोषी माना। न्यायालय ने उन्हें पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर 23-23 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में 29 घर जला, बच्ची की जलकर मौत

## 77 बकरियों की भी जलने से मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बलरामपुर। जनपद में तुलसीपुर के बेली खुर्द गांव में अज्ञात कारणों से आग लग गई है। लगी आग में 29 घरों में रखी संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना में एक आठ माह की बच्ची की जलकर मौत हो गई है। जबकि दो महिला गंभीर रूप से झुलस गईं। 77 बकरियों की भी झुलसकर मौत हो गई। झुलसी महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

गुरुवार को दोपहर बाद बेली खुर्द गांव में अज्ञात कारणों से लालता के घर आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि देखते ही देखते चंदर, स्वामीनाथ, राजेश, कृपा, ढुल्लुर, रमेश, नान बाबू, दयाराम, राजाराम, मंगल,शंकर, फूलचंद, पंचम, दयाशंकर, बाबूराम, प्रभु, लालता, गंगा, चौकीदार मन्नान, मनीराम, ननकू, लक्का देवी, सनी देवल, दीनानाथ,विट्टा देवी, शांति देवी एवं जीतराम समेत 29 का घर जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।अग्निकांड में मनीराम की 8 माह की पुत्री जो कि घर में सो रही थी, वह घर में ही जल गई। घटना के समय लोग खेत में काम कर रहे थे। जैसे ही आग लगने की सूचना मिली बदहवास होकर आनन-फानन में घर का सामान निकालने लगे, जब तक बच्ची को निकालते बच्ची जल गई।

घटना में अनारकली उर्फ ननकी पत्नी नानबाबू 45 वर्ष, रामपति पत्नी मन्नान 65 वर्ष जो घर का सामान निकालते समय गंभीर रूप से झुलस गई। जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर लाया गया, प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर किया गया है।इसके साथ ही दयाराम की 36, दीनानाथ की पांच, बब्बन की तीन, नान बाबू की आठ, मन्नान की 06, राजाराम का 9, शिव शंकर का 10 बकरियां झुलस कर मौत हो गई है। घटना में विद्युत विभाग का एलटी लाइन भी जल गया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर अभय सिंह अपने गांव वा अस्पताल में पहुंच पीड़ितों से घटना की जानकारी ली है।

एसडीएम ने बताया कि आज रात्रि के लिए पका भोजन तथा राशन की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया गया है। आगजनी से हुई क्षति का आकलन कराया जा रहा है, सहायता राशि जल्द ही दी जाएगी।

# ग्रामीणों को दी गई रेल मार्ग पर सुरक्षा सम्बंधित जानकारी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दरियाबाद बाराबंकी दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे लाइन के किनारे पड़ने वाले गांव को प्रभारी निरीक्षक जीआरपी बाराबंकी कोतवाली प्रभारी दरियाबाद शैलेंद्र कुमार आजाद ने वंदे भारत ट्रेन की सुरक्षा के संबंध में रेलवे ट्रैक स्टेशन के समीप के ग्राम सैदखानपुर, नेवली, बीकापुर, न्यामतपुर, लालपुर गुमान,जेठौती कुर्मियाँन, मथुरा नगर में जनता के व्यक्तियों के साथ मीटिंग किया गया एवम् बच्चों को भी समझाया गया कि रेलवे ट्रैक पर न जाय तथा किसी भी ट्रेन/वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर न फेंके और ना ही रेलवे लाइन के किनारे भैंस और बकरी लेकर ना जाएं रेलवे लाइन पर जब भी ट्रेन निकले तो रेलवे लाइन से दूरी बनाकर रखें ताकि किसी भी प्रकार से हादसा ना हो और जनता सुरक्षित रहे जो लोग सुबह सौचालय के लिए पैदल रेलवे ट्रैक पर निकलते हैं और ट्रैक पर घूमने आ जाते हैं वह लोग ऐसा ना करें रेलवे ट्रैक से दूरी बनाकर रखें ताकि होने वाले हादसे से बचा जा सके इस मौके पर सभी ग्राम के बच्चों एवं उनके अभिभावकों को समझाया गया है और सुरक्षा के नियम बताया गया है इस अवसर पर पुलिसकर्मी एवं शिक्षक मौजूद रहे ।।

# गाजियाबाद में नमाज अदा करते वक्त हार्ट अटैक से बुजुर्ग की मौत

गाजियाबाद। मुरादनगर की आदर्श कॉलोनी की छप्पर वाली मस्जिद में नमाज अदा करते समय एक 70 बुजुर्ग की अचानक मौत हो गई। जिस वक्त बुजुर्ग की मौत हुई उस समय वह दुआ मांग रहे थे। बुजुर्ग की अचानक मौत का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।उल्लेखनीय है कि हाजी हनीफ बुधवार शाम को कॉलोनी की ही छप्पर वाली मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाजी हनीफ मस्जिद में अकेले बैठकर ही नमाज अदा कर रहे थे। इसी बीच बुजुर्ग अचानक पीछे को गिर गए। पीछे के गिरने के बाद मस्जिद परिसर में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग तुरंत उन्हें उठाकर स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पूरी घटना मस्जिद परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। परिजनों का कहना है कि हार्ट अटैक से बुजुर्ग की मौत हुई है। बुजुर्ग के परिजनों ने उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि राष्ट्रीय महत्व का संरक्षित स्मारक

प्रयागराज। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद को लेकर दाखिल 18 मुकदमों में गुरुवार को भी सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख लगाई है।

यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने दिया है। गुरुवार को हिन्दू पक्ष की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस में कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि एक संरक्षित स्मारक है। यह राष्ट्रीय महत्व का स्मारक भी है। इसलिए यह प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल अवशेष अधिनियम 1958 से संचालित होगा।ऐसी स्थिति में इस मामले में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पूजा-अर्चना हमारा मौलिक अधिकार है। पूजा करने के मौलिक अधिकार को सीमा के कानून द्वारा कम नहीं किया जा सकता है। ऐसे मामलों के लिए देवता और भक्त दोनों को अधिकार है। उन्होंने कहा कि मुकदमा विचारणीय है। विचारणीय न होने की याचिका पर प्रमुख साक्ष्यों के बाद ही निर्णय लिया जा सकता है। इसलिए मुकदमें की पोषणीयता के सम्बंध में सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत प्रस्तुत अर्जियों को खारिज किया जाना चाहिए। इस मामले में अगली सुनवाई सात मई को होगी।

# गैंगस्टर मामले में सजा के खिलाफ अफजाल की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की गैंगस्टर एक्ट के तहत विशेष अदालत गाजीपुर से मिली चार साल की कैद व एक लाख जुर्माने के खिलाफ दाखिल अपील की सुनवाई आज नहीं हो सकी। कोर्ट को बताया गया कि अंसारी को मिली सजा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने भी अपील दाखिल की है। कोर्ट ने कल तीन मई को दोनों को एक साथ सुनवाई के लिए पेश करने का निर्देश दिया है।

अपील की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह कर रहे हैं। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता जी एस चतुर्वेदी व राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव व जे के उपाध्याय ने पक्ष रखा। बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने अपील को 30 जून 24 तक निस्तारित करने का आदेश दिया है। जिस पर अपील की सुनवाई की जा रही है।

# अभाविप काशी प्रान्त में 4 लाख 53 हज़ार 359 छात्रों को बनायेगी सदस्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**विद्यार्थी परिषद देशभर में चलायेगी परिसर चलो अभियान : राष्ट्रीय मंत्री**

**भदोही : अभाविप काशी प्रांत में जुलाई से चलाएगी सदस्यता अभियान**




भदोही, 02 मई (हि.स.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(अभाविप) की दो-दिवसीय प्रांत समीक्षा-योजना बैठक भदोही स्थित 'चित्रांगन लॉन' में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न सांगठनिक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल तथा क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही उपस्थिति रहे।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत की समीक्षा-योजना बैठक में इकाइयों द्वारा गत सत्र में की गई सदस्यता, शैक्षिक, सामाजिक, कार्यक्रम, अभियान एवं सांगठनिक विषयों की समीक्षा की गई एवं आगामी सत्र हेतु सदस्यता अभियान, परिसर चलो अभियान, इकाई गठन, कार्यक्रम तथा विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों की वृहद योजना तैयार की गई।अभाविप काशी प्रांत के 16 सांगठनिक जिला तथा इलाहबाद विश्वविद्यालय और बीएचयू आगामी 1 जुलाई से सदस्यता अभियान चलाएंगे। काशी प्रांत द्वारा इस सत्र में सदस्यता का लक्ष्य 4 लाख 53 हज़ार 359 रखा गया है। परिसर संस्कृति को पुनः जीवंत बनाने के लिए सभी शैक्षिक परिसरों में 'परिसर चलो अभियान' में 'परिसर चलो रथ' के माध्यम से विद्यार्थियों को पुनः परिसर जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभाविप की इस बैठक में कुल 61 कार्यकर्ता, जिसमें कुल 56 विद्यार्थी तथा 5 शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा परिसर संस्कृति को पुनः जीवंत करने के लिए देश के सभी शैक्षिक परिसरों में 'परिसर चलो अभियान' चलाएगी। वर्तमान परिदृश्य में परिसर जाने वाले छात्रों की संख्या में काफी कमी हुई है, जिसके चलते उनका व्यक्तित्व विकास नहीं हो पा रहा है। इसी समस्या के निवारण हेतु विभिन्न माध्यमों से अभाविप इसको चलाएगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत की प्रांत अध्यक्ष सुचिता त्रिपाठी ने कहा कि अभाविप अपनी विशिष्ट कार्यपद्धति के चलते आज विश्व की सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में उभरी है। अभाविप का विस्तार आज शैक्षिक परिसरों के साथ ही सामाजिक, खेल, पर्यावरणीय, सेवा, आदि क्षेत्रों में भी हुआ है। सभी क्षेत्रों में कार्य हेतु बैठक में व्यापक चर्चा कर उसकी योजना तैयार की गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्वी-उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने कहा कि अभाविप कार्यकर्ता निर्माण से व्यक्तित्व निर्माण के ध्येय पर कार्य करने वाला छात्र संगठन है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा की गई कार्ययोजना सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी होती हैं, जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित होता है। काशी प्रांत ने आगामी सत्र हेतु वृहद योजना बनाई गई है, जिसपर कार्यकर्ता साल भर कार्य करेंगे।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने कहा कि अभाविप के कार्यकर्ता छात्र संबंधी समस्याओं को प्रखरता से उठाते हैं तथा उसके निवारण हेतु कार्य करते हैं। बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चिंतन कर प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके प्रभावी कार्यान्वन हेतु सभी इकाई काम करेंगी। जुलाई से प्रांत में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें काशी प्रांत ने 4 लाख 53 हज़ार 359 सदस्यता का लक्ष्य रखा है।

# आईबी पर मारे गए घुसपैठिए को संभवत: इलाके की टोह लेने के लिए भेजा गया था : आईजी

एजेंसी

जम्मू। बीएसएफ के महानिरीक्षक (आईजी) डीके बूरा ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बुधवार रात मारे गए घुसपैठिए को संभवतः इलाके की टोह लेने भेजा गया था। घुसपैठिए का शव गुरुवार को मौके से बरामद किया गया है। बीएसएफ के महानिरीक्षक (आईजी) डीके बूरा ने संवाददाताओं से कहा कि सैनिकों ने बुधवार रात करीब 8:15 बजे सीमा पार से हलचल देखी। इस पर कड़ी



निगरानी रखी गई। घुसपैठिया पहले सीमा के पास पहुंचा और फिर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गया। इसके बाद जवानों के चुनौती दिए जाने के बावजूद वह आक्रामक तरीके से आगे बढ़ता रहा। दो बार और चुनौती दिए जाने के बाद भी घुसपैठिया नहीं रुका, जिस पर जवानों ने उस पर गोलियां चलाईं। इसके बाद सांबा की रीगल चौकी पर घुसपैठिए को ढेर कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठिए को इलाके की टोह लेने और सीमा पर सुरक्षा का आकलन करने के लिए भेजा गया होगा। अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल के पास तटबंध में एक दरार और एक गेट भी है, जो आमतौर पर बंद रहता है। ऐसी संभावना है कि सीमा पार से और लोग उसका पीछा कर रहे थे लेकिन वे (सैनिकों को) दिखाई नहीं दिए। अगर वह सीमा पार से घुसने में सफल हो जाता तो उसे देखने वाले अन्य लोग उसका पीछा करते। सीमा पर इस तरह की रणनीति अपनाई जाती है।

सैनिकों की सराहना करते हुए आईजी ने कहा कि हमारे सतर्क सैनिकों ने घुसपैठिए को मार गिराया। यह हमारा कर्तव्य है। इस तरह की कार्रवाई दुश्मन के मनोबल को भी कमजोर करती है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संभावित घुसपैठ की कोशिशों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने ऐसी किसी भी घटना को खारिज करते हुए कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की किसी भी कोशिश के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# राजनीतिक दल सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं का पंजीकरण बंद करें : चुनाव आयोग

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को सर्वेक्षण की आड़ में मतदाताओं का पंजीकरण बंद करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि कोई भी राजनीतिक दल लाभार्थी योजनाओं के लिए पंजीकरण नहीं कराएं। आयोग ने किसी भी लाभार्थी योजना के लिए पंजीकरण कराने को एक तरह से प्रलोभन माना है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राजनीतिक दल किसी भी माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों का पंजीकरण नहीं करा सकते। लाभार्थी योजना के लिए न तो कोई विज्ञापन दिया जा सकता है और न सर्वेक्षण ही कराया जा




सकता है। आयोग ने कहा है कि सामान्य और सामान्य चुनावी वादे स्वीकार्य हैं। इन पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन चुनाव बाद फायदा दिलाने के लिए लाभार्थी योजनाओं का सहारा लेना स्वीकार्य नहीं है। इस मामले में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर कहा है कि वे वैधानिक प्रावधानों के तहत ऐसे किसी भी विज्ञापन के खिलाफ उचित कार्रवाई करें।

# सुनहरा अवसर! ब्रह्मांड की सुंदरता दिखाएगा भारत का पहला वार्षिक अभियान 'नक्षत्र सभा', देश-दुनिया को रिझाएगा

देहरादून। खूबसूरत वादियों, हिल स्टेशन, पहाड़ों के साथ देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध उत्तराखंड को अब एस्ट्रो टूरिज्म से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने जो नई पहल की है, वह वार्षिक एस्ट्रो पर्यटन अभियान 'नक्षत्र सभा' है। यह भारत का पहला वार्षिक अभियान है। 'नक्षत्र सभा' तारों को देखने, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रो मतलब फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां प्रस्तुत करेगा, जो न केवल देश-दुनिया को रिझाएगा, बल्कि ब्रह्मांड की सुंदरता दिखाएगा और उत्तराखंड को वैश्विक एस्ट्रो टूरिज्म मानचित्र पर लाएगा। इससे रोजगार सृजन के साथ पर्यटन को उड़ान मिलेगी और उत्तराखंड की आर्थिकी भी रफ्तार पकड़ेगी। खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों का खींचेगा ध्यान, एक मंच पर दिखेगी दुनिया एस्ट्रो टूरिज्म कंपनी, स्टारस्केप्स के सहयोग से जून 2024 से जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी में शुरू होने वाली नक्षत्र सभा के लिए उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों पर एस्ट्रो टूरिज्म कार्यक्रमों की एक श्रृंखला पर्यटन विभाग ने बनाई है। इसमें विशेषज्ञों के साथ सेमिनार और वेबिनार के अलावा उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, नैनीताल, चमोली जिलों में डार्क स्काई संभावित स्थलों को कवर किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों और यात्रियों को ब्रह्मांड की सुंदरता देखने के लिए एक साथ लाना है। युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा 'नक्षत्र सभा' 'नक्षत्र सभा' अभियान स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा। इससे उनके लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। स्टारस्केप्स की टीम स्थानीय समुदायों, यात्रा और पर्यटन भागीदारों व होमस्टे समुदायों के साथ सक्रिय रूप से कार्य करेगी। साथ ही नक्षत्र सभा के सफल कार्यान्वयन करने के लिए प्रशिक्षण और निरंतर सहायता प्रदान करेगी। उत्तराखंड की अनूठी विरासत की झलक, एस्ट्रो टूरिस्ट की पसंद बनने के लिए विशिष्ट उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे ने कहा कि उत्तराखंड में एस्ट्रो टूरिज्म गंतव्यों की बहुतायत है। उत्तराखंड अपने विशाल वन क्षेत्र, प्रकृति-आधारित पर्यटन और होम स्टे के साथ एस्ट्रो टूरिस्ट की पसंद बनने के लिए विशिष्ट स्थिति में है। 'नक्षत्र सभा' अभियान उस दिशा में एक और कदम है, जो भारत में पहला एस्ट्रो टूरिज्म अभियान है। इसका उद्देश्य दुनिया भर से आगंतुकों को आमंत्रित करना है।

# चिरमिरी में ट्रेन सेवा शुरू करेंगे, जमीन का चार गुना अधिक मुआवजा भी देंगे : प्रियंका गांधी

कोरबा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा कोरबा के चिरमिरी क्षेत्र में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पर इतना हमला क्यों हुआ? क्योंकि बघेल ने आपके स्वाभिमान की बात की, इनको अच्छा नहीं लगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक मुख्यमंत्री ऐसे हैं, जो लोगों के लिए खड़े हो जाते हैं अपने प्रदेश के लिए लड़ते हैं। जनता के लिए काम किए तो इनको दबाने की कोशिश की गई। इसी तरह से जो इनके खिलाफ लड़ रहा है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले लगे। आपने इस देश के इतिहास में पहली बार ऐसा देखा होगा कि दो-दो मुख्यमंत्री चुनाव के समय जेल में डाल दिए गए। उनमें से एक आदिवासी मुख्यमंत्री हैं हेमंत सोरेन और देखिए क्या है आपका समाज उनको जेल में डाल उनकी बीवी खड़ी हो गई शान से भाषण देती है। शान से प्रचार कर रही है। कह रही है, मेरे पति अगर जेल में है कोई बात नहीं मैं लड़ूंगी और कितने सुंदर भाषण देती है। बहुत सक्षम महिला हैं और हम चाहते हैं कि आप सब उनकी तरह सक्षम बने। प्रियंका ने कहा कि विपक्ष पर हमला हो रहा है, एक तरफ विपक्ष को भ्रष्ट कहा जा रहा है तो शायद मोदी जी इकलौते नेता होंगे जो देश में मंच पर खड़े होकर कहते हैं कि मैं ही एक ईमानदार हूं जो सारी दुनिया से लड़ रहा है। कोई भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल होता है तो ईमानदार हो जाता है। चिरमिरी में ट्रेन सेवा हम शुरू करना चाहते हैं। अगली बार मैं यहां हूं तो आपके पास में किसी दूसरे माध्यम से भी पहुंच पाऊं। दूर दराज इलाके हैं किसी को मिलने जाना हो, रिश्तेदारों से मिलने जाना है तो ट्रेन से आप जा पाएं। सुविधानुसार आपकी जमीन का बाजार मूल्य से चार गुना अधिक मुआवजा हम आपको देना चाहते हैं जब आपकी जमीन ने ली जाती है।

## पेज एक का शेष

### इंडी...

कहा कि पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। यह स्वर इसलिए गूंज रहा है क्योंकि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता को सुरक्षा, सम्मान और जनहित की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ मिला है। सरकार आपकी आस्था का सम्मान करे, ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस, सपा, बसपा पर भी प्रहार करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन व बसपा ने भी इस सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा है लेकिन यह लोग विकास नहीं करा सकते, आपको सुरक्षा व सम्मान नहीं दे सकते। सपा, बसपा व कांग्रेस के लोग राम मंदिर निर्माण भी नही कर सके। यही लोग राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ा रोड़ा थे। उन्होंने कहा कि जो लोग आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, क्या आप उन्हें अपने गले का हार बनाएंगे, आज अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मथुरा में भी जितनी भी भूमि है, वह हमारे भगवान श्री कृष्ण की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और आस्था को सम्मान देने वाली सरकार है तो वही दूसरी तरफ सपा व कांग्रेस के लोग हैं जो आप पर विरासत कर लगाने की बात कर रहे है। मुख्यमंत्री ने जजिया कर का जिक्र करते हुए कहा कि आधी प्रॉपर्टी पर जबरन कब्जा ये देश स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं कि पिछड़े व अनुसूचित जाति के लोगों का आरक्षण का हिस्सा काटकर मुस्लिमो को देंगे। इसे देश स्वीकार नहीं कर सकता। आज देश में आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त हुआ है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आज यदि पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है। यह नया भारत है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1970 में नारा दिया था गरीबी हटाओ। गरीबी नहीं हटी। 54 वर्ष बाद उनका नाती नारा दे रहा है कि गरीबी हटाएंगे। कैसे हटाएंगे, दादी के नारे को पोता तोता की तरह रट रहा है। जब देश पर कोई संकट आता है तो राहुल गांधी देश छोड़कर भाग जाते हैं। कांग्रेस के समय में गरीबों को मिलने वाली योजनाओं में सेंधमारी होती थी लेकिन आज किसान सम्मान निधि हो या कोई अन्य योजना सीधे लाभार्थी के खाते में पैसा जाता है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर नए भारत को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है। कांग्रेस, सपा व बसपा के लोग आपको सुरक्षा नहीं दे पाए लेकिन आज माफिया और अपराधियों की राम नाम सत्य हो रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा सुरक्षा नहीं दे सकते। सुशासन नहीं दे सकते। विकास नहीं करा सकते। गरीब कल्याणकारी योजनाएं नहीं दे सकते। फिर ऐसे बोझ को ढोने से क्या फायदा। कांग्रेस कहती है अल्पसंख्यकों को मनमाना खाने को देंगे। कुछ लोग गो हत्या को बढ़ाने का काम करेंगे। आने वाली पीढ़ियां कोसेंगी। इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा है। आपको सावधान करने आया हूं। हमने फिरोजाबाद के कांच उद्योग को वैश्विक मंच पर मान्यता दिलाई है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आगामी 7 मई को भाजपा उम्मीदवार ठॉ. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान पर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आव्हान किया।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो. एस पी सिंह बघेल ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, सपा, बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज, सांसद चंद्रसेन जादौन, बाबूराम निषाद, महापौर कामिनी राठौर, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, विधायक मनीष असीजा, प्रेमपाल धनगर, पूर्व विधायक हरिओम यादव आदि मौजूद रहे।

### योगी ...

राम और शिव अलग-अलग नहीं हैं। कांग्रेस लगातार सनातन को अपमानित करती है। भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करना कांग्रेस की प्रवृत्ति है। खड़गे को कांग्रेसी संस्कार में जो प्राप्त हुआ है वही बात वे अपने भाषणों में कह रहे हैं। यह सब कांग्रेस के पतन की नई शुरुआत है। कांग्रेस का लोग विसर्जन करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि खड़गे ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में भगवान शिव और राम को लेकर अपनी टिप्पणी की थी। खड़गे ने कांग्रेस उम्मीदवार शिवकुमार डहरिया की तुलना भगवान शिव से की। उन्होंने कहा था कि डहरिया राम के साथ समान रूप से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, क्योंकि 'वह शिव हैं'। उन्होंने कहा कि मेरा नाम भी मल्लिकार्जुन है, यानी मैं भी शिव हूं। आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन नाम का एक ज्योतिर्लिंग भी है। उनके भगवान राम और शिव पर दिए इस बयान ने सियासी तूल पकड़ लिया है।

### मैनपुरी...

मैनपुरी वासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ पर खड़े योगी आदित्यनाथ पर फूलों की खूब वर्षा की। 'आएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी ही' गीत पर युवा थिरकते रहे। जो बच्चे वोट नहीं दे सकते, उनमें भी योगी आदित्यनाथ के प्रति दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही थी। महिलाएं छत से कहीं हाथ जोड़े खड़े रहीं तो कहीं फूलों की वर्षा करती रहीं। सीएम योगी जिस पर सवार थे, न सिर्फ वह वाहन भगवा दिखा और गेंदा के फूलों से सजा रहा, बल्कि रोड शो के दौरान सड़कों पर भी भाजपा और भगवा झंडा फहरता रहा। 'योगी को जयश्रीराम' के नारों से उप्र के मुख्यमंत्री का मैनपुरी ने अपने बीच अभूतपूर्व स्वागत किया। रथ पर मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह, योगी सरकार के मंत्री संदीप सिंह आदि शामिल रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रहा है। सपा-कांग्रेस का गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर ढकेलने की साजिश का हिस्सा है। यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के आरक्षण के अधिकार पर सेंध लगाकर अल्पसंख्यकों को देने की साजिश कर रहे हैं। देश के अंदर मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए कांग्रेस गोहत्या को प्रश्रय देने की कुत्सित चेष्टा भी कर रही है। सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़। आस्था का सम्मान करने वाला सच्चा भारतीय इसे कतई सफल नहीं होने देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन श्रीराम व प्रदेश के विकास के लिए समर्पित था। उनके निधन पर सपा ने संवेदना के एक शब्द भी नहीं व्यक्त किए थे। वहीं मुलायम सिंह के निधन पर मैं उनके घर गया था। पीएम मोदी ने संवेदना व्यक्त की थी। जो सपा बाबू कल्याण सिंह का अपमान करती हो, आस्था से खिलवाड़ करती हो, ऐसी परिवारवादी समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए।

### प्रधानमंत्री...

महिलाओं ने भी मोदी के स्वागत करने की इच्छा जाहिर की है अतः उनके लिए भी अलग ब्लॉक बनाया जायेगा।

इसके आलावा शहर के साधु, संत, मठ मंदिरों के धर्माचार्य, धार्मिक संस्थाओं, संगठनों, रामकृष्ण मिशन, गायत्री मिशन, इस्कॉन मंदिर, ईसाई मिशनरियों के प्रमुख, चिकित्सक, इंजीनियर प्रोफ़ेसर, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यापारी, कला जगत से जुड़े लोग, सिख समाज, जैन समाज, ईसाई समाज सहित अन्य कई समाज एवं वर्गों के लोग, अल्पसंख्यक समाज, अनुसूचित, पिछड़े वर्ग,पूर्व सैनिक, फर्स्ट टाइम वोटर सभी के लिए अलग अलग ब्लॉक बनाए जायेंगे। इन ब्लॉकों में अलग-अलग समुदाय एवं वर्ग के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में मोदी का स्वागत करेंगे।

इस दौरान विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी अरुण पाठक, रघुनंदन भदौरिया, लोकसभा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री...

बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे। यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए। उन्होंने कहा कि रूड़ी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं। इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए अब तक आपने जिताया है तो फिर मौक़ा दीजिए। इससे पहले सारण के सांसद और इस सीट से भाजपा उम्मीदवार रूड़ी ने अपना नामांकन दाखिल किया। पत्नी और दोनों बेटियों के साथ वो समाहरणालय पहुंचे। नामांकन के लिए निकलने से पहले उन्होंने घर में पूजा-अर्चना की।

### भाजपा...

गांधी के मुकाबले लोकसभा का चुनाव लड़ा। वहीं, बृजभूषण सिंह महिला पहलवानों के आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिस कारण उनका टिकट कटा है।

### महाराष्ट्र...

को संतुष्ट करने के लिए कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए वह गुमराह कर रहे हैं। मोदी के भाषण में 3-4 वाक्य हैं जो किसी के द्वारा लिखे गए हैं। स्थानीय मुद्दों के साथ अपना भाषण शुरू करना मोदी की शैली है लेकिन भाषण सिर्फ मुख्य मुद्दों से मतदाताओं को भटकाने वाला रहता है। भाषण में महंगाई, बेरोजगारी को छुआ तक नहीं किया जा रहा है। शरद पवार ने कहा कि हमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है कि क्यों लोग उदासीन हैं। हमें यह देखना होगा कि क्या यह मौसम का प्रभाव है। शरद पवार ने कहा कि देश की जनता सुजान है और वह इन सब बारीकियों को समझ रही है। चार जून को परिणाम अनपेक्षित रहने वाले हैं।

### भ्रष्टाचारियों....

लालू यादव कंग्रेस नेता राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। ये कैसी जुगलबंदी है। लालू यादव ने कभी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ हुए जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस-राजद वाले कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठा रहे थे। ये लोग लोगों को गुमराह करते रहे और खुद चुपचाप जाकर वैक्सीन लगवा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश के आम जनों की सेवा की है। अररिया में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। ये मुझे आश्वस्त कर रहा है कि आपने प्रदीप सिंह को तीसरी बार सांसद बनाने का फैसला कर लिया है। इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने कहा कि वह दो बार से सांसद हूं। अररिया में 400 पुल, 1000 किमी रोड बनवाया है। आज भी किराए के गर में रहता हूं। अररिया में ढाई लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाए हैं। उन्होंने लोगों से एक बार फिर भाजपा को जिताने की अपील की।

### सनातन ...

टिकट दे दिए। सपा के शासन में पूरे उत्तर प्रदेश में कट्टे बनाने के कारखाने थे। आज मिसाइल व बम बनाने के कारखाने लगे हैं। गृहमंत्री ने कहा कि यहां पर वाहन चोरी का कुटीर उद्योग चलता था,आज भाजपा के शासन में वाहन बनाने का फैक्ट्रियां लग रही हैं। यहां के बेरोजगार युवा चेन स्नेचिंग कर रहे थे, आज यूपी में मेडिकल डिवाइस बन रही हैं। सपा के राज में पश्चिमी यूपी से पलायन होता था। योगी जी के राज में पलायन तो हो रहा है, लेकिन निर्दोष लोगों का नहीं, गुंडों का। 2010 और 2012 में बरेली में भीषण दंगे हुए, लेकिन कांग्रेस और सपा वाले बरेली वालों के साथ नहीं थे।

उन्होंने कहा कि 2017 में आपने भाजपा की सरकार बनाई और भाजपा ने योगी जी को मुख्यमंत्री बनाया। इतने कम समय के अंदर योगी जी ने यूपी को दंगामुक्त कर दिया।

अमित शाह ने कहा कि 10 वर्ष के अंदर, मोदी जी ने पूरे देश के गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया है। 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति, प्रति माह मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 12 करोड़ गरीब माताओं के लिए शौचालय बनाकर, उनके सम्मान की रक्षा की। 4 करोड़ गरीबों को पक्का घर बनाकर दिया। 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया। 14 करोड़ घरों को नल से जल दिया।

जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी,जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष गंगवार और वन मंत्री डा.अरूण कुमार सक्सेना ने संबोधित किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी संतोष सिंह,एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी,मंत्री कपिल देव अग्रवाल,विधायक एम.पी.आर्या, विधायक संजीव अग्रवाल,विधायक डी.सी.वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल,मेयर उमेश गौतम,जिलाध्यक्ष पवन शर्मा व महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना उपस्थित रहे।

### कांग्रेस...

उनके स्थान पर विराजा है।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर ही नहीं, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को भी अब तरीके से बनवाया है महाकाल के दरबार को सजाया है। सोमनाथ मंदिर भी सोने का बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धा के केंन्दों को हमेशा प्राथमिकता दी है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल की दादी इंदिरा गांधी कहकर गई थीं कि गरीबी हटाओ, लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनने के बाद 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन मुफ्त देने का काम मोदी ने किया। 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाए, घर बनाए, लाभार्थियों को जिला गैस कनेक्शन दिया गया है । 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड 70 साल से ऊपर के लोगों के इलाज के लिए 5 लख रुपए का भी इंतजाम किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि राजस्थान व यूपी वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना। तब मैं कहता हूं कि खडगे साहब आप 80 पार गए लेकिन ये नहीं जानते कि बदायूं ही देश का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने को बैठा है। 70 साल से कांग्रेस धारा 370 संभाले बैठे थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के धारा 370 को समाप्त किया गया। जब मैं और हमारी भाजपा सरकार इस बिल को लेकर खड़े हुए तो राहुल गांधी और अखिलेश यादव कहते थे कि वहां खून की नदियां बह जाएंगी। पांच साल हो गए लेकिन वहां खून की नदियां छोड़ो, कंकड़ तक चलाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। जिस लालचौक पर कोई जा नहीं सकता था, वहां जन्माष्टमी का जुलूस निकला है। 10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार चली, सपा-बसपा का समर्थन था, आए दिन पाकिस्तान से आलिया मालिया आते थे, बम चलाकर चले जाते थे, लेकिन कोई नहीं बोलता था, ताकि वोट बैंक नाराज न हो जाए। उरी व पुलवामा में हमला हुआ तो पाकिस्तान भूल गया था कि प्रधानमंत्री मनमोहन नहीं, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

अमित शाह ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पहले उत्तर प्रदेश में अवैध असलहा बनाने का काम किया जाता था, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद से अब तोपें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यूपी की टॉप का गोला पाकिस्तान में गिरेगा तो पता लगेगा कैसा है यूपी का गोला। उत्तर प्रदेश में पहले की सरकारों में वाहन चोरी हुआ करते थे लेकिन अब वहां बनाने की फैक्ट्रियां लगाई जा रही हैं। यह बदलाव हमारी सरकार में संभव हो पाया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता, के अलावा सभी विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हिंदुओं...

थी, बंटवारा कर दिया। विकास करना था, देश को लूट लिया। अब एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का हक धर्म के आधार पर मुसलमानों को डिलीवर करने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने इस संबंध में कर्नाटक सरकार में मुसलमानों को ओबीसी में शामिल करने की बात बताई। मोदी ने कंग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप बताई।

कंग्रेस के सरकार में रहने से देश की सुरक्षा दांव पर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जूनागढ़ की सभा में कहा कि कंग्रेस के मन में गुजरात के प्रति नफरत है। अगर कंग्रेस सत्ता में आती है तो देश और गुजरात के लिए खतरनाक स्थिति पैदा हो सकती है। भारत सरकार के पास देश में द्वीपों के बारे में जानकारी नहीं थी। केन्द्र में उनकी पार्टी की सरकार आने के बाद सेटेलाइट से इसका सर्वे कराया गया। देश के आसपास 1300 से अधिक द्वीप है। इसमें कई द्वीप तो सिंगापुर से भी बड़े हैं। वे इन द्वीपों के विकसित करने का काम करेंगे। कंग्रेस का चलता तो वे हिमालय का भी सौदा कर सकते थे। मोदी ने कहा कि कंग्रेस जब तक सत्ता में रही, देश की सुरक्षा दांव पर लगी थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को चौथी सभा जामनगर में हुई। यहां पीएम मोदी ने जाम नगर के पूर्व महाराजा जामसाहेब से मुलाकात की। सभा में इसका उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जामसाहेब ने उन्हें पगड़ी पहनाकर आशीर्वाद दिया है। उनके पगड़ी पहनाने के बाद कुछ बाकी नहीं रह जाता है। जाम साहेब का प्रेम उनके लिए महत्वपूर्ण है। जाम साहेब यदि विजयी भव कहते हैं तो विजय निश्चित हो जाती है। जामनगर के प्रदर्शन मैदान में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रजवाड़ों ने बलिदान दिया है, इसे ध्यान में रखते हुए एक विशाल प्रदर्शनी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कंग्रेस की राजनीति कुप्रचार से शुरू हुई कुंठा की राजनीति देश की प्रगति को लेकर कुंठा-नफरत कंग्रेस के दिल में भरी है। विदेश में भी वे लोग जाकर देश और विकास के विरुद्ध बयान देते हैं।

वहीं जामनगर के विकास कार्य की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि जामनगर में ऐसा रेलवे स्टेशन बना है जिसे देखकर लोग हवाईअड्डा भूल जाते हैं। जामनगर के सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। कृषि के क्षेत्र में प्रगति हुई। छोटा-बड़ा व्यापार कर जीविका चलाने वाला गुजरात आज औद्योगिक राज्य बन चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में गुजरात में विमान भी बनने लगेंगे। इलेक्ट्रिक व्हीकल से लेकर सेमिकंडक्टर, चिप और ग्रीन हाइड्रोजन भी गुजरात में बनेंगे।

### बृजभूषण ...

सिंह को पहले ही मिला था आश्वासन

भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से बृजभूषण शरण सिंह को यह आश्वासन मिला था कि टिकट नहीं काटा जायेगा। इसलिए वह अपनी रणनीति के अनुसार चुनाव प्रचार कर रहे थे। हालांकि पहले भी भाजपा की ओर से उनके स्थान पर परिवार के किसी अन्य सदस्य को टिकट देने की बात हुई थी लेकिन बृजभूषण सिंह ने इसे मानने से इनकार कर दिया था।

# चारधाम यात्रा की अंतिम तैयारियों को परखने के लिए राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आगामी चारधाम यात्रा की अंतिम तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज चल रही है। इस दौरान देहरादून सहित प्रदेश भर में मॉक अभ्यास के तहत रेस्क्यू किया जा रहा है। सचिवालय स्थित यूएसडीएमए कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से राज्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस दौरान आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा सहित तमाम अधिकारीगण उपस्थित हैं। यात्रा मार्ग में पड़ने वाले गढ़वाल मंडल के सभी जिलों में मॉक एक्सरसाइज चल रही है। मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान देहरादून में भूकंप की सूचना पर आपदा कंट्रोल रूम से सभी तहसील व पुलिस थानों में अलर्ट किया गया। प्रातः 9:30 बजे 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। आपदा कंट्रोल रूम पर प्रातः 09:45 बजे कॉल प्राप्त हुई कि भूकंप से जीजीआईसी राजपुर रोड स्थित भवन क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त भवन में बच्चों के फंसे होने की सूचना है। सूचना पर कंट्रोलरूम में अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। कंट्रोल रूम से संबंधित अधिकारियों को सूचना भेजी गई। उप जिलाधिकारी सदर घटना स्थल पर पहुंचे। टीमों को निर्देशित करते अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा की देखरेख में जीजीआईसी राजपुर में रेस्क्यू जारी है। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान घटनास्थल पर उपस्थित होकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा ले रही हैं। इसके अलावा आपदा कंट्रोल रूम देहरादून में प्रातः 10:17 बजे दून चिकित्सालय में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के बाद फायर टीम मौके पहुंची और आग पर काबू पा लिया। इसी तरह प्रातः 10:29 बजे पुरकूल मालसी रोड पर लैंडस्लाइड की सूचना मिलते ही टीम को जेसीबी मशीन के साथ रवाना किया गया। लो.नि.वि. की ओर से घटना स्थल पर जेसीबी मशीन रवाना कर दी गयी। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।






# भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस शासित कर्नाटक में मुस्लिमों को ओबीसी के आरक्षण के संदर्भ में मौर्य ने कहा कि कांग्रेस धर्म, जाति आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।

बेबी रानी मौर्य ने भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस देश की जनता को यह लिखित में यह बताये कि आईएनडीआईए धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जामिया मिलिया विश्वविद्यालय में एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण क्यों खत्म किया? इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को लेकर धर्म आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।

मौर्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं किया है लेकिन विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के नेता एसी, एसटी, ओबीसी के हक का आरक्षण छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डॉ. अंबेडकर के सपनों को आज पूरा कर रहे हैं।

# जिहादियों के षड्यंत्रों पर मुस्लिम संस्थाओं व सेक्युलर ब्रिगेड की चुप्पी खतरनाक : विहिप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने जिहाद के नए-नए प्रकार और जिहादियों के नित नए षडयंत्रों पर सेकुलर ब्रिगेड और मुस्लिम संस्थाओं की चुप्पी को देश के लिए खतरनाक बताया है। परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अखिल भारतीय प्रचार प्रसार प्रमुख विजय शंकर तिवारी ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वोट जिहाद के नाम पर वोट मांगना लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत हैं। इस्लामिक नारों के साथ जिहादियों द्वारा देश की राजधानी के शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों को आतंकित करने के लिए बम विस्फोट की धमकी वाला 178 स्कूलों को मेल किया गया था जिससे पूरे दिन न सिर्फ राजधानी दिल्ली को बल्कि पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। हजारों बच्चे और उनके अभिभावक, विद्यालयों के अध्यापक, कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन व शासन भी पूरे दिन एक गंभीर ट्रॉमा का शिकार हुए।

उन्होंने कहा कि इस धमकी वाले मेल की भाषा को अगर देखें तो स्पष्ट होता है की अल्लाह के नाम पर जिस तरह का जिहाद करने की बात कही गई वह इस्लाम के नाम पर मानवीय जीवन मूल्यों की हत्या से बढ़कर है। गंभीर बात यह भी है कि इन दोनों घटनाओं के ऊपर किसी भी मुस्लिम संस्था या सेकुलर ब्रिगेड के किसी नेता द्वारा निंदा के दो शब्द तक नहीं कहे गये जो कि एक सभ्य समाज के लिए एक खतर का सूचक है। तिवारी ने पिछले कुछ दिनों में जिहादियों द्वारा की गईं अनेक नृशंस हत्याओं का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि दिल्ली के जहांगीर पुरी में हमारी शोभायात्राओं को तो रोक दिया जाता है, हिंदू महिला के साथ बर्बरता होती है, उदयपुर के कन्हैया की गला काट कर हत्या की जाती है। हाल ही में मुंबई में एक बहन की हत्या हो या फिर कर्नाटक में कंग्रेसी नेता की बेटी नेहा की नृशंस हत्या, इन सब घटनाओं से लगातार उनका पाशविक चेहरा सामने आ रहा है। हमास के अत्याचार और बर्बरता की कहानी भी सब ने सुनी है लेकिन, उस पर आज तक किसी मुस्लिम उलेमा या उनकी संस्था द्वारा कोई निंदा के दो शब्द क्यों नहीं निकले। उन्होंने कहा कि बात सिर्फ कांग्रेस-सपा के द्वारा संयुक्त रूप से वोट जिहाद की ही नहीं अपितु, कांग्रेस के कद्दावर नेता व पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री के साथ उनके अनेक साथी वरिष्ठ वकीलों द्वारा आतंकवादियों व देश द्रोहियों के केस कोर्ट में लड़ने वालों की भी एक लंबी शृंखला है। वोट जिहाद का नारा भी एक सभ्य समाज के लिए व लोकतंत्र के लिए एक बड़े खतरे का संकेत देता है। विहिप नेता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सभी प्रकार के हिंसा व आतंक फैलाने से जुड़ी जिहादी घटनाओं की निंदा करते हुए भारतीय समाज से आह्वान करती है कि वह ऐसे देशद्रोही व जिहादियों के झांसे में ना आए और ना ही उनके किसी प्रकार के दबाव को स्वीकार करें।

देश का चुनाव आयोग लोकतंत्र के इस महापर्व के सफल आयोजन के लिए जुटा ही है, हिंदू समाज को भी इन लोगों के घृणित षड्यंत्रों को बेनकाब करते हुए हिंदू हित में शत प्रतिशत मतदान की ओर बढ़ाना होगा।

# बलिदानी मेजर प्रणय नेगी का सैन्य सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बलिदानी मेजर प्रणय नेगी का गुरुवार को खड़खड़ी स्थित शमशान घाट पर वैदिक विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने बलिदानी प्रणय नेगी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। डोईवाला के भानियावाला के रहने वाले 36 वर्षीय मेजर प्रणय नेगी 94 मीडियम रेजिमेंट में लेह में तैनात थे। 29 अप्रैल की रात को लेह में अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन हो गया था। आज मेजर प्रणव नेगी का पार्थिव शरीर भानियावाला स्थित आवास पर पहुंचा। इस दौरान सैकड़ों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।मेजर को अंतिम विदाई देने के लिए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, डोईवाला विधायक ब्रज भूषण गैरोला के साथ ही ग्रामीणों ने नम आंखों से मेजर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हरिद्वार के खड़खड़ी स्थित श्मशान घाट पर उनका शव लाया गया, जहां उनका सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। प्रणव नेगी 2013 में आईएमए से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। मेजर प्रणव के दादा भी फौज में थे।

## बलिदानी प्रणय नेगी को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने दी श्रद्धांजलि




हरिद्वार। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को हरिद्वार पहुंचकर भानियावाला निवासी बलिदानी मेजर प्रणय नेगी के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। राजकीय सम्मान के साथ प्रणय नेगी को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने परिवारजनों को ढांढस बंधाया और अपनी सवेदनएं व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिया। 37 वर्षीय मेजर प्रणय नेगी जम्मू कश्मीर के लेह में तैनात थे। बीते सोमवार की रात्रि को पोस्ट पर तैनाती के दौरान मेजर नेगी का स्वास्थ्य बिगड़ने पर निधन हो गया था। मेजर नेगी मूल रूप से थाती डागर कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल जनपद के निवासी हैं। मेजर प्रणय नेगी ने मसूरी के सेंट जोर्ज स्कूल में शिक्षा प्राप्त की थी। जहां उन्हें बेस्ट स्टूडेंट के रूप में राष्ट्रपति ने सम्मानित भी किया था। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पंवार, बलिदानी नेगी के परिजन, सैन्य अधिकारीगण एवं कई संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राजपाल लेघा को भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

देहरादून। उत्तराखंड शासन के औद्योगिक विकास के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह ने राजपाल लेघा को भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया है। कार्यालय विज्ञप्ति में कहा गया है कि भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यरत निदेशक एसएल पेट्रिक को शासन के आदेश के बाद निलंबित किए जाने के बाद राजपाल लेघा अपर निदेशक को निदेशक भू-तत्व खनिकर्म के पदीय कर्तव्यों का प्रभार अग्रिम आदेशों तक अतिरिक्त रूप से प्रदान किया जाता है। शासनदेश में अपर सचिव लक्ष्मण सिंह की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इस अतिरिक्त प्रभार के लिए अपर निदेशक को कोई अतिरिक्त भत्ता नहीं दिया जाएगा। उनसे कहा गया है कि वह अपने मूल कर्तव्यों के साथ उत्तराखंड के निदेशक के कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

# दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी हटाए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश के बाद दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर इनकी नियुक्ति की थी। डीसीडब्ल्यू के आदेश की कापी गुरुवार को एक्स पर साझा की गई। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन उप राज्यपाल की मंजूरी के बिना 223 नए पद बना दि गए हैं। आयोग के पास संविदा पर कर्मचारियों को नियुक्त करने का अधिकार नहीं है। उधर, इस फैसले की मालीवाल ने कड़ी आलोचना की है। मालीवाल ने कहा कि उप राज्यपाल ने दिल्ली महिला आयोग में ठेके पर रखे गए सभी कर्मियों को हटा दिया है। आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ 8 लोग सरकार द्वारा दिए गए हैं, शेष कर्मचारी 3-3 माह के ठेके पर हैं। ठेके पर रखे सभी कर्मचारियों को हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग में ताला लग जाएगा। मालीवाल ने कहा है कि वह महिला आयोग बंद नहीं होने देंगी, चाहे उन्हें जेल में डाल दे।

# वनाग्नि की घटनाओं को रोकने लिए वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार जुटे हुए हैं : नरेश कुमार

ऋषिकेश। उत्तराखंड वन विभाग के गढ़वाल प्रमुख नरेश कुमार ने गुरुवार को ऋषिकेश लीसा डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लिसा डिपो में संतोषजनक स्थिति पाई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि बदलते मौसम के कारण इस वर्ष जंगलों में वनाग्नि की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। उसके बावजूद भी वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इन घटनाओं पर काबू पाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तराखंड में 28000 एकड़ भू भाग में जंगल है जहां तीन सौ से अधिक घटनाएं हुई हैं, जिसमें से 90 प्रतिशत घटनाओं पर काबू किया गया है। इसी के साथ हम स्थानीय संस्थाओं के साथ मिलकर अभियान चला रहे हैं, जिसके चलते आग लगाने वाले 37 लोगों को पकड़ा गया है, जिनमें सभी नौजवान लड़के हैं। इनकी मानसिक स्थिति के बारे में पता किया जा रहा है। इसी के साथ बड़ी संख्या में मुकदमें भी दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों द्वारा खेतों में आग लगाई जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। उनका कहना था कि आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए जंगलों में नमी बढ़ाए जाने का कार्य किया जा रहा है। अग्निकांड को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के बाद कुछ गलत खबरें चलाई जा रही हैं, जिसका लोगों में गलत प्रभाव जा रहा है। उन्होंने कहा कि जंगली जीव-जंतुओं को बचाने का अभियान भी चल रहा है। वन विभाग द्वारा जंगलों की निगरानी के लिए आठ जगह सैटेलाइट की सहायता ली जा रही है, जो कि सूचना देने में ज्यादा प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों को बचाए जाने के लिए जो सहयोग करेगा उनको पुरस्कृत किया जाएगा।

# खाई में गिरे युवक को फायर कर्मियों ने बचाया

लोहाघाट। खाई में गिरे एक युवक के लिए फायर ब्रिगेड की टीम देवदूत बनकर आई। फायर कर्मियों ने रात के अंधेरे में कड़ी मशक्कत के बाद युवक को खाई से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। इससे युवक की जान बच गई। लोहाघाट ब्लॉक के ईड़ाकोट क्षेत्र में बुधवार देर रात एक युवक फिसल कर 500 फीट गहरी खाई में जा गिरा। आपातकालीन नंबर 112 से मिली सूचना पर लोहाघाट से फायर कर्मी एफएसएसओ चंदन राम के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचे। गुरुवार को एफएसएसओ चंदन राम ने बताया कि लोहाघाट का रहने वाला रवि नाम का युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने ईड़ाकोट क्षेत्र में गया था, तभी वह फिसल कर 500 फीट नीचे लोहावती नदी के किनारे जा गिरा। उन्होंने बताया कि सूचना पर फायर टीम मौके पर पहुंची तथा गहरे अंधेरे में टोर्च की मदद से फायर टीम बड़ी मुश्किल से गहरी खाई में उतरी और घायल युवक को स्ट्रेचर व रस्सी की मदद से करीब एक घंटे के कठिन रेस्क्यू के बाद सुरक्षित बाहर निकाला और लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# गुरुद्वारा श्री बाबा बकाला साहिब में पहुंचा अमृतपाल सिंह का परिवार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पंजाब। अमृतपाल सिंह के परिवार ने आज गुरुद्वारा नौवें पातशाह बाबा बकाला साहिब में मथा टेका है।उनके साथ ही शिरोमणि अकाली दल अमृतसर के स्थानीय नेता तथा इलाके के लोग भी शामिल थे। चुनाव प्रक्रिया अमृतपाल सिंह के परिवार द्वारा शुरू हो चुकी है, जिसके चलते परिवार ने कल श्री अकाल तख्त साहिब में तथा गुरुद्वारा पांचवे पातशाह श्री दरबार साहिब में सिर नवाया था। जानकारी के अनुसार अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह और माता बलविंदर कौर गुरु साहिब का शुक्रिया अदा करने और उनका आशीर्वाद लेने आए थे तथा गुरुद्वारा गुरदर्शन प्रकाश दमदमी टकसाल में भी आशीर्वाद लेगें। उन्होंने आगे बताया कि कल से चुनाव अभियान शुरू हो जाएगा जिसके चलते वह संगत से मुलाकात करेंगें। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें बीबी परमजीत कौर खालड़ा का पूरा समर्थन मिल रहा है। पंथक सीट की बात करने पर उन्होंने कहा कि उनका मुकाबला सभी के साथ-साथ सरकार के साथ भी है तथा जिस संगत की तरफ से अमृतपाल सिंह आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, उन्हें उस संगठन पर पूरा विश्वास है।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## मुख्य सचिव ने कहा- श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रुद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरुवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंच पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण प्रगति और गुणवत्ता परखी। साथ ही कार्य की रफ्तार बढ़ाकर 10 मई को श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी अनिवार्य कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त मजदूर एवं संसाधन का उपयोग करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे गुरुवार सुबह हेलीकॉप्टर से केदारनाथ हेलीपैड पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, आस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेते हुए तय समय से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आस्था पथ एवं वाटर एटीएम सहित अन्य अनिवार्य कार्यों पर अतिरिक्त मजदूर लगाने के साथ यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी को अधिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण कार्यों में इस्तेमाल हो रही सामग्री में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने और यात्रा सुगम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। श्रीकेदारनाथ के बाद मुख्य सचिव हेलीकॉप्टर से श्रीबद्रीनाथ पहुंची, जहां पर्यटन विभाग के मुख्य सचिव भास्कर खुल्बे, डीजीपी अभिनव कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों से वार्ता करते हुए अधिकारियों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिस विभाग के लिए केदारनाथ में तैयार हो रहे भवन एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित संस्थाओं को ससमय गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता आठवां वृत्त लोनिवि टिहरी मुकेश परमार, डीडीएमए विनय झिंक्वाण, सहायक अभियंता लोनिवि राजविंद्र सिंह, मनीष, अजय थपलियाल आदि थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063